www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-171 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





लाड़ली बहना योजना सिर्फ छलावा : कमलनाथ 02
■ राजधानी की सफाई व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं...
■ भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में है महिलाओं का ... 03
■ विश्व मंच पर अकेले पड़ गए ट्रूडो
■ लीबिया में बाढ़ के कारण 64 फिलिस्तीनियों की मौत 07
वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आएंगी अभिनेत्री... 10

एशियन गेम्स



## दूसरे दिन भारत को दो स्वर्ण

### निशानेबाजी और क्रिकेट टीम ने दिलाया सोना



**हांगझोऊ,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। 19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्द्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने श्रीलंका को 19 रन से शिकस्त दी।

# जातीय जनगणना से देश को फायदा होगा : राहुल

■ कांग्रेस नेता ने कहा, जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे

■ देश को चला रहे 90 सचिवों में केवल 3 ही ओबीसी वर्ग से

■ कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों व भाजपा का उद्योगपतियों के साथ



एक बार आंकड़ा आ जाएगा तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है। सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**बिलासपुर,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के परसदा (सकरी) में राहुल गांधी ने जातीय जनगणना को हिंदुस्तान का एक्सरे बताया। कांग्रेस नेता ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के हितग्राहियों को राशि का वितरण करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा इससे पता लग जाएगा कि देश में ओबीसी कितने हैं। आदिवासी कितने हैं। सामान्य वर्ग से कितने हैं। एक बार आंकड़ा आ जाएगा तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है। सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी। जातीय जनगणना से देश को फायदा होगा। राहुल गांधी ने आगे कहा कि देश को 90 सचिव चला रहे हैं, यही लोग योजनाएं बनाते हैं, इनमें महज तीन ही ओबीसी वर्ग से हैं। उन्होंने केंद्र सरकार को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों के लिए और भाजपा का उद्योगपतियों के लिए चलता है।

### राहुल ने ट्रेन से किया सफर

राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 किलोमीटर तक का सफर किया। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार होकर रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। राहुल ट्रेन में घूम-घूमकर लोगों से मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

स्लीपर कोच में बिलासपुर से रायपुर पहुंचे

भोपाल में कांग्रेस पर बरसे मोदी

## कांग्रेस के पास भविष्य की कोई सोच नहीं



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और उसे जंग लगा लोहा तक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने लाखों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कांग्रेस की रीति नीति पर जमकर हमले बोले और कहा कि कांग्रेस के पास भविष्य की कोई सोच नहीं है, वह तो विकास से जुड़ी परियोजना की आलोचना में भी पीछे नहीं रहती।

सार संक्षेप

### चंद्रबाबू की याचिका पर शीघ्र सुनवाई पर फैसला आज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की उनकी गुहार ठुकराते हुए उनसे मंगलवार को फिर इसे विशेष उल्लेख के दौरान उठाने को कहा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'विशेष उल्लेख' के लिए सूचीबद्ध मामलों में श्री नायडू का मामला शामिल नहीं होने के कारण उनकी याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर गौर करने से इनकार कर दिया।

### पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल पर केस दर्ज



**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितता के आरोप में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज पर भी केस दर्ज किया गया है।

### भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की



**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबथी को पुडुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

उप्र के स्कूल में छात्र को पिटवाने की घटना पर बोला सुप्रीम कोर्ट

## सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए

### स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाया



■ जांच की निगरानी के लिए आईपीएस अधिकारी को करें तैनात

■ शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में देरी पर भी आपत्ति जताई

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा झकझोर देनी चाहिए। पीठ ने एक छात्र को दी गई यह सजा 'सबसे खराब शारीरिक सजा' हो सकती है। अदालत ने प्रथम दृष्टया राज्य सरकार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम और उन नियमों के अनुपालन में विफल पाया, जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न और धर्म और जाति के आधार पर उनके भेदभाव को रोकते हैं। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, 'हम हमेशा यह स्वत: संज्ञान ले सकते हैं, क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 21ए (शिक्षा का अधिकार) का सीधा उल्लंघन है।' पीठ ने सरकार की इस दलील खारिज कर दी कि तुषार गांधी द्वारा दायर याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह महात्मा गांधी के परपोते हैं। शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में हुई लंबी देरी और तरीके पर भी गंभीर आपत्ति जताई।

सरकार का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जब कहा कि सांप्रदायिक पहलू को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। इस पर पीठ ने उनसे पूछा, यह बहुत गंभीर मामला है।

## अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा



■ सर्वसम्मति से पार्टी ने प्रस्ताव किया पास

■ अपने नेताओं पर टिप्पणी से थी नाराजगी

**चेन्नई,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए गठबंधन से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व लगातार पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कैडर के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने कहा था कि उनका भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और गठबंधन को लेकर चुनाव के समय विचार किया जाएगा। एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने यह बयान दिया था। उन्होंने साफ किया था कि यह उनका निजी बयान नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी का स्टैंड है।

### अन्नादुरई, जयललिता की आलोचना की थी

डी जयकुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के दिग्गज नेता सीएन अन्नादुरई की आलोचना की और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके नेताओं के खिलाफ भी बयानबाजी की और दिवंगत पूर्व सीएम जे जयललिता की भी आलोचना की थी। एआईएडीएमके ने इस पर भी आपत्ति जताई थी। डी जयकुमार ने ये भी कहा था कि अन्नामलाई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

मध्य प्रदेश चुनाव के लिए भाजपा की दूसरी सूची जारी

## नरेंद्र तोमर, प्रहलाद पटेल व फग्गन सिंह को भी टिकट





39 उम्मीदवारों की सूची में 3 केंद्रीय मंत्रियों को दिया गया टिकट

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस बार पार्टी ने 39 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है, वहीं, भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को भी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते को भी मैदान में उतारा है।

भाजपा ने दूसरी सूची में 39 में से 6 महिलाओं को टिकट दिया है, वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की करीबी इमरती देवी को भी टिकट मिला है। वह डबरा विधानसभा सीट से उप चुनाव हार गई थीं। कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर की 1 नंबर सीट से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस से फिलहाल यहां संजय शुक्ला विधायक हैं। कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विहायवर्गीय इंदौर की 3 नंबर विधानसभा सीट से विधायक हैं। सांसद गणेश मंत्री, सांसद राकेश सिंह और सांसद रीति पाठक को भी टिकट दी गई है। छिंदवाड़ा से कमलनाथ के सामने विवेक बंटी साहू को उतारा गया है। इससे पहले भाजपा ने पहली सूची में 37 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। अभी तक भाजपा मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा में से 76 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है।

## सी-295 मालवाहक विमान वायु सेना के बेड़े में शामिल



■ आधे अधूरे बने रनवे से उड़ान भरने में भी सक्षम

■ विमान से वायु सेना की क्षमता में होगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी को पहला नया मालवाहक विमान सी-295 सौंपा इसके साथ ही यह विमान विधिवत रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया। रक्षा मंत्री ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि हिन्डन वायु सेना स्टेशन में सी-295 मालवाहक विमान के अनावरण समारोह में शामिल हुआ। यह विमान विधिवत हवाई पट्टी के बिना आधे अधूरे बने रनवे से उड़ान भरने तथा उतरने में भी सक्षम है। इसे एवरो मालवाहक विमानों के स्थान पर वायु सेना में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विमान से वायु सेना की क्षमता बढ़ेगी और बाद में इसके देश में ही विनिर्माण से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

**स्पेन से भारत पहुंचा था**

वायु सेना का नया मालवाहक विमान सी-295 स्पेन से गत बुधवार को गुजरात के वड़ोदरा वायु सेना स्टेशन पर पहुंचा था।

## नाम, निशान पर चुनाव आयोग का फैसला मानेंगे : अजित



6 अक्टूबर को होनी है सुनवाई

**मुंबई,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नाम और सिंबल को लेकर हो रहे विवाद पर महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि चुनाव आयोग का फैसला उन्हें मंजूर होगा।

पवार ने बताया कि शरद पवार गुट और अजित गुट के नेता आमने-सामने बैठेंगे, और जो फैसला लिया जाएगा, वह स्वीकार होगा। एनसीपी के दोनों गुट, पार्टी के नाम और चिन्ह पर दावा जताने के मुद्दे पर चुनाव आयोग 6 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई की तैयारी कर रहे हैं। अजित से जब पूछा गया कि क्या वे महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। मैं सिर्फ विकास के बारे में सोचता हूं।

बीमारी | *5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है नई महामारी*

## कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान

**लंदन, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज एक्स नाम दिया है। वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है।**

यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं। म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है। कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।

World Health Organization

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डिसीज एक्स दिया नाम

**वैक्सीन बनाने पर काम शुरू**

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने डिसीज एक्स के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।

**जलवायु परिवर्तन कारण**

इंसानों ने विकास के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण मनुष्यों का जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं। और इनका महामारियों का रूप लेने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

# देश

**उवाच**

"हम हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करते हैं। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि इसकी शुरुआत कहां से होती है,इसकी शुरुआत तब होती है जब कोई मतदाता पैसे के बदले अपना बहुमूल्य वोट देता है।

–पेमा खांडू,अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 27.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 28.0 |

# मोदी विदेश जाते हैं लेकिन मणिपुर का दौरा करने से बचते हैं : कांग्रेस

## मणिपुर में की जल्द से जल्द शांति व सामान्य स्थिति बहाल करने की मांग



**इंफाल,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही 29-30 जून मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला। एआईसीसी के सदस्य मैतेई ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों का लगातार दौरा किया, लेकिन लगभग पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद उन्होंने मणिपुर का दौरा करने से परहेज किया।

**पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद मणिपुर से बचते हैं मोदी : निंगोम्बम बुपेंडा**

उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह, कई मंत्री, कई विधायक और यूथ ऑफ मणिपुर के नेता राज्य की स्थिति से अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा कर चुके हैं या राष्ट्रीय राजधानी में अभियान चला चुके हैं, लेकिन मोदी ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रधानमंत्री के साथ बैठक करने को कहा ताकि राज्य का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिल सके। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल भी जाने के लिए तैयार है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा मणिपुर की क्षेत्रीय, राजनीतिक और वित्तीय अखंडता चाहती है। 3 मई को जातीय दंगा शुरू होने के बाद से कांग्रेस मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही है। यूथ्स ऑफ मणिपुर के बैनर तले हजारों युवाओं ने हाल ही में इंफाल में प्रदर्शन किया और उनके प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनसे उन 10 आदिवासी विधायकों (जिनमें से सात भाजपा हैं) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया, जो एक अलग राज्य की मांग कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार के विश्वासघात को उजागर करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र में पिछले सप्ताह पारित महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग करते हुए कांग्रेस आज 21 शहरों में प्रेस कांफ्रेंस करेगी जिसमें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विश्वासघात को उजागर किया जाएगा। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि 21 शहर, 21 महिला नेता, एक एजेंडा-महिला आरक्षण के नाम पर मोदी सरकार द्वारा किए गए विश्वासघात को उजागर करना। कांग्रेस महिला आरक्षण विधेयक को अविलंब लागू करने की मांग कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को फिर कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आवंटित करके महिला आरक्षण विधेयक कल लागू किया जा सकता है। हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से भाग नहीं ले रही हैं जिस तरह से उन्हें लेना चाहिए। उन्हें राजनीति में भाग लेने में मदद करने का सबसे बड़ा कार्य कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया था, यानी, पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण जो एक था बदलावकारी कदम था।

## गुजरात में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे मोदी

**गांधीनगर,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितम्बर को गुजरात के छोटा उदेपुर जिले में 5206 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।



सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में एक ओर गुजरात सरकार शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर मोदी 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विभिन्न शैक्षणिक विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं।

इसके अलावा प्रधानमंत्री सड़क एवं भवन, शहरी विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं जलापूर्ति विभाग के विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विकास कार्य मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परियोजना के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। योजना के तहत 1426 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 3079 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। जिनमें 9088 नए क्लास रूम, 12,622 क्लासरूम का उन्नयन तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएं शामिल हैं। वह 7500 गांवों में 20 लाख लाभार्थियों के लिए विलेज वाई-फाई 223 जिलों के 7500 गांवों में 20 लाख लाभार्थियों के लिए विलेज वाई-फाई सुविधा का लोकार्पण करेंगे।

## प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन : मुर्मू

### राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन है जिसका सामूहिक लक्ष्य भारत को समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना है। मुर्मु ने सोमवार को यहां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात वर्ष 2021 बैच के 182 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों से मुलाकात की।



उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सेवा अधिकार, भूमिका और दायित्व किसी भी अन्य सेवा से भिन्न है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक मिशन है सिर्फ एक नौकरी नहीं। यह भारत और भारतीयों को सुशासन के ढांचे के तहत अग्रणी बनाने का मिशन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि निर्धनों और वंचितों की भावनाओं को समझने वाला सिविल सेवक ही वास्तव में सच्चा सिविल सेवक होता है, जो केवल नौकरशाही से अलग होता है। समाज के वंचित वर्गों का उत्थान करना सिविल सेवकों के लिए विश्वास का विषय होना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि सिविल सेवकों को फाइल से फील्ड और फील्ड से फाइल के बीच के अन्तर को समझने का प्रयास करना चाहिए यानि उन्हें केवल कार्यालय और फाइलों से परे जाकर व्यक्तियों के कष्टों और भावनाओं को समझना होगा।

### 2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों के पास वर्ष 2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि अधिकारी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता के माध्यम से देश को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और प्रभावी परिवर्तन-एजेंट बन सकते हैं। मुर्मु ने आगे कहा कि देश और उसके लोगों की सेवा करना उनकी नियति है। भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना उनका सामूहिक लक्ष्य है। अधिकारी युवा नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाकर एक बड़ा योगदान दे सकते हैं।

## सार संक्षेप

### कश्मीर पुलिस ने सुलझाया हिट एंड रन मामला

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हिट एंड रन का मामला सुलझाकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चार व्यक्तियों की जान चली गई थी। यह हादसा 22 सितम्बर को उस वक्त हुआ, जब उजरू से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने अखरोट फैक्ट्री के पास काजीगुंड में एक मारुति वैन को टक्कर मार दी। वैन बनिहाल की ओर जा रही थी। वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया था।

### मप्र के उमरिया में कार पेड़ से टकराई, पांच की मौत

**उमरिया/शहडोल।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हुई है जिनमें दो सरकारी अधिकारी बताए जा रहे हैं। पाली रोड क्षेत्र में एक आयोजन स्थल से लौट रहे लोगों की कार अनियंत्रित हो गई और वह एक पेड़ से टकरा गई। यह हादसा पाली थाने के घुनघुटी चौकी के मजगांव क्षेत्र में हुआ।

### उत्तरकाशी में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डीएस पटवाल ने बताया कि सुबह करीब 08:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.0 मापी गई है। भूकंप का केंद्र बिंदु जनपद के तहसील मोरी के कोठीगाड रेंज हिमाचल सीमा क्षेत्र में 31.07 उत्तरी अक्षांश व 77.98 पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप से किसी प्रकार की जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

### ममता ने भारतीय एथलिटों को दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चीन में आयोजित हो रहे एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलिटों को बधाई दी और कहा कि हांग्जो में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के दूसरे दिन भी भारत की जीत का सिलसिला जारी है और हम अब हम 10 पदक जीत चुके हैं। बनर्जी ने रुद्रांक बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और दिव्यांश सिंह पंवार को 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में सोमवार एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने और पहला स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आदर्श सिंह, अनीश भानवाला व विजयवीर सिद्धू को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में देश के लिए एक और कांस्य पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में मंत्रियों की जरूरत नहीं : पटनायक

**भुवनेश्वर,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) नियंत्रित करता है और मंत्रियों को इसमें भाग लेने की आवश्यकता नहीं है। राज्य विधानसभा में विपक्ष की आलोचना पर एक बयान देते हुए पटनायक ने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को सीएमओ नियंत्रित करता है और उनके निर्देशों के अनुसार सीएमओ के अधिकारी राज्य के सभी जिलों में विकेन्द्रीकृत शिकायत प्रकोष्ठ का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बार याचिकाएं प्राप्त होने के बाद उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाता है और सवाल किया जाता है। इसमें मंत्री बनाम अधिकारी का मुद्दा कहां है। मंत्रियों ने याचिकाओं को हल करने में विभागों के प्रमुख के रूप में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। मेरी सरकार ने हमेशा लोगों की शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि कोविड होने से पहले सीएमओ भुवनेश्वर में शिकायतों की सुनवाई करता था और राज्य भर से लोग आते थे और अपनी शिकायतें दर्ज कराते थे। उन्हें हल करने के लिए एक मजबूत प्रणाली थी। जब कोविड हुआ तो करीब दो साल तक प्रतिबंधों के कारण सीएम शिकायत कक्ष बंद रहा। मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि कोविड के बाद शिकायत कक्ष में आने वाली शिकायतों और लोगों की औसत संख्या में कमी आई है। पटनायक ने कहा कि दो साल के कोविड व्यवधान के कारण शिकायत निवारण में अव्यवस्था हुई है और उन्होंने कम से कम समय में राज्य के सभी ब्लॉकों और शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने के लिए सीएम शिकायत सेल को लोगों के दरवाजे तक ले जाने बारे में सोचा।



# लाड़ली बहना योजना सिर्फ छलावा : कमलनाथ

## पिछले चार माह से जनता की कमाई के करोड़ों रुपए फूंकने का लगाया आरोप

**भोपाल,**25 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने यह दावा किया है कि इस बार लाडली बहना योजना की 10 तारीख नहीं आएगी, क्योंकि सरकार की यह योजना सिर्फ एक छलावा थी बहनों को छलने का एक तरीका था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बहनों, सुना है इस बार 10 तारीख नहीं आ रही है। 10 तारीख आने वाली है के नाम पर पिछले चार महीनों से जनता की कमाई के करोड़ों रुपए फूंकने के बाद, इस बार शिवराज सरकार पलटी मार रही हैं। इस बार भाजपाई सरकार के कलेंडर में 10 तारीख नहीं आ रही है।

जैसे इस सरकार की ये योजना इनके लिए वोट ठगने का जरिया मात्र है, वैसे ही इनकी 10 तारीख भी छल निकली। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सवाल है कि फिर क्यों चार महीना तारीख याद कराने भर के लिए जनता की मेहनत और पसीने के करोड़ों रुपए विज्ञापन में फूंक डाले शिवराज जी। सरकार के धन को तबाह कर उसका दुरुपयोग करते हुए भाजपा के प्रचार पर खर्च करने वाले नौटंकी मुख्यमंत्री और दोगली भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा का कुरूप चेहरा आम आदमी अच्छे से देख रहा है। जनता है तैयार, अब भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि सीएम लाड़ली बहना योजना के तहत शुरुआत में महिलाओं को महीने के 1000 हजार रुपए दिए गए। इसके बाद 25 प्रतिशत राशि बढ़ा दी गई। यानी जो महिलाएं पहले 1000 रुपए मासिक लाभ ले रही थी। 1250 रुपये मासिक किश्त सरकार की ओर से दी गई। यह किश्त महीने की 10 तारीख को डाली जाती है। बताया जा रहा है कि सीएम इस राशि को 1500 तक कर सकते हैं। प्रदेश की करीब सवा करोड़ महिलाएं इस योजना का लाभ ले रहीं हैं।



**इस बार लाड़ली बहना की दस तारीख अब नहीं आएगी, सिर्फ चार महीने के लिए थी योजना : कमलनाथ**

### प्रधानमंत्री को भी अपने झूठ में शामिल कर लेते हैं शिवराज : कमलनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के प्रवास से पहले कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की झूठ के प्रति निष्ठा जग जाहिर है। वे अपने झूठ में प्रधानमंत्री को भी शामिल कर लेते हैं। यही कारण है कि प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी उनसे त्रस्त हैं। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि शिवराज जी, आज आप जरा धीरज से काम लीजिएगा। प्रधानमंत्री जब भी मध्य प्रदेश आते हैं तो आप उन्हें अपने किसी न किसी झूठ में शामिल करा लेते हैं। आपकी झूठ मशीन की डबल स्पीड से मध्य प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री भी त्रस्त हैं। इसीलिए उन्होंने पूरे चुनाव अभियान से आपको बाहर कर दिया है। आप देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जो मुख्यमंत्री तो हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं।

## अविवाहित बहनें भी लाड़ली बहना योजना परिवार में शामिल

**भोपाल,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब अविवाहित बेटियों को भी योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए की धनराशि दी जाएगी। लाड़ली योजना का दायरा बढ़ने के बाद लगभग हर उम्र और समुदाय की महिला को इसका लाभ मिलेगा। पहले 23 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की विवाहित तलाकशुदा और परित्यक्ता बहनों को इसका लाभ मिलता था। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में महिलओं के लिए तरक्की के रास्ते बेहतर किए जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना ने बहनों के दिलों में जगह बना ली है। वहीं एक अक्टूबर से सरकार ने इस धनराशि को बढ़ा 1250 रुपए करने का निर्णय लिया है जबकि आगामी कुछ महीने में इसे दोगुना यानि 3000 रुपए प्रतिमाह किया जाना भी प्रस्तावित है। सरकार की इस पहल से समाज की महिलाओं की आर्थिक उन्नति हो रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं, पिछले तीन माह में 3600 करोड़ रुपए की राशि बहनों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। जिसका सीधा फायदा महिलाओं को मिल रहा है, अब घर की जरूरतें बहनें खुद ही पूरी कर रही हैं।

**पहले 23 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की विवाहित, तलाकशुदा व परित्यक्ता बहनों को मिलता था लाभ**

### पात्र महिलाओं को प्रतिमाह दी जा रही हजार रुपए की सहायता राशि

28 जनवरी 2023 को राज्य में शुरू हुई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। अभी तक योजना के लिए 23 से 60 साल की ऐसी बहनों को शामिल किया गया जो विवाहित, तलाकशुदा या फिर परित्यक्ता हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत 21 साल की अविवाहित बहनें भी अब आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

## पश्चिम बंगाल में डेंगू के मामले 38 हजार के पार

**कोलकाता,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में डेंगू के मामलों की संख्या रिकॉर्ड 38,000 के आंकड़े को पार कर गई है। सोमवार तक, कुल आंकड़ा 38,181 था। लगभग हर दिन अलग-अलग जिलों से डेंगू से होने वाली मौतों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन विभाग ने वास्तविक संख्या नहीं बताई है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चिंताजनक बात यह है कि अब उत्तर बंगाल, खासकर मालदा के कई इलाके तेजी से डेंगू की चपेट में आ रहे हैं।



उत्तर और दक्षिण बंगाल में कई डेंगू हॉटस्पॉट क्षेत्र नामित किए गए हैं, जहां नियमित आधार पर विशेष निगरानी की जा रही है। राज्य की राजधानी में मामलों में अचानक वृद्धि के बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने स्थिति नियंत्रण में आने तक अपने स्वास्थ्य केंद्रों को सप्ताह में सात दिन के आधार पर संचालित करने का निर्णय लिया है। केएमसी ने अगले दो महीनों के लिए अपने पूरे स्टाफ की छुट्टियां भी रद्द कर दी हैं।

## बिहार में शराबबंदी के नाम पर गरीबों की हो रही हत्या : मांझी

### शराबबंदी को लेकर नीतीश पर बोला हमला

**गया,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत और दो लोगों के आंख की रोशनी जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एक बार फिर शराबबंदी को लेकर नीतीश कुमार को निशाने पर लिया है। गया में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुजफ्फरपुर की घटना के विषय में पूछे गए सवाल पर मांझी ने कहा कि ऐसे तो बिहार में शराबबंदी है नहीं। इसके नाम पर गरीबों की हत्या हो रही है, गरीबों को जेल भेजा जा रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार अपने अहंकार में हैं। इन्हें समझ ही नहीं आता है कि क्या करें। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी ने कहा कि जब हम लोग इनके साथ थे तब भी मैंने खुद इन्हें कहा था कि आपकी शराब नीति गलत है। उन्होंने कहा कि मैंने गुजरात की तरह शराब नीति बनाने की वकालत की थी। इससे राज्य को आर्थिक लाभ भी होता और गरीब जो जहरीली शराब पीने से मर जा रहे हैं, वे भी नहीं मरेंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोग चोरी छिपे जल्दबाजी में शराब बनाते हैं और नशा के लिए कई तरह की चीजें अधिक मात्रा में डाल देते है, जिससे शराब जहरीली हो जाती है और यही गरीब पीकर मरते हैं। बड़े लोग तो महंगी शराब पीते हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार में शराबबंदी लागू है और लोगों की शराब पीने से मौत भी होती रहती है।

**योजना** *तेलंगाना में सरकारी स्कूल के छात्रों को परोसा जाएगा नाश्ता*

# स्कूल शिक्षा विभाग ने किया सप्ताहभर का शानदार मेन्यू तैयार

**हैदराबाद,25 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रथम कक्षा से दसवीं कक्षा तक के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए मुख्यमंत्री अल्पाहार योजना के तहत मुफ्त नाश्ता परोसने की योजना तैयार कर ली है। बताते चले कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग शानदार मेन्यू तैयार किया है।**

मुफ्त नाश्ते का दिन-वार मेनू का प्रस्ताव अब तैयार है। पौष्टिक बाजरा रवा खिचड़ी के साथ गरमागरम सांबर, स्वादिष्ट रवा पोंगल और सांबर से लेकर गेहूं की रवा खिचड़ी और चटनी तक, स्कूल शिक्षा विभाग ने मेनू का प्रस्ताव दिया है।

राज्य सरकार की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री नाश्ता (मुख्यमंत्री अल्पाहार) के तहत सरकारी स्कूल के छात्रों को नाश्ता परोसा जाएगा। यह नाश्ता स्कूल में तैयार किया जाएगा और सुबह की प्रार्थना यानी 9.30 बजे से पहले छात्रों को गर्मागर्म परोसा जाएगा। 24 अक्टूबर को छात्रों के लिए दशहरा उपहार के रूप में शुरू की जाने वाली नाश्ता योजना से विभाग के तहत संचालित 28,807 स्कूलों-सरकारी और स्थानीय निकाय, सहायता प्राप्त, मॉडल स्कूल और मदरसों में 23,05,801 छात्रों को लाभ होगा। कामकाजी माताओं के बोझ को कम करने के अलावा स्कूल जाने वाले बच्चों की पोषण को बेहतर बनाने के लिए, राज्य सरकार ने कक्षा एक से दसवीं तक के छात्रों को मुफ्त नाश्ता देने की घोषणा की है। इस योजना से उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में बेहतर प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले, सरकार ने सरकारी और स्थानीय निकाय स्कूलों के छात्रों के लिए रागी जावा लॉन्च किया था। गुड़ के साथ मिश्रित बाजरा आधारित पूरक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक छात्रों को हर दूसरे दिन परोसा जा रहा है। सरकार पहले से ही सरकारी और स्थानीय निकाय के स्कूली बच्चों को मुफ्त मध्याह्न भोजन उपलब्ध करा रही है।



- **छात्रों के लिए स्कूल में ही तैयार किया जाएगा पौष्टिक नाश्ता**
- **24 अक्टूबर को दशहरा उपहार के रूप में शुरू होगी नाश्ता योजना**

बढ़िया चावल, दाल, सांबर, सब्जी करी, फलियां सब्जी करी और विशेष चावल जैसे सब्जी बिरयानी, बगरा चावल और पुलिहोरा भोजन की किस्में हैं जो छात्रों को भोजन के हिस्से के रूप में परोसी जाती हैं। भोजन को अधिक प्रोटीन युक्त बनाने के लिए अंडे को शामिल किया है, जो छात्रों को सप्ताह में तीन बार मध्याह्न भोजन में प्रदान किया जाता है। केंद्र और राज्य सरकारें पहली से आठवीं कक्षा के छात्रों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन पर होने वाले खर्च को 60:40 के अनुपात में साझा करती हैं। हालांकि, राज्य सरकार अकेले कक्षा नवीं और दसवीं के छात्रों के लिए भोजन की लागत के साथ-साथ अंडे की लागत वहन करती है।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गट्टू से पूछा
टीचर : ये बता रेडियो और न्यूज पेपर में क्या अंतर है?
गट्टू : टीचर न्यूज पेपर में रोटी लपेट कर ले जा सकते हैं, लेकिन रेडियो में तो लपेट कर नहीं जा सकते।

# राजधानी की सफाई व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : शैली

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर एएसआई को किया निलंबित

- सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा व अवैध मलबा डालने पर सख्त कार्रवाई हो : शैली ओबरॉय
- पश्चिमी जोन के जनकपुरी दक्षिणी वार्ड का किया निरीक्षण



**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने पश्चिमी जोन के जनकपुरी दक्षिणी वार्ड का निरीक्षण किया और क्षेत्र में निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली नागरिक सुविधाओं और सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान पाया की सड़क के किनारे कूड़ा, अवैध मलबा व बिल्डिंग मैटेरियल पड़ा है। वार्ड की सफाई व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही को लेकर मेयर ने फटकार लगाई। साथ ही एएसआई यशपाल को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कूड़ा व अवैध मलबा को उठाया जाए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर कूड़ा व अवैध मलबा डालने पर सख्त कार्रवाई हो और चालान काटा जाए। दिल्ली की सफाई व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहर को साफ व सुंदर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि वे बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के वार्डों का दौरा करती रहेंगी ताकि वास्तविकता पता किया जा सके।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल मॉडल के अनुरूप हम निगम में बेहतर स्वच्छता, प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य कर रहे। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने प्राथमिक स्कूल शिव नगर का भी निरीक्षण किया और पाया कि स्कूल बहुत छोटा है और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में है। साथ ही स्कूल में सुविधाओं का भी अभाव है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस स्कूल को पास के किसी अन्य निगम स्कूल में शिफ्ट किया जाए।

### एमसीडी पार्किंग की साफ सफाई के भी दिए निर्देश

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कम्यूनिटी सेंटर पंखा रोड का भी दौरा किया और वहां एमसीडी पार्किंग की साफ- सफाई के भी निर्देश दिए। साथ उन्होंने सी 2 बी सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया व सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर ने स्थानीय नागरिकों व आरडब्ल्यूए की समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के मुद्दों को जानने का प्रयास किया।

## युवाओं के जुड़ने से जनहित कार्यों में मदद मिलेगी : डॉ. अरोड़ा



**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ.संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने संस्था की कार्यकारिणी में बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत कुछ सदस्यों को पदाधिकारी बनाया गया है और कुछ पदाधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। प्रतिमा सिंह, वीना जाजौरिया, अमित कुमार शर्मा, नितिन शर्मा एवं कुंदन कुमार को प्रदेश में सहसचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा राजिंदर नगर विधानसभा अध्यक्ष एम. अनिल कुमार एवं उपाध्यक्ष संजय कुमार को पद दिया गया है।


इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ.संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने बताया कि संस्था गत कई वर्षों से समाजहित में कार्य कर रही है और सरकार द्वारा चलाए गए दो अभियान नमामि गंगे एवं स्वच्छ भारत मिशन में भी अपना भरपूर योगदान देती रही है। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कैंप का आयोजन, लोगों को जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन, महिलाओं को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रही है।

# भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में है महिलाओं का घोर अकाल

### कभी किसी महिला को नहीं मिली राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी

■ वी.वी.त्रिपाठी

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्वित कराने वाला विधेयक संसद से पारित कराकर भाजपा भले ही अपनी पीठ थपाथपा रही है। लेकिन दूसरी ओर एक हकीकत यह भी है,कि भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में खुद महिलाओं का बड़ा अकाल है। आंकड़ों की बात करें तो भाजपा की 90 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महज 14 यानि 15.56 फीसदी महिलाएं हैं। 28 राज्य व 8 केंद्रशासित प्रदेशों में से केवल दो महिलाओं को ही प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जो कि 6 फीसदी से भी कम है। भाजपा के आठ राष्ट्रीय महासचिवों में सभी के सभी पुरुष हैं। 14 राष्ट्रीय सचिवों में केवल 4 महिलाएं शामिल है। जिसे सर्वाधिक 28 फीसदी मान सकते हैं। वहीं 27 राष्ट्रीय प्रवक्ताओं में 5 महिला यानि 18 फीसदी हैं। पार्टी के 12 मुख्य मंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों की बात करें तो एक भी महिला मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री नहीं है। खुद को महिला आरक्षण की सबसे बड़ी पैरोकार बता रही भाजपा सदस्यीय संसदीय बोर्ड के 11 सदस्यों में एक भी महिला नहीं है। जबकि 15 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति में केवल दो महिलाएं हैं। जो कि तकरीबन 14 फीसदी के आस-पास हैं। यही नहीं भाजपा का गठन 1980 में हुआ था। इस बीच पार्टी ने 11 लोगों को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। सुषमा स्वराज, उमा भारती, वसुंधरा राजे जैसी बड़ी और लोकप्रिय नेताओं की मौजूदगी के बावजूद कभी किसी को शीर्ष पद के लायक नहीं समझा गया और उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया गया। पार्टी में अध्यक्ष के बाद दूसरे सबसे ताकतवर पद संगठन महासचिव की जिम्मेदारी भी कभी किसी महिला को नहीं दी गई। हालांकि भाजपा यह कहकर अपनी झेप मिटाती है कि उसने पहली आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया तो पहली बार किसी महिला को केंद्र में रक्षा और वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई।



## सार संक्षेप

### क्लियर प्रीमियम वॉटर ने एनयू का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** क्लियर प्रीमियम वॉटर ने भारत में अपने प्राकृतिक मिनरल वॉटर ब्रांड 'एनयू का अनावरण ' किया। क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रीमियम पेशकश के रूप में तैनात एनयू प्राकृतिक मिनरल वॉटर की एक रेन्ज है, जो पानी के मूल स्रोत से बोतलबंद की गई है, जो कैल्शियम, बाइकार्बोनेट, मैग्नीशियम, फ्लोराइड्स, सोडियम, क्लोराइड, पोटेशियम, नाइट्रेट्स और 7.70 क्षारीयता जैसे प्राकृतिक खनिज संरचनाओं की अच्छाई का दावा करती है। क्लियर प्रीमियम वॉटर के पीछे प्रेरक शक्ति और संस्थापक और सीईओ, नयन शाह ने कहा कि कोविड युग के बाद, यह स्पष्ट हो गया है कि लोग तेजी से स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसके साथ ही, इस विशेष क्षेत्र में खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस बढ़ती प्रवृत्ति को पहचानते हुए, हमने एनयू को विशिष्ट उपभोक्ता वर्ग के समझदार स्वाद के अनुरूप एक विशिष्ट उत्पाद श्रृंखला के रूप में पेश करने के अवसर का लाभ उठाया है। एनयू ब्रांड लॉन्च करने के पीछे क्लियर प्रीमियम वॉटर का रणनीतिक उद्देश्य विशिष्ट वर्ग के व्यापक दर्शकों के लिए उत्पादों की विविध श्रृंखला की पेशकश करना है।

### विश्व मैत्री क्षमा दिवस समारोह का आयोजन लालकिले पर : प्रज्ञसागर

**नई दिल्ली।** भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति एवं लव कुश रामलीला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 1 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे से लाल किला मैदान में विश्व मैत्री क्षमा दिवस राष्ट्रसंत परम्पराचार्य श्री 108 प्रज्ञसागर जी मुनिराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। पूज्य गुरुदेव के साथ-साथ दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन साधु साध्वियों का पावन सानिध्य मिलेगा आचार्य प्रज्ञसागर ने बताया कि जैन समाज का यह विशेष दिन होता है इस दिन समस्त जैन समाज पूरे विश्व में की हुई गलती लड़ाई द्वेषभाव को छोड़कर सभी लोग आपस में गले मिलकर एक दूसरे से हाथ जोड़कर क्षमा याचना करते हैं। इस अवसर पर विश्व मैत्री क्षमा दिवस का पोस्टर जारी किया गया जिसमें संघस्त अनिकेत भैया, लव कुश रामलीला कमेटी अर्जुन कुमार आदि शामिल रहे।

## निगम ने डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की रोकथाम को चलाया अभियान

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रकार के जनजागरुकता अभियान चला रहा है। दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अपने अभियान के अंतर्गत निगम के सभी 12 क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 197 पुलिस थानों एवं मालखानों में मच्छरों का प्रजनन जांचने के लिए सघन अभियान चलाया। इस अभियान में 83 स्थलों पर मच्छरों का प्रजनन पाया गया। दिल्ली नगर निगम ने 60 कानूनी नोटिस जारी किए,1 अभियोजन दायर किया, 3 कोर्ट चालान किए एवं 01 प्रशासनिक शुल्क लगाया। दिल्ली नगर निगम ने पंजाबी बाग, वसंत कुंज, ख्याला, जगतपुरी, उस्मानपुर, निजामुद्दीन, अमर कॉलोनी, लाहौरी गेट, बुराड़ी, स्वरूप नगर, पश्चिम विहार, अमन विहार, बवाना, रिठाला, मायापुरी, सुल्तानपुरी, गाजीपुर, गीता कॉलोनी और अंबेडकर नगर आदि पुलिस थानों और मालखानो का निरीक्षण किया। निगम के डीबीसी कर्मचारियों ने 2,95,69,150 बार घरों का निरीक्षण किया जिसमे 2,56,246 घरों में मच्छरों का प्रजनन पाया गया। 14,84,050 घरों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया,1,35,462 कानूनी नोटिस दिए गए, 22195 दोषियों से जुर्माना वसूला गया,मच्छरों का प्रजनन नष्ट करने के रूप में 73,36,640 रुपए वसूले गए और 203 जगहों पर लार्वा भक्षी मछलियां जीवित पाई गई।

# सभी बलों के जान गंवाने वाले 35 हजार जवानों को मिले शहीद का दर्जा : रावत

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सुरक्षा बलों को चाहे वे किसी भी बल में क्यों न हो उन्हें शहीद का दर्जा मिलना ही चाहिए।

दिल्ली पुलिस सेवानिवृत अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष छिद्दा सिंह रावत ने कंफेडरेशन आफ एक्स पारामिलिट्री फोर्सेस मार्टेरिस शहीद वेलफेयर एसोसिएशन के सोमवार को जंतर-मंतर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर वक्ता कहा कि साल 1959 से अब तक सभी बलों के जान गंवाने वाले 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा मिले और उनके परिवार को शहीद को मिलने वाली सारी सुविधाएं दी जाए।




जंतर-मंतर पर विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले 21 अक्तूबर को दोपहर में देश में जहां कहीं भी बल तैनात हैं वें भारत माता की जय और जय हिंद बोलकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस में भी वेतन के मामले में कई प्रकार की असमानताएं है जिसके लिए हमने कई बार केंद्रीय गृह मंत्री को आवेदन दिया है लेकिन अभी तक उस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। हजारों की संख्या में पहुंचे अर्द्धसैनिक बलों के जवानों और राज्यों के पुलिस बलों को कंफेडरेशन के चेयरमेन रिटायर एडीजी एचआर सिंह, प्रेसिडेंट जयेंद्र सिंह राणा, वीएस कदम, पंजाब पुलिस के रिटायर आईजी सुरेश शर्मा, रिटायर आईजी एमएल शर्मा, महासिचव रणवीर सिंह, दिल्ली पुलिस के भगीरथ डाबला सहित कई लोगों ने संबोधित किया। चेयरमेन हरि सिहं ने कहा कि हमारे जवान हमेशा देशहित में तत्पर रहते हैं। लेकिन सरकार की ओर से जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, उसके लिए उन्हें मोहताज रहना पड़ता है।

## गणेश चतुर्थी एक खुशी व सांस्कृतिक का उत्सव

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। किडजानिया मुंबई इस गणेश चतुर्थी को आपके बच्चों और परिवार के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारे साथ आइए और गणेश चतुर्थी के शानदार जश्न का आनंद लें जो 27 सितम्बर तक किडजानिया मुंबई, आर सिटी मॉल में चलेगा। गणेश चतुर्थी एक खुशी, एकता और सांस्कृतिक उत्सव का समय है, और हमने आपके दौरे को सचमुच खास बनाने के लिए हमारे गणेश चतुर्थी उत्सव के हिस्से के रूप में रोमांचक कार्यक्रम की एक रोमांचक श्रृंखला तैयार की है।

अपने कलात्मक पक्ष को उजागर करने के लिए हो जाइए तैयार, जब आप खुद अपनी मिट्टी की गणेश मूर्तियां बनाएंगे, और एक व्यक्तिगत स्मृति को संजोने के लिए घर ले जाएंगे। रंगीन गणेश चतुर्थी थीम के टेम्पलेट्स, जैसे कि मोदक और लड्डू डिजाइन्स, को पेंट करते समय आप रंगों के माध्यम से खुद को एक कलात्मक उत्सव में व्यक्त करते हुए उत्सव में खो जाएंगे।

# कलश यात्रा का किया गया आयोजन

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तम नगर स्थित नन्हे पार्क में 18 दिनों तक चलने वाली श्री सांई-श्याम मस्ताना मंडल के तत्वावधान में सोमवार को श्री राम शोभा यात्रा एवं मंगल कलश यात्रा निकाली गई। 501 कलश सिर पर रखकर कुंवारी कन्याओं और महिलाओं का जत्था कलश शोभा यात्रा में सम्मिलत हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कमल, वंदना एवं ट्रिनिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन ने फीता काटकर किया। इस दौरान डॉ. टंडन का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। डॉ. टंडन ने कहा कि श्री सांई-श्याम मस्ताना मंडल अद्भुत काम कर रही है। इस तरह का कार्यक्रम हमारे धर्म के आस्था को बढ़ाता है। जब धर्म का काम इक्ट्ठे होकर हमलोग करते हैं तो अलग सद्भावना जागृत होती है। कलश यात्रा शुभारंभ मौके पर आचार्य प्रमोद दास जी महाराज, प्रधान संतोष गुप्ता, प्रमोद गोयल के अलावा कई लोग उपस्थित रहे। प्रधान संतोष गुप्ता ने बताया कि 10 साल से हमारा मंडल विशाल सांई-श्याम भजन संध्या का आयोजन कर रही है। आज से प्रथम श्री राम कथा, इसके बाद सप्तम् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा पांच किलोमीटर तक का है। प्रमोद गोयल ने बताया कि हमारा यह आयोजन 18 दिन का है। कलश यात्रा के बाद शाम को शोभा यात्रा इसके बाद 9 दिन की राम कथा का आयोजन किया जाएगा।




## एसयूवी चालक के नियंत्रण खोने से बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के रोहिणी इलाके में लापरवाही से चलाई जा रही एक एसयूवी के नियंत्रण खो देने से 70 वर्षीय एक पैदल यात्री की मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर सवार दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान विजय विहार निवासी मोहम्मद यूनुस के रूप में हुई है, जबकि घायलों की पहचान स्वर्ण अरोड़ा और कमल के रूप में हुई है, दोनों बुध विहार के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह 6:37 बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें रोहिणी सेक्टर-1 के पास एक दुर्घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि एक महिंद्रा स्कॉर्पियो एसयूवी ने एक पैदल यात्री और फिर दो सवारों वाली एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा पीसीआर वैन ने तीनों घायलों को बीएसए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां यूनुस को मृत घोषित कर दिया गया।

## महाधमनी रोग का समय पर इलाज जरूरी वरना हो सकता है जानलेवा : निरंजन हीरेमथ

### इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने महाधमनी जागरूकता सप्ताह मनाया




**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। अधिकांश बीमारियों में समय पर इलाज बहुत जरूरी होता है। महाधमनी रोग की बात करें तो तुरंत इलाज न मिलने पर महाधमनी को काफी घातक नुकसान पहुंच सकता है।

यह जानकारी नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञों ने एक विशेष कार्यक्रम में दी। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के कार्डियोवस्कुलर और महाधमनी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार और अपोलो महाधमनी कार्यक्रम के सर्जिकल लीड डॉ. निरंजन हीरेमथ ने कहा कि महाधमनी रोग एक मूक हत्यारा है, लेकिन ऐसा होना जरूरी नहीं है। जागरूकता बढ़ाकर और अपने समुदाय को महाधमनी रोग का शीघ्र पता लगाने और इलाज करने के ज्ञान के साथ सशक्त बनाकर, हम जीवन बचा सकते हैं। आज, हम महाधमनी रोग और जीवन बचाने की इसकी क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हैं। इस मूक हत्यारे को ज्ञान, शीघ्र पता लगाने और व्यापक देखभाल से हराया जा सकता है। आइए हम जागरूकता बढ़ाएं और एक स्वस्थ, सुरक्षित भविष्य की आशा करें।

जानकारी के अनुसार, महाधमनी रोग जागरूकता सप्ताह के तहत भारत के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा संस्थान इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स ने इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि महाधमनी रोग मूक बीमारी है लेकिन यह काफी घातक है।

# जी-20 के सफलतापूर्वक आयोजन से दिखी भारत की नेतृत्व क्षमता: अग्रवाल

**नई दिल्ली,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि जब भी और जहां भी उचित हो, श्रेय मिलना ही चाहिए। जी-20 का सफलतापूर्वक आयोजन व दिल्ली घोषणापत्र पर सर्वसम्मति का वैश्विक प्रभाव, भारत की वर्तमान एवं भविष्य की नेतृत्व के लिए भूमिकाओं के रूप में देख सकते है। चंद्रयान-3 की सफलता ने पहले ही भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाकर भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी देश के रूप में प्रस्तुत किया है। हाल में हुई दोनों ही घटनाएं, यह प्रदर्शित करती है कि यदि नेतृत्व में दूरदर्शिता, प्रतिबद्धता व इच्छा शक्ति हो तो बड़ी-बड़ी चीजों को भी हासिल किया जा सकता है।

बचपन में हम पढ़ते थे कि भारत एक अमीर देश है, जहां गरीब रहते हैं इससे हमें यह पता चलता है कि तत्कालीन नेतृत्व किस प्रकार भारतीयों की वास्तविक क्षमताओं को उभारने में नाकाम हुआ था। मोदी के सत्ता में आते ही यह परिदृश्य पूरी तरह से परिवर्तित हुआ है। सरकार और पार्टी के साथ काम करते हुए हमें कई बार महसूस हुआ कि प्रधानमंत्री की कुछ पहल बहुत महत्वाकांक्षी एवं असंभव सी है। तत्पश्चात हमने देखा की यदि मजबूत इरादे को लेकर नेतृत्व किया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। हम देखते है की हर समय विपक्ष का रवैया आलोचनात्मक व नई पहलों के लिए रुकावट करने वाला रहा हैं, ऐसे में सभी उद्देश्य पूर्ति कोई छोटी उपलब्धियां नहीं हैं। कोविड संकट से निपटना, तय समय में सफलतापूर्वक घरेलू वैक्सीन तैयार करना और 230 करोड़ लोगो तक वैक्सीन पहुचाना एक सुचारू प्रशासनिक दक्षता का ही प्रमाण है। कोविड के बाद आर्थिक विकास, आर्थिक सुधार को सटीक समय पर लागू करना, राजकोषीय प्रोत्साहन व महंगाई का सफल प्रबंधन, सरकार की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ है। कोविड के बाद विश्व के अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे राष्ट्र भी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं जबकि भारत इससे अलग तीव्र गति से आर्थिक विकास पर अग्रसर है। भारत द्वारा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (यूपीआई) का विकास, जिसका गुणगान आज दुनिया कर रही है, आधुनिक मानव इतिहास में अद्वितीय साबित हो रहा है।

**यदि मजबूत इरादे को लेकर नेतृत्व किया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं**



गोपाल कृष्ण अग्रवाल, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट कहती है कि भारत के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम ने 47 साल के काम को मात्र 6 साल में पूरा कर दिखाया है। दिल्ली घोषणापत्र में जी-20 देशों द्वारा यूपीआई को अपनाना इस बात की ओर संकेत करते हैं कि वसुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार है) और आनो भद्राः क्रतवोः यंतु विश्वतः (हर दिशा से नेक विचार हमारे पास आएं) की हमारी प्राचीन अवधारणा मात्र दार्शनिक कथन नहीं हैं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन्हें अपनी इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से ज़मीन पर लागू करके दिखाया है। विकासशील देशों को वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के तहत मुफ्त टीके उपलब्ध करवाना हो या वैक्सीन पर आईपीआर प्रतिबंधों को दूर करना, प्रधानमंत्री जी का हर एक कदम सराहनीय रहा है। अब जी-20 के माध्यम से भारत अपने डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल को विश्व के लिए पब्लिक गुड के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि किसी वित्तीय कार्यक्रम को आईटी दिग्गजों के व्यक्तिगत लाभ व व्यवसाय के लिए नहीं बल्कि सबकी भलाई के लिए सार्वजानिक रूप से पेश किया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण भारतीय उपलब्धी है जो कि वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रस्तुत किया गया है। मेरे लिए यह न सिर्फ प्रधानमंत्री का जन कल्याण कार्यक्रम है जो 'एक राष्ट्र, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश देता है बल्कि यह कार्यक्रम हमारा ध्यान इसलिए भी आकर्षित कर रहा है क्योंकि यह भारतीय नेतृव को वैश्विक पहचान देने का एक जरिया है। घरेलू कनेक्टिविटी वाला बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश हो या अभी जी-20 समूह के अंतर्गत भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की घोषणा यह भारत में निवेश की सम्भावनाओं को तो बढ़ा रहा है और हमारी व्यापर एवं रणनीतिक सुरक्षा की आवश्यकतों को भी मजबूत करेगा। यह आर्थिक गलियारा न सिर्फ प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और मेहनत का परिचायक है बल्कि स्वेज कैनल व बंदरगाहों के माध्यम से व्यापार मार्ग को सुरक्षित करने के लिए इजरायल और ग्रीस जैसे यूरोपिय देशों से वार्तालाप करने की उनकी सूझबूझ का भी परिचायक है।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप गलियारा, चीन के बीआरआई का जवाब है। बीआरआई के तहत एक के बाद एक देश जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका व केन्या कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं। अब भारत दक्षिण एशियाई देशों की मजबूत आवाज भी बन रहा है और अफ्रीकी देशों के विकास और एकीकरण के स्वर को बुलंद कर रहा है।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Paras Deep Sahkari Awas Samiti Ltd., Plot No.04, Sector-Pi-01, Greater Noida के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-A-302, 3rd Floor, क्षेत्रफल-127.94 वर्ग मीटर, Mrs. Sadhna Yadav D/o Shri Chandra Prakash Yadav के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। आवंटी Mrs. Sadhna Yadav की मृत्यु दिनांक-24.04.2021 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पुत्रियों Ms. Anubhuti Alok & Ms. Akshara Alok Both D/o Shri Alok Yadav ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियामानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Mrs. Sadhna Yadav के स्थान पर उनकी पुत्रियों Ms. Anubhuti Alok & Ms. Akshara Alok Both D/o Shri Alok Yadav के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ विशेष टीकाकरण अभियान मिशन इंद्र धनुष-5.0 में टीकाकरण से छूटे हुए शून्य से पांच साल तक के बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण किया जा रहा है। इसका पहला चरण सात से 12 अगस्त तक चला। दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर तक चला।

**डॉ. उबेद कुरैशी, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी**

## सेक्टर-14 ए व 15 ए के फुटपाथ की चौड़ाई कम कर बनाई जाएगी एक लेन सड़क

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया तक वाहन चालकों को जाम से निजात मिलने जा रहा है। ये सड़क आगे एक्सप्रेस वे को जोड़ती है। रोजाना करीब 1 लाख वाहन यहां से

- **जाम से निजात दिलाने को प्राधिकरण अधिकारियों ने लिया फैसला**
- **नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया तक लेन बढ़ाई जाएगी**

निकलते है। इसके लिए प्राधिकरण दोनों तरफ के पैच को मिलाकर यानी करीब 8 किमी में सड़क के दोनों तरफ एक-एक लेन बढ़ाया जाएगा। इसके तहत सेक्टर-14 ए व 15 ए के बाहर बने फुटपाथ की चौड़ाई का काम किया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई को बढ़ाया जा सके।

बता दें कि वर्तमान में सेक्टर-14 प्रवेश द्वार से महामाया तक तीन तीन लेन की सड़क है, सड़क की चौड़ाई को कैसे बढ़ाया जाएगा। इसको लेकर प्राधिकरण कार्यालय में लगातार मंथन किया जा रहा था।

टीपीए इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कंसलटेंट के रूप में चयनित कर सड़क का सर्वे भी कराया गया, जिसमें समस्या से निजात के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया। इसमें स्पष्ट किया गया कि महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-14 ए स्थित प्रवेश द्वार तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए फुटपाथ को खत्म कर और पेड़ों को हटाकर या शिफ्ट कर एक लेन को बढ़ाया जा सकता है, लेकिन सेक्टर-14 ए स्थित प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए अधिकारियों को मशक्कत करनी पड़ रही थी, क्योंकि दूसरी तरफ जगह का विकल्प नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में सेक्टर-14 ए

और सेक्टर-15 ए के बाहर सड़क किनारे साढ़े तीन मीटर चौड़ा फुटपाथ है, जो किसी काम नहीं आ रहा था। इसलिए इसकी चौड़ाई को कम करने का फैसला लिया गया है, जिसमें फुटपाथ की चौड़ाई कम करके डेढ़ मीटर किया जाएगा। इसके बाद सेक्टर-14 ए स्थित प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक साढ़े तीन मीटर चौड़ी सड़क की एक लेन तैयार की जा सकेगी।

इस कार्य को लेकर जल्द ही नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम के साथ कंसलटेंट कंपनी टीपीए इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, सिविल विभाग समेत वर्क सर्किल एक की तकनीकी टीम बैठक कर सहमति लेगी।

### डायवर्जन समाप्त, अब पुरानी व्यवस्था से चलेंगे व्यवसायिक वाहन

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो और यमुना एक्सप्रेस वे पर व्यवसायिक वाहन आज सुबह से चलने शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा नोएडा होकर आगरा, लखनऊ समेत दूर स्थानों के लिए यात्री बसें भी जा सकेंगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और मोटो जीपी बाइक को देखते हुए इनके संचालन पर करीब चार दिन से रोक लगी हुई थी। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात व्यवसायिक वाहनों के चलने पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। ऐसे में दिल्ली या यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा की तरफ से आकर वाहन नोएडा होते हुए गंतव्य को जा सकेंगे। अभी ईस्टर्न पेरीफेरल सहित दूसरे वैकल्पिक रास्तों से होकर वाहन चालक गुजर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए शहर के आंतरिक हिस्से में बढ़ाए गए नो एंट्री के समय में बदलाव कर पुरानी व्यवस्था लागू कर दिया जाएगा। अभी तक सुबह 6 से दोपहर 12 और दोपहर 3 से रात 12 बजे तक नो एंट्री का समय कर दिया गया था। अब सुबह 7 से 11 और शाम को 5 से 10 बजे तक नो एंट्री का समय रहेगा।

## इस सप्ताह हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड को मिल सकती है मंजूरी

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हेलीपोर्ट की फाइनेनशियल बिड को इस हफ्ते शासन स्तर से मंजूरी मिल सकती है। टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ एक कंपनी आई हुई है, ऐसे में शासन स्तर गठित कमेटी के सामने ही फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर नोएडा प्राधिकरण बनवाएगा। बेंगलुरु की एक कंपनी टेंडर प्रक्रिया में आई हुई है। इस कंपनी की तकनीकी बिड पहले खोली जा चुकी है। अब फाइनेनशियल बिड खोली जानी है। टेंडर में सिर्फ एक कंपनी रिफैक्स एयरपोर्ट एवं ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड आई थी। यह परियोजना बड़ी है, ऐसे में शासन से मंजूरी लेना जरूरी है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि फाइनेंशियल बिड को खोलने के लिए बुधवार को शासन स्तर पर बैठक होगी। इसमें नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में कंपनी की आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि अगर बुधवार को शासन स्तर पर फाइनेंशियल बिड को मंजूरी मिल जाती है तो अगले तीन-चार महीने में मौके पर काम शुरू करा दिया जाएगा। पहले फेज में तीन हेलीकॉप्टर चलाए जाएंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर की संख्या में इजाफा किया जाएगा। हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च अनुमानित है।

## प्रमोटर रजिस्ट्रेशन के दौरान सही मोबाइल नंबर, ईमेल कराए उपलब्ध

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा को विभिन्न माध्यमों से यह ज्ञात हुआ कि कुछ प्रमोटर्स की ओर से प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन के समय उपलब्ध कराये गए मोबाइल नम्बर उपयोग में नहीं है और बंद पड़े है। कुछ प्रकरण ऐसे भी प्राप्त हुए जिसमें उपलब्ध कराये गए मोबाइल नम्बर या तो कोई उठाता नहीं हैं या बात चीत में उपयुक्त उत्तर नहीं देता। इसी प्रकार उ.प्र. रेरा से पत्राचार हेतु प्रमोटर्स द्वारा अलग-अलग प्रक्रिया अपनायी जा रही है जिनमें कोई एकरूपता नहीं है। कुछ प्रकरण ऐसे भी मिला जिसमें प्रमोटर्स द्वारा किये जाने वाले पत्राचार में पत्र के आधिकारिक होने का कोई आधार उपलब्ध नहीं है। इसको देखते हुए उ.प्र. रेरा ने प्रोमोटर्स को अपने हितधारकों, विशेष रूप से खरीदारों, से निर्बाध संवाद सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किये है। जिसके अनुसार प्रोमोटर द्वारा अपना या अपने किसी प्रतिनिधि का, जिनका मोबाइल नंबर नियामक प्राधिकरण में उपलब्ध कराया गया है, उसपर काल रिसीव करने व समुचित जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने को कहा गया है।

यदि किसी वृहद स्तर की परियोजना में हेल्पलाइन नम्बर दिये गए है तो प्रोमोटर उस नंबर के क्रियाशील रखने और उपभोक्ताओं/ खरीदारों को समुचित उत्तर देने की व्यवस्था अविलम्ब सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त उ.प्र. रेरा से पत्राचार हेतु प्रोमोटर द्वारा अधिकृत किये गए व्यक्ति का नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी, आवासीय पता, कार्यालय का पता आदि नियामक प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, नियामक प्राधिकरण के साथ प्रत्येक पत्राचार में पत्र प्रेषित करने वाले का नाम, पदनाम तथा मोबाइल नम्बर का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

## सार संक्षेप

### बीकेयू महाशक्ति की हुई पंचायत



**बुलंदशहर।** स्याना क्षेत्र के गांव खाद मोहन नगर में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह को किसानों ने अपने साथ हो रही परेशानियों से अवगत कराया और बताया कि चकबंदी विभाग के द्वारा आज तक दर्जनों किसानों को चक काट कर नहीं दिए गए है और न ही दर्जनों किसानों को अपने खेत पर आने-जाने के लिए चकरोट दिए गए हैं जिसमें ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि 10 दिन के अंदर चकबंदी विभाग ने समस्या का समाधान नहीं किया तो होगा आंदोलन जिसमें डॉ. वीर सिंह, सुरेंद्र पहलवान, त्रिवेंद्र राघव, राजू भाई, चौ बृहम सिंह फौजी, राजेश उपाध्याय, बंटी लोधी, यशपाल सिंह आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला महामंत्री के नेतृत्व में महिलाओं ने सुनी मन की बात



**नोएडा।** सेक्टर-10 में बूथ संख्या 25 मन की बात सुनी सभी डिंपल आनंद जिला महामंत्री के नेतृत्व में महिलाओं में बड़े जोशन महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए मोदी जी का धन्यवाद दिया और मोदी जी के नाम से नारे लगे और मिठाई बाटी महिलाओं उपस्थित है मुख्य रूप से कंचन देवी वर्षा पुष्पा शांति मनी देवी शीला सीमा देवी रीमा कुमारी आदि महिला उपस्थित रहे।

### 13 साल का छात्र लापता

**नोएडा।** सेक्टर-85 इलाहाबास गांव में रहने वाला एक 13 वर्षीय छात्र घर से लापता हो गया। छात्र की मां ने फेस दो थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को शिकायत में शिल्पी ने बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा अमन बीते 12 सितम्बर से घर से लापता हो गया। उन लोगों ने अपने बच्चे को सभी सगे संबंधियों और उसके दोस्तों के यहां पता कर लिया। वह उन्हें कहीं नहीं मिला। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है।

### श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति ने सेक्टर-62 रामलीला मैदान किया भूमि पूजन

**नोएडा।** सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित होनेवाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। पूजन और हवन के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। भूमिपूजन के साथ ही मंच निर्माण और पुतला निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा।

## निखिल सिंघल को एल्डेको आमंत्रण एओए प्रेसिडेंट के रूप में दोबारा चुना गया

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-119 स्थित एल्डिको आमंत्रण सोसाइटी में हुए एओए (अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन) के चुनाव में एक बार फिर से सोसाइटी निवासियों ने निखिल सिंघल को प्रेसिडेंट के रूप में चुन लिया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि इस सोसाइटी के भीतर एक गतिशील और सौम्य नेता के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है। इस जीत में निखिल के साथ एओए बोर्ड के सदस्य ऋषि कुमार पुरवार, वाइस प्रेसिडेंट, गौतम शर्मा, सेक्रेटरी, जय आनंद मेघानी, ट्रेजरार और मेंबर राजकुमार और मीनाक्षी सिन्हा शामिल हैं। इनके अतिरिक्त सौरभ सिंह, अभिषेक सास्वत, प्रदीप कुमार और विकास झाबक नवनिर्वाचित बोर्ड के सदस्य बने हैं। निखिल सिंघल ने कहा कि एल्डेको आमंत्रण एओए के प्रेसिडेंट के रूप में फिर से चुने जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, और मैं आप सभी निवासियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस अवसर पर यह आश्वस्त करता हूं कि मैं और मेरा टीम आप सभी के सहयोग से हमारी सोसाइटी में सुख-सुविधाओं को और भी बेहतर करने और सभी को क्वालिटी लाइफ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

साथ मिलकर, हम सभी निवासियों की जरुरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरे समर्पण भाव के साथ अथक प्रयास करना जारी रखेंगे। कुल 20 उम्मीदवारों ने एज, इंस्पायर, मैगनोलिया और स्वागतम टावर्स सहित एल्डिको आमंत्रण सोसाइटी के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हुए दो अलग-अलग ग्रुप बनाकर प्रतिस्पर्धा की। चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जिसमें अंत तक उत्साह बरकरार रहा। निखिल सिंघल की टीम ने सबसे ज्यादा वोट हासिल करते हुए जीत दर्ज की। निष्पक्ष चुनावों के सफल संचालन के लिए संयोजक अरुण मित्तल और उनकी समर्पित टीम के सराहनीय प्रयास जिम्मेदार रहे।

## ड्रेनेज को मर्ज करने को लेकर प्राधिकरण में हुआ प्रेजेंटेशन

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में जल भराव की समस्या को रोकने व ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए नीरी संस्था कार्य कर रही है। इसको लेकर सोमवार को एनएमआरसी के प्रशासनिक कार्यालय में नीरी संस्था के प्रतिनिधि व नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में संस्था की ओर से नोएडा के सभी छोटे-बड़े व मध्यम आकार के ड्रेनेज को मर्ज करने। वा इनको कोंडली नाले में गिरने से संबंधित एक प्रेजेंटेशन दिया गया। दरअसल जीरो डिस्चार्ज सिटी होने के बावजूद भी यहां के ड्रेनेज में काला पानी दिखाई देता है। इसके अलावा जरा सी बारिश में सड़कों पर जल भराव की समस्या रहती है। इसको लेकर नीरी संस्था को प्राधिकरण की ओर से हायर किया गया है। ताकि वह यहां के ड्रेनेज सिस्टम को और बेहतर कर सके। संस्था की ओर से एनजीटी के नियमों के तहत ड्रेनेज सिस्टम के ऊपर एक प्रस्तुतिकरण तैयार किया गया था जिसका प्रेजेंटेशन किया गया।

## आज से पुराने समय पर चलेगी मेट्रो

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेनो के बीच एक्वा लाइन पर मंगलवार से मेट्रो पुराने समय के हिसाब से चलने लगेगी। ऐसे में बिना व्यस्त समय के दौरान मेट्रो के लिए 10 मिनट तक इंतजार करना होगा।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के अधिकारियों ने बताया कि यूपी ट्रेड और मोटो जीपी बाइक रेस को देखते हुए 21 सितम्बर से मेट्रो के समय में बदलाव किया गया था। इसके तहत सुबह 8 से रात 10 बजे के बीच हर साढ़े सात मिनट में मेट्रो लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। इससे पहले 10 मिनट में मिल रही थी। अब ये दोनों बड़े कार्यक्रम सोमवार को समाप्त हो गए हैं। ऐसे में मंगलवार से सुबह और शाम को व्यस्त समय में साढ़े सात मिनट में मेट्रो मिलेगी, बाकी समय में 10 मिनट तक इंतजार करना होगा।

## तलाकशुदा दंपति ने जहर खाकर की आत्महत्या

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली -113 क्षेत्र के सेक्टर-122 में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। इसमें एक तलाकशुदा दंपति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस को मौके से सोसाइड नोट मिला है। जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के मुरादनगर निवासी सूरज ने पुलिस को सूचना दी कि मूल रूप से मेरठ निवासी तरुण नोएडा के एम-02 सेक्टर 122 रहते हैं। वह अपने परिजनों का फोन नहीं उठा रहे हैं। इसके बाद आशंकित परिजनों ने उन्हें सेक्टर 122 स्थित तरुण के घर भेजा। यहां आने पर देखा तो तरुण और उनकी तलाकशुदा पत्नी सरिता कमरे में अचेत अवस्था में पड़े हैं।

- **मौके से मिला सुसाइड नोट, लिखा था मैं परेशान हूं किसी को खुश नहीं कर पाया**

सरिता भी मेरठ के जागृति विहार की रहने वाली थी। इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को दोनों तरुण और सरिता मृत अवस्था में मिली। कमरे एक सुसाइड नोट और जहरीले पदार्थ की खाली और भरी हुई डिब्बियां मिलीं। पुलिस को आशंका है कि दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें लिखा है कि मैं परेशान हूं, किसी को खुश नहीं कर पाया। सुसाइड कुछ नामों का जिक्र भी किया गया है, जिनके बारे में लिखा है कि उनका खयाल रखा जाए। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि अगर तरुण और सरिता का तलाक हो चुका था तो वे दोनों एक साथ किन परिस्थितियों में आए।

## नौ अक्टूबर से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष का तीसरा चरण

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। विशेष टीकाकरण अभियान मिशन इंद्रधनुष- 5.0 का तीसरा चरण नौ अक्टूबर से शुरू होगा। तीन चरणों में आयोजित होने वाले इस अभियान के दो चरण पूरे हो चुके हैं। उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उबेद कुरैशी ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान मिशन इंद्र धनुष-5.0 में टीकाकरण से छूटे हुए शून्य से पांच साल तक के बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण किया जा रहा है। इसका पहला चरण सात से 12 अगस्त तक चला। दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर तक चला। डॉ. उबेद ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण का विशेष अभियान है। इसमें टीकाकरण से छूटे बच्चों व गर्भवती को प्रतिरक्षित किया जाता है। नियमित टीकाकरण के लिए जनपद में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर व्यवस्था है। शहरी क्षेत्रों में शून्य से पांच साल तक के सभी बच्चों के लिए प्रतिदिन टीकाकरण की व्यवस्था की गयी है। रविवार समेत सभी सातों दिन जिला संयुक्त अस्पताल में टीकाकरण किया जाता है।

- **14 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**
- **टीकाकरण से छूटे बच्चों व गर्भवती को अवश्य कराएं प्रतिरक्षित**

## नगर आयुक्त ने किया इंदिरापुरम टीटीपी प्लांट का औचक निरीक्षण



**गाजियाबाद,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने 40 एमएलडी क्षमता के तृतीयक जल शोधन संयंत्र का जायजा लिया गया। जिसमें एडमिन बिल्डिंग सहित पांचों यूनिट का जायजा लिया, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी द्वारा चल रहे कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराया। तृतीयक जल शोधन संयंत्र पर नगर आयुक्त ने रात्रि शिफ्ट में चल रहे कार्यों की प्रगति को देख कार्य की रफ्तार बढ़ाने की निर्देश दिए फरवरी माह तक वाटर प्रोडक्शन की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए आदेशित किया जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के लिए भी कहा गया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने एडमिन बिल्डिंग तथा यूनिट्स की जांच की कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा मौके पर अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश मुख्य अभियंता निर्माण व अन्य टीम उपस्थित रही।

## दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : नवाब सिंह नागर



**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। अटल बिहारी बाजपेई मंडल के अंतर्गत नोएडा सेक्टर-41 में अंत्योदय और एकात्म मानववाद मंत्र के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने शौर्य स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को भारतवासियों के हृदय में संचित किया उन्होंने अपना सारा जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया।

उन्होंने उस समय दुनिया के पूंजीवाद, साम्यवाद के बीच टकराव से बचाव करते हुए दुनिया को एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सूत्र से रास्ता दिखाया। जिसमें मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई उसी रास्ते पर चलते हुए प्रधानमंत्री की सरकार व प्रदेश सरकार ने समाज के सबसे पिछड़े वर्ग को प्राथमिकता देकर अनेक प्रकार की योजनाएं शुरू की हैं और सबका साथ सबका विकास को बिना भेदभाव के पूरा कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष इंद्रराज प्रधान, ओबी सी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष उमेश कुमार, ओम यादव, ज्ञान सिंह, अमरजीत सिंह, सौरभ बैसोया, नीरज चौधरी, अंकित नागर, शुभम पाठक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रमेश बिधूड़ी की लोकसभा सदस्यता को खत्म करें स्पीकर : शर्मा

**नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा के विशेष सत्र के चौथे दिन दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने चंद्रयान की सफलता पर बोलते हुए अपने विषय से भटक गए और बसपा सांसद दानिश अली को 1 मिनट में 11 गालियां दे डाली। लोकतंत्र के मंदिर में हुई इस तरह की अमर्यादित घटना को लेकर सेक्टर-22 आरडब्ल्यूए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक और समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने इसकी घोर निंदा की है। पंडित रवि शर्मा का कहना है कि रमेश बिधूड़ी ने लोकतंत्र की मर्यादा को धूमिल किया है यह संसद का अपमान है, संसद से इनका बहिष्कार होना चाहिए। कम से कम अपने पद और उस जनता का सम्मान करना चाहिए जिन्होंने आपको जनप्रतिनिधि बनाकर भेजा है। किसी भी संसद को मर्यादा में रहकर ही बयान बाजी करनी चाहिए। अभी कुछ दिन पहले ही महिला आरक्षण बिल पास हुआ है लेकिन इन्होंने महिला सांसदों का भी ध्यान नहीं रखा और सदन की मर्यादा को तोड़ने का काम किया। लोकसभा स्पीकर से मांग है कि उनकी सदस्यता रद्द की जाए।



## सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन

**गाजियाबाद,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं राज्यमंत्री सड़क परिवहन मंत्रालय जरनल वी के सिंह उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन 15 सितम्बर 2023 से प्रारंभ हुआ, 2 अक्टूबर 2023 तक चलेगा, जिसके क्रम में आज सफाई मित्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सफाई मित्रों एवं उद्यान विभाग के मालियों को प्रशिक्षण भी दिया गया तथा उनके द्वारा शहर हित में किया जा रहे सफाई कार्यों की सराहना करते हुए





- **सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**
- **महापौर व नगर आयुक्त ने सफाई मित्रो एवं मालियों का बढ़ाया हौसला**

उनका सम्मान भी किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफाई मित्रो के साथ मिलकर शहर में कई स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाएं सफाई मित्रों का हेल्थ चेकअप का कार्यक्रम भी भव्य रूप से निगम द्वारा आयोजित किया गया जिसमें सभी सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच भी कराई गई। कार्यक्रम में वीके सिंह ने कहा कि शहर को चलाने के लिए एक दूसरे को समझने की आवश्यकता है हमें आपको और आपको हमें समझने की जरूरत है आपकी बदौलत ये गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में नम्बर 1 रहा है और आगे भी रहेगा और एक समय था कि गाजियाबाद कैसा था और एक आज का समय है कि गाजियाबाद कैसा है। ऐसा कहकर उपस्थित जनों का मनोबल बढ़ाया गया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हम सब एक परिवार है हर व्यक्ति की जिम्मेदारी अलग अलग है आपकी जिम्मेदारी शहर की सफाई की है और मुझे भरोसा है यदि आप ठान ले कि शहर साफ रहना है। नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों व उद्यान विभाग के मालियों को स्वच्छता के प्रति उत्साहित किया नगर आयुक्त द्वारा निगम मुख्यालय तथा ज़ोन के कार्यालय में बोर्ड का ओनर बोर्ड लगाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, मुख्य कर अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, सहायक नगर आयुक्त विवेक त्रिपाठी, समस्त जोनल प्रभारी, समस्त सफाई निरीक्षक, समस्त सुपरवाइजर एवं सफाई मित्र/माली उपस्थित रहे।

## अउआ की कार्यकारिणी बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**गाजियाबाद,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (अउआ) की कार्यकारिणी बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सोमवार शाम को एएलटी सेंटर में सम्पन्न हुई इस बैठक में साल भर के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और भावी कार्यक्रमों का मसौदा तैयार किया गया। अउआ के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी बैठक में उपाध्यक्ष दिनेशचन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव नवीन चन्द्रा और महेश कुमार सेठ, रीता बख्शी, विकास शर्मा, राहुल सक्सेना, योगेश चन्द्र, अजय औदीच्य, ब्रजेश कुमार शुक्ला, आलोक सिन्हा, जितेन्द्र सिंह, विवेक मिश्रा व अखिलेश शर्मा ने हिस्सा लिया। इस बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों की विन्दुवार समीक्षा की गई। कार्यकारिणी सदस्यों के समक्ष संस्था के आय-व्यय का लेखा-जोखा भी रखा गया। साल भर के कार्यक्रमों की



समीक्षा हुई और खासकर अउआ के विस्तार पर सदस्यों ने खुले दिमाग से अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के दूसरे देशों और राज्यों में खुल रहीं शाखाओं को लेकर क्या नियम-परंपराएं हों, इस सवाल पर भी कार्यकारिणी सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। अउआ के सदस्यों की लिस्ट अपडेट करने के लिए एक कमेटी बनाई गई, ताकि निकट भविष्य में कार्यकारिणी के होने वाले चुनाव में मतदाता सदस्यों को समय-सीमा के भीतर जानकारी दी जा सके और उनसे सम्पर्क स्थापित करने में कोई परेशानी न हो।

उवाच

उत्तर प्रदेश का वातावरण देख कर बहुत अधिक प्रसन्नता हो रही है। यह ट्रेड शो अभी तक का नंबर एक ट्रेड शो रहा है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश में हर क्षेत्र का विकास हो रहा है, वह जल्दी ही सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा। 2030 तक हमारा देश को दुनिया की तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है, जिसे पूरा करने में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भूमिका होगी।

**नारायण राणे, केंद्रीय मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय**



# इंटरनेशनल ट्रेड शो से उप्र के हस्तशिल्प उद्योग को लगे पंख

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश के हस्तशिल्प और लघु उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने का संकल्प यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के जरिए पहले ही प्रयास में फलीभूत हो गया है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 21 से 25 सितम्बर तक आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो का सोमवार को समापन हो गया। पांच दिन तक चले ट्रेड शो में तीन लाख से भी ज्यादा लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। उपभोक्ताओं का सबसे ज्यादा फोकस प्रदेश के हस्तशिल्प, गारमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को लेकर देखने को मिला। वहीं सबसे खास बात ये रही कि 75 हजार से ज्यादा बी2बी एक्सपोर्ट ऑर्डर भी एग्जीबिटर्स को प्राप्त हुए।



- हस्तशिल्प उत्पादों की हुई जबरदस्त खरीदारी, 75 हजार बी2बी एक्सपोर्ट ऑर्डर भी मिले
- पहले ही प्रयास में सफल हुआ सीएम योगी का यूपी के लघु उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का संकल्प
- ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का हुआ समापन
- पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहुंचे तीन लाख से अधिक लोग
- यूपी के अलग-अलग जिलों से 300 महिला उद्यमियों ने भी लिया हिस्सा
- इंटरनेशनल ट्रेड शो में 60 देशों के 500 बायर्स भी पहुंचे



**ट्रेड शो में 60 देशों के 500 विदेशी बायर्स ने लिया हिस्सा**

ट्रेड शो में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। इनमें उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आई करीब 300 महिला उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया। जिन महिलाओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अपना छोटा व्यापार स्थापित किया है, उन्हें भी यहां पर मौका दिया गया था। ट्रेड शो में 60 देशों के 500 विदेशी बायर्स ने हिस्सा लिया। इन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। आखिरी दिन उपस्थित अतिथियों में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नारायण राणे।

एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के औधोगिक विकास और एक्सपोर्ट प्रमोशन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व एमएसएमई और खादी वस्त्र के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे।

**अबतक का नंबर वन ट्रेड शो साबित हुआ : नारायण राणे, केंद्रीय मंत्री**

इस अवसर पर भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि उत्तर प्रदेश का वातावरण देख कर बहुत अधिक प्रसन्नता हो रही है। यह ट्रेड शो अभी तक का नंबर एक ट्रेड शो रहा है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश में हर क्षेत्र का विकास हो रहा है, वह जल्दी ही सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा। 2030 तक हमारा देश को दुनिया की तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है, जिसे पूरा करने में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के लोग नौकरी के लिए दूसरे राज्यों में जाते थे, लेकिन प्रदेश में जिस तरह विकास हो रहा, उससे यह चीज साफ नजर आती कि अब यूपी के लोगों को अन्य राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि यहां इंडस्ट्री के लिए बेहतरीन माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विकास के हर मार्ग पर काम कर रहे हैं।

**ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने में मील का पत्थर साबित होगा ट्रेड शो : नंदी**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास और एक्सपोर्ट प्रमोशन मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने के लिए अग्रसर है। इसी साल फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 17 देशों में रोड शो किए, इसका फायदा यह हुआ कि प्रदेश को 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो मुख्यमंत्री के सपने, प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। नंदी ने कहा कि प्रदेश न केवल डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसी प्रकार एक्सप्रेस वे के मामले में भी देश के अन्य राज्यों से आगे है।

**हर साल होगा आयोजन : राकेश सचान**

एमएसएमई और खादी वस्त्र के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह ट्रेड शो प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह इस शो में उत्साह देखने को मिला है, उससे सरकार ने भी उत्साहित होकर हर साल इसका आयोजन किया जाएगा।

## हर नए दिन के साथ बढ़ती गई भीड़

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के पहले दिन 21 सितम्बर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली, मगर इसके बाद हर नये दिन के साथ लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48000 लोग मेले में पहुंचे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। इसके बाद चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई।



## ट्रेड शो के सफल आयोजन पर अधिकारियों को किया गया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड के सफल आयोजन को लेकर आयोजन में लगे अधिकारियों को सम्मानित किया गया, सम्मानित होने वालों में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह शामिल थे। ट्रेड शो के समापन पर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, एमएसएमई मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा, उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने गौतमबुद्ध नगर के अधिकारियों को सम्मानित किया। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर पहुंचाने के लिए पिछले दिनों सरकार ने ग्लोबल इनवेस्टर सम्मिट का आयोजन किया जिसका परिणाम बहुत ही सकारात्मक रहा है, उसी को देखते हुए सरकार ने पहली बार ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशन ट्रेड शो का आयोजन इंडिया एक्सपोमार्ट में किया जो बहुत ही सफल रहा। इस शो की सफलता में शासन प्रशासन का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## एग्जीबिटर्स ने मुख्यमंत्री योगी को कहा धन्यवाद

अपने हैंडलूम गारमेंट के साथ ट्रेड शो में पहुंची शैली ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का बहुत ही बढ़िया मंच मिला। सबसे अच्छी बात ये रही कि उन्हें इंटरनेशनल बायर्स भी बड़ी संख्या में मिले। वहीं गुलाबी मीनाकारी उद्योग से जुड़े नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार तरुण कुमार सिंह ने बताया कि पहली बार इतने व्यवस्थित ढंग से उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि अच्छी सेलिंग होने के साथ ही साढ़े चार लाख के करीब ऑर्डर मिले हैं। वहीं आजगमढ़ से ब्लैक पॉटरी लेकर आए एग्जीबिटर विकास प्रजापति ने भी अच्छी खरीददारी और ऑर्डर मिलने की बात कही। इसके अलावा ट्रेड शो में पहुंची नई दिल्ली की अमीषा ने बताया कि यहां बहुत ही यूनिक आइटम देखने को मिल रहा है। अमीषा ने हर्बल प्रोडक्ट की खरीदारी की।

## हस्तशिल्प उत्पाद रहे सबका आकर्षण

ट्रेड शो में लोगों की सबसे अधिक भीड़ हॉल नंबर 9, 10, 11, 12, 14 और 15 में हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल पर रही। लोगों ने कपड़ों की भी जमकर खरीदारी की। प्रदर्शकों ने भी इसका लाभ उठाया और कपड़ों की बिक्री पर छूट भी दी। ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत के साथ ही खान-पान, वेश-भूषा, पर्यटन और प्रमुख उत्पादों की झलक देखने को मिली।

## गलगोटियाज विवि को ट्रेड शो में शिक्षा के क्षेत्र में मिला पहला स्थान

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। इण्डिया एक्सपोमार्ट सेंटर में पांच दिवसीय यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो के समापन पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के लगे स्टॉल को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान मिला है। इस दौरान मुख्य अतिथि नारायण तातु राणे केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए ट्राफी प्रदान की। यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो में विवि के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित 'चन्द्रयान-3 का मॉडल' सभी के लिए अंतिम दिन तक बना रहा आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस मॉडल को शोभित अग्रवाल, तरुण सात्यकी और शैलवी गुप्ता द्वारा स्थापित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में एक सामूहिक पृष्ठभूमि और भारत में विनिर्माण के लिए एक साझा प्रयास से हुआ। विवि के कुलपति सुनील गलगोटिया ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम और अनुशासन दोनों ही सफलता के दरवाजों को खोलने में सहायक हैं। विवि के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी और टीम-वर्क की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।




### ग्रेनो प्राधिकरण ने किसानों को दी बड़ी राहत

## आबादी के भूखंड के निर्माण पर नहीं लगेगा जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किसानों को राहत दी है। किसानों को मिलने वाले आबादी भूखंड पर निर्माण में देरी होने पर अब जुर्माना नहीं लगेगा। हालांकि पूर्व में जिन भूखंडों पर भवन निर्माण विलंब शुल्क जमा हो चुका है, वह पैसा वापस नहीं होगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के किसान आबादी भूखंड पर निर्माण में देरी के लिए लगने वाले जुर्माने को खत्म करने की मांग कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पिछली बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को पास कर दिया था। अब इसका कार्यालय आदेश जारी हो चुका है। ओएसडी किसान आबादी सतीश कुमार कुशवाहा की ओर से

- किसानों को आवंटी आबादी के भूखंड पर निर्माण में देरी से प्राधिकरण ने हटाया जुर्माना

जारी कार्यालय आदेश के मुताबिक, किसानों को दिए जाने वाले चार प्रतिशत, पांच, छह, आठ और 10 प्रतिशत आबादी भूखंडों पर निर्माण में देरी होने पर किसी तरह का विलंब शुल्क नहीं लगेगा। हालांकि पूर्व में जिन भूखंडों पर विलंब शुल्क प्राधिकरण में जमा हो चुका है, उन पर यह निर्णय प्रभावित नहीं होगा। ऐसी धनराशि ना ही वापस की जाएगी और ना ही समायोजित की जाएगी। आदेश के मुताबिक, यदि किसान ने भूखंड बेच दिया है तो उस पर निर्माण के लिए तय समय बाद जुर्माना लगेगा। दो साल तक निर्माण नहीं करने पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसके बाद विलंब शुल्क देना पड़ेगा। पहले साल आवंटन दर का चार प्रतिशत, दूसरे साल छह, तीसरे साल आठ और चौथे वर्ष के बाद हर साल 12 प्रतिशत का विलंब शुल्क देना होगा। इस फैसले से हजारों किसानों को फायदा मिला है।

## यमुना प्राधिकरण में ऑटो मोबाइल्स कंपनियों से निवेश आने की उम्मीद

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। ऑटो मोबाइल्स कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक के बाद अब निवेश आने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने यहां पर आने की इच्छा जताई है। अगले दस दिनों में इन कंपनियों के प्रतिनिधि यमुना प्राधिकरण के अफसरों के साथ बैठक करेंगे। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑटो मोबाइल्स कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की थी। यहां पर यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने प्रजेंटेशन दिया था। उन्होंने इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को बताया। यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी दी। इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी के बारे में भी पूरा ब्योरा रखा। समिट के बाद डुकाटी, डनलफ, यामाहा, एमआरएफ समेत कई कंपनियों ने यहां पर निवेश की इच्छा जताई है। यामाहा का ग्रेटर नोएडा में पहले से प्लांट है। यमुना प्राधिकरण के अफसरों ने कंपनियों के सीईओ को पूरा ब्योरा दिया है। यीडा के बड़ी परियोजनाओं से लेकर यहां विकसित किए जा रहे सेक्टर के बारे में बताया है। एक बुकलेट सभी को दी गई। सभी को यहां आने के लिए आमंत्रित किया गया। बड़ी कंपनियों के सीईओ ने कहा कि उनकी टीम अगले 10 दिनों में यहां आएगी। यमुना प्राधिकरण के अफसरों के साथ बैठक करेंगे। उनकी साइट को देखने जाएंगे। ऑटो मोबाइल्स उद्योग के लिए मिट्टी, पानी आदि का विशेष महत्व रहता है। वह दोनों की जांच भी कराएंगे। अगर उनके अनुकूल सब कुछ ठीक रहा तो कंपनियां उद्योग लगाने के लिए आगे बढ़ेंगी।

- मोटो जीपी के बाद यमुना प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह के साथ कंपनियों के साईओ हुई बैठक
- दस दिनों में कंपनियों के प्रतिनिधि यीडा के अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

## ग्रेनो प्राधिकरण के आबादी विभाग में भूखंड लोकेशन बदलने का खेल

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के आबादी विभाग में भूखंड की लोकेशन बदलने का मामला सामने आया है। किसान ने आरोप लगाया कि गुपचुप तरीके से उसके भूखंड की लोकेशन बदल दी गई। पीड़ित ने सीईओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के खैरपुर गुर्जर गांव के निवासी किसान यतेंद्र ने बताया कि उनके भाई स्वर्गीय रविंद्र का किसान आबादी का प्लॉट नंबर 169 लगाया गया था। प्लॉट पहले जहां पर आवंटित किया गया था, वहां अतिक्रमण था। इसलिए दूसरी जगह पर प्लॉट को स्थानांतरित कर दिया गया। यह प्लाट टू साइड ओपन था। आरोप है कि प्लानिंग विभाग के अधिकारियों ने प्लाट की लोकेशन बदलकर उसे 10 फीट गहरे गड्ढ़े में कर दिया। प्लाट की लोकेशन बदलने की भनक तक नहीं लगने दी। यतेंद्र का आरोप है कि प्लानिंग विभाग के अधिकारियों ने मिलीभगत करके यह काम किया है। उन्होंने सीईओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

## रिन्यूअल एनर्जी विनिर्माण सुविधा के लिए सर्वोकॉन ने की घोषणा

**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो में प्रदेश के विभिन्न विभागों के साथ उद्यमियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं, जिसमें अपने उत्पाद को प्रदर्शित किया है। कई कंपनियां परम्परागत ऊर्जा रिन्यूवल एनर्जी पर केन्द्रित कर रही हैं। ट्रेड शो में हापुड की कंपनी सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड का स्टाल लगा हुआ है, हापुड़ में एक नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए एक बड़े पैमाने पर निवेश का चयन किया है, जिसमें 200 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हो रहा है। इस नई नवीनतम सुविधा के लिए मूल स्तंभ का शिलान्यास जल्द ही किया जाने वाला है, जो सर्वोकॉन के 35 साल के उद्घाटन के महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताता है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा करके योगदान करेगी। इसमें 220 किलोवोल्ट क्लास तक के ट्रांसफार्मर्स का निर्माण किया जा सकेगा और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण के लिए एक नई प्लांट का मार्ग बनेगा। सर्वोकॉन बिजली संशोधन और वोल्टेज स्थिरकरण के क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने का काम जारी रख रहा है। सर्वोकॉन के संस्थापक और प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह विस्तार सर्वोकॉन के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा का परिचय करके खुशी है,



जिससे हमारी उत्पादन क्षमता को 220 किलोवोल्ट क्लास ट्रांसफार्मर्स तक निर्माण करने की समर्थना मिलेगी और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण की जा सकेगी। सर्वोकॉन पर, हमारा अटल प्रतिबद्धता उत्कृष्टता के प्रति हमें प्रेरित करती है, और यह निवेश हमारे उद्घाटन ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के प्रति हमारी समर्पण को पुनः पुष्टि करता है। यह विस्तार सर्वोकॉन की शक्ति संशोधन क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति पुनर्निश्चित करता है और हरित ऊर्जा और नवाचारी विद्युत शक्ति क्षेत्र में सतत परिवर्तन को नेतृत्व करने की विशेष समर्पण की पुनर्निश्चित करता है। उनका ध्यान कटिंग-एज समाधानों और पर्यावरण में मित्रपूर्ण प्रौद्योगिकियों को प्रस्तुत करने पर है।

- इंडिया एक्सपोमार्ट ट्रेड शो में सोलर पैलन को उत्तर प्रदेश में बनाने के लिए होगा दो सौ करोड़ का निवेश

## जहांगीरपुर में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म

**जेवर,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मासूम बच्ची को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जहांगीरपुर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति किराये के मकान में रहते हैं तथा उन्हीं के पड़ौस में एक मकान खाली पड़ा हुआ है। आरोप है कि सोमवार दोपहर को पड़ोस का रहने वाला एक अधेड़ व्यक्ति चार वर्षीय मासूम बच्ची को बहलाफुसला कर खाली पड़े हुए मकान में ले गया जहां उसने मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मासूम बच्ची की चीख पुकार सुनकर पीड़ित स्वजन व पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बच्ची को लहुलुहान अवस्था में पाया तथा लोगों को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम बच्ची को जेवर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नगर वासियों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपित मंदबुद्धि का अधेड़ व्यक्ति है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता को उपचार के लिये भर्ती कराने के बाद पुलिस ने पीड़ित स्वजनों की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

- गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

## भाजपा के सभी मंडलों पर मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष की जयंती 11 मण्डलों के सभी बूथ पर मनायी, जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी के नेतृत्व में जिला इकाई के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि हम सब के मार्गदर्शक प्रेरणा स्रोत एकात्म मानवतावाद अन्तोदय के रूप में सबसे पीछे पायदान के व्यक्ति तक कार्य हो उसकी चिंता करने वाले परमपूज्य पंडित जी के सपने को आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका विकास सबके विश्वास के कार्य कर देश को आगे बढ़ा रहें है। इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, बिजेन्द्र प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, पवन नागर, सुनील भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, जिला मंत्री सत्यपाल शर्मा, रिंकू भाटी, सहवेंद्र कपासिया, मनोज प्रधान, रवि जिन्दल, महेश शर्मा, मनोज भाटी आदि मौजूद रहे।



## पशु क्रूरता पर आयोजित कार्यशाला में लोगों की जिम्मेदारी को कराया याद

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। पशु पक्षी प्रकृति के वरदान है जिनको सुरक्षित एवं संरक्षित किया जाना मनुष्य का संवैधानिक एवं विधिक दायित्व हैं। पशुओं के संरक्षण के संदर्भ में भारतीय विधिक एवं न्यायिक व्यवस्था में विधायिका एवं न्यायपालिका ने अप्रतिम योगदान दिया है। जहां एक तरफ विधायिका ने समय-समय पर विभिन्न विधियों की स्थापना की है वहीं पर न्यायपालिका ने सरल एवं सहज न्यायिक निर्वचन के माध्यम से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। वर्तमान कार्यपालिका का दायित्व है कि पशुओं के संदर्भ में होने वाली क्रूरता के प्रति कठोरतम एवं त्वरित कार्रवाई समय की आवश्यकता है। उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सह अतिरिक्त



जिला न्यायधीश ऋचा उपाध्याय ने लीगल एड क्लीनिक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पशु क्रूरता एवं संरक्षण संबंधी आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किया। उक्त अवसर पर संकायाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कांत द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। विभागाध्यक्षा डॉ. रमा शर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि को बैच अलंकरण करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र के संयोजक डॉ. संतोष कुमार तिवारी द्वारा किया गया। छात्र आशय सुंदरम द्वारा लीगल एड क्लीनिक द्वारा किए गए विविधि कार्यक्रमो का विवरण प्रस्तुतीकरण के माध्यम से किया गया। छात्रा कृतिका एवं अन्य छात्रों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. ममता शर्मा, डॉ. सतीश चंद्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र आयुष, शिवांश निष्ठा, सुजाता, जया, तान्या झलक आदि सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रविंद्र सिन्हा और कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने विभाग को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के तरफसे हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 26 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है।

जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है।

यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है।

वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं।

बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!

है रानी की बात नहीं है कि संसद के पांच दिन के लिए प्रस्तावित किंतु चार दिन ही चले विशेष सत्र के आखिरी दिन, सत्ताधारी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक गाली-गलौच का जो इतिहास कायम किया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, अपने ट्विटर एकाउंट तक से दो शब्द तक नहीं कहलवाए गए हैं। मणिपुर को जलता देखते रहने के बाद भी पूरे अस्सी दिन तक, उस पर दु:ख या पछतावे या चिंता का एक शब्द तक नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री की, अपनी पार्टी के एक सांसद के लोकसभा में खुलेआम नफरती सांप्रदायिक बोल बोलने पर चुप्पी, शायद ही किसी को हैरान करेगी। उल्टे सचाई यह है कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी, इस पूरे प्रसंग को सांप्रदायिक कंसोलिडेशन का ही हथियार बनाने की कोशिश में, उक्त संसदीय कदाचार के बाद से ही सत्ता पक्ष के अन्य मुंहों से निकले बोलों को ही, आगे बढ़ाती है।

बेशक, सत्ताधारी पार्टी के भी विशेष रूप से बदजुबान सांसदों में गिने जाने वाले, इस दक्षिण दिल्ली के सांसद ने जिस तरह भरी संसद में अपनी सांप्रदायिक नफरत की उल्टी ही कर दी और उसे संसद टीवी के जरिए तथा उससे बढ़कर सोशल मीडिया में वाइरल हुई वीडियो क्लिपों के जरिए दुनिया भर ने देख लिया, उसके बाद मोदी-शाह की भाजपा ने प्रकटत: नुकसान कम करने की भी कुछ कोशिशें की हैं। इन कोशिशों में अपनी पार्टी के दोषी सांसद को कारण बताओ नोटिस दिया जाना भी शामिल है। यह दूसरी बात है कि सभी जानते हैं कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी में ऐसे कारण बताओ नोटिस, तब तो झूठ-मूठ की रस्मअदायगी से रत्तीभर ज्यादा नहीं होते हैं, जब शिकायत सांप्रदायिकता की अति की हो। वास्तव में यह स्वांग भी इसलिए जरूरी हो गया था कि भाजपा सांसद ने घोर और आक्रामक सांप्रदायिक नफरत की उस सचाई को सारी दुनिया के सामने दिखा दिया, जो बार-बार तथा विभिन्न तरीकों से संघ के ईको-सिस्टम में अपना काम तो लगातार करती आ रही थी, लेकिन तिनके को ओट बनाकर। संसद के मंच पर पहली बार उसका खुलकर प्रदर्शन किया गया है। इसलिए, सत्ताधारी पार्टी के लिए, कारण बताओ नोटिस की तिनके की ओट फिर खड़ी करना जरूरी हो गया।

भारतीय जनतंत्र के दुर्भाग्य से कुछ ऐसी ही तिनके की ओट स्पीकर के पद की ओर से जुटाने की भी कोशिश की गयी। वाइरल वीडियो में सब कुछ साफ-साफ सारी दुनिया के देख लेने के बाद, लोकसभा के स्पीकर की ओर से, आपत्तिजनक शब्दों को कार्रवाई के रिकार्ड से हटा देने भर की कार्रवाई को, तिनके की ओट लेकर खुद को अलग करने की कोशिश ही कहा जाएगा। इसके अलावा, भाजपा के गालीबाज सांसद को स्पीकर ने इसकी चेतावनी भर देकर जाने दिया कि 'दोबारा ऐसा नहीं हो'! इस मामले में स्पीकर के निष्पक्षता का दिखावा तक छोड़ देने का अंदाजा सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि इससे पहले के मानसून सत्र के आखिर में, लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता, अधीर रंजन चौधुरी को, जो वास्तव में व्यावहारिक मानों में सदन में नेता विपक्ष हैं, सत्ताधारी पार्टी के मंत्री/मंत्रियों के लिए ''धृतराष्ट्र'' की पौराणिक संज्ञा का प्रयोग करने के लिए ही, सदन से निलंबित कर दिया गया था। जाहिर है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष का एक पैमाना है और विपक्षी सदस्यों के लिए एक अलग ही पैमाना है।

बहरहाल, तिनके की ओट में छुपने की इस मजबूरी का दायरा भी बस इतना ही था। इस पूरे प्रसंग में, संबंधित भाजपा सांसद के अलावा उस समय सदन में उसके ठीक पीछे बैठे दो पूर्व-मंत्रियों, हर्षवर्द्धन और रविशंकर प्रसाद की भी भूमिका तीखी आलोचना के दायरे में आ गयी। दोनों माननीय पूर्व-मंत्री, पूरे प्रकरण के दौरान हंस-हंसकर, अपने अनुमोदन से, अपने सांप्रदायिक गालीबाज संगी को बढ़ावा ही दे रहे थे, जो वीडिया में दर्ज भी हुआ था। इस मामले में काफी आलोचनाएं आने के बाद, रविशंकर प्रसाद ने तो एक संक्षिप्त आम खंडनात्मक बयान जारी कर, यह दावा कर के अपना दामन साफ हो गया मान लिया कि वह तो हमेशा मर्यादाओं का पालन करने में विश्वास रखते हैं, आदि। लेकिन, दिल्ली के सांसद हर्षवर्द्धन ने सोशल मीडिया में एक लंबी सफाई लिखकर अपना बचाव किया, जिसमें अपने मुस्लिम विरोधी नहीं होने का दावा किया गया था। इससे भी बेढ़ब यह कि उन्होंने यह बहाना बनाने की भी कोशिश की कि कहा-सुनी के बीच वह ठीक-ठीक सुन ही नहीं पाए थे कि उनके बगल में खड़ा उनका संगी सांसद क्या-क्या कह रहा था? लेकिन, इससे भी भयानक यह कि गंभीरता के इस सारे पाखंड के बीच, पूर्व-मंत्री ने अपने बयान में इसे बसपा सदस्य दानिश अली और भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी के बीच बहस और उत्तर-प्रत्युत्तर का मामला बनाकर, मामूली बना देने की बेशर्म कोशिश की थी।

यही सूत्र है जिसे बाद में आगे बढ़ाते हुए, भाजपा के एक और बदजुबानी के लिए कुख्यात सांसद, निशिकांत दुबे ने, यह कहने की रस्म अदायगी करने के बाद कि जो बिधूड़ी द्वारा कहा गया उचित नहीं था, स्पीकर को लिखी चिट्ठी में उल्टे बसपा सदस्य दानिश अली पर ही इसका इल्जाम लगा दिया कि वही, रमेश बिधूड़ी के भाषण के बीच में बार-बार टोक कर और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर, उन्हें भड़का रहे थे। और जैसा कि संघ-भाजपा के झूठ के प्रचार का एक जाना-पहचाना हथियार ही हो गया है, उन्होंने पीड़ित सांसद पर बाकायदा षडयंत्र का आरोप लगा दिया कि उन्होंने षडयंत्रपूर्वक भाजपा सांसद को गुस्सा दिलाया और वह ''बेचारे'' इस षडयंत्र के जाल में फंसकर, आपत्तिजनक बोल बोल बैठे! दुबे ने अपने इस पत्र के माध्यम से स्पीकर से सदन की अनुशासन समिति से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीड़ित पर ही आरोप लगाने का यह पूरा खेल, संघ-भाजपा के अनुमोदन से ही खेला जा रहा है। इसमें अगर किसी को संदेह हो तो सोशल मीडिया में संघ की ट्रोल सेना द्वारा इस संबंध में जो कुछ कहा गया है और जिस तरह इस हास्यास्पद ''षडयंत्र सिद्धांत'' को प्रचारित किया गया है, उससे यह साफ हो जाता है कि हर्षवर्द्धन तथा निशिकांत दुबे के रास्ते, पूरा संघ परिवार सांप्रदायिक गालीबाज भाजपा सांसद के पीछे खड़ा है। हैरानी की बात नहीं है कि यह सिलसिला जल्द ही, पीड़ित सांसद को तरह-तरह की धमकियां दिए जाने तक पहुंच चुका है।



राजेंद्र शर्मा

> **याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं।**

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं। और ठीक यहीं उनकी ही बगल में प्रधानमंत्री की चुप्पी को खड़े देखा जा सकता है, इस सब का अनुमोदन करते हुए और अपने अभयदान से सब को बढ़ावा देते हुए!

दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी और उनके बोल, दोनों एक ही काम करते हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की धार को सान पर चढ़ाने का काम। यह संयोग ही नहीं है कि जो प्रधानमंत्री, रमेश बिधूड़ी के कारनामे पर एकदम चुप्पी साधे रहे हैं, वही प्रधानमंत्री पिछले दिनों में अपनी आत्मप्रशंसा के अलावा, एक ही मुद्दे पर विशेष रूप से मुखर रहे हैं—कथित सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी। यहां इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की गुंजाइश तो नहीं है, पर इतना तो याद दिलाया ही जा सकता है कि जिस समय जी-20 के सिलसिले में विदेशी मेहमानों का भारत आना शुरू हो रहा था, उस समय भी प्रधानमंत्री मोदी को इसी सिलसिले में बुलायी गयी मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में भी, अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को इसके लिए तिकतिकाना बखूबी याद रहा था कि सनातन के मुद्दे पर ''उपयुक्त जवाब'' देना चाहिए!

उसके बाद, चुनाव की ओर बढ़ रहे राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और राजस्थान में भी, पहली ही फुर्सत में मोदी ने खुद ''उपयुक्त जवाब'' देने की कमान संभाल ली और इस प्रकरण के रास्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन को हिंदू-विरोधी, धर्मविरोधी, भारतीय संस्कृति विरोधी और अंतत: भारत विरोधी भी घोषित कर दिया। यह इसके बावजूद था कि यह मानना संभव ही नहीं है कि मोदी इससे कतई बेखबर हो सकते हैं कि उन्नीसवीं सदी के आखिर में गुजरात से ही, हिंदी-गुजराती प्रदेश के, तथाकथित सनातन धर्म के सबसे उग्र खंडनकर्ता, स्वामी दयानंद निकले थे, जिन्होंने खुद को सनातनी कहने वाले धार्मिक-सामाजिक सुधार-विरोधी मनुवादियों के खिलाफ ही, हिंदी-पंजाबभाषी क्षेत्र में अपनी पाखंड-खंडिनी पताका गाढ़ी थी और एक के बाद एक शास्त्रार्थों के जरिए खुद को सनातनी कहने वालों को चुनौती दी थी। हैरानी की बात नहीं है मोदी की इस मुखरता में, कथित सनातनियों के मनुवाद के खिलाफ, खुद हिंदू धार्मिक तथा सामाजिक सुधारकों के उन्नीसवीं व बीसवीं सदी के वास्तविक और विराट संघर्षों पर चुप्पी भी शामिल है। याद रहे कि इससे कुछ ही पहले, कर्नाटक चुनाव की हार के फौरन बाद, मोदी की ऐसी ही मुखरता समान नागरिक संहिता पर भी सुनाई दी थी। उससे पहले कश्मीर के विनाश से लेकर, नागरिकता कानून, विदेशी घुसपैठिए आदि, यहां तक कि कब्रिस्तान-श्मशान तक, ऐसे हरेक मुद्दे पर, जिसका सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था, मोदी की बोली सुनाई दी थी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जाने वाले हर मुद्दे पर, मोदी की वैसी ही मुखर चुप्पी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां

■ गिरीश लिंगन्ना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को लेकर आशान्वित हैं, जिसे उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में पेश किया था। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस परियोजना में शामिल सभी देश इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के खिलाफ़ नहीं मानते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इज़राइल के माध्यम से भारत को दक्षिणी यूरोप से जोड़ने वाले एक सुगम परिवहन मार्ग का निर्माण भारत के प्रभाव को बढ़ायेगा और चुनौतीपूर्ण 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' के लिए एक और विकल्प प्रदान करेगा जो ईरान और रूस से होकर गुजरता है लेकिन इसके विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले प्रयास के विपरीत, आईएमईसी एक नया रास्ता बनाना चाहता है जो इज़राइल और पूर्वी भूमध्य सागर को भारत के करीब जोड़ता है। चीन का अध्ययन करने वाले इजरायली थिंक टैंक सिंग्नल ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कैरिस विट्टे ने बताया कि सिर्फ दो दशक पहले, इस क्षेत्र को अदन की खाड़ी में समाप्त माना जाता था, जहां हिंद महासागर लाल सागर से मिलता है। सऊदी अरब और यूएईआईएमईसी को बढ़ते और लाभदायक भारतीय बाजार तक पहुंचने के एक रास्ते के रूप में देखते हैं। वे तेल पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और पैसा कमाने के नये तरीके ढूंढना चाहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन करने वाले और चीन तथा मध्य पूर्व में संघर्षों के बारे में लिखने वाले प्रोफेसर गाइबर्टन इसी बारे में बात कर रहे हैं- मैं नहीं मानता कि यह धारणा कि यह चीन के खिलाफ़ होगी, खाड़ी में व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में जी 20 शिखर सम्मेलन में आईएमईसी के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, लेकिन वास्तव में यह भारत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात थे जो समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सबसे अधिक दृढ़ थे, वाशिंगटन नहीं।

रियाद, विशेष रूप से, इस नये गलियारे को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को बदलने के साधन के रूप में देखता है। मुख्य रूप से तेल निर्यात करने के बजाय, सऊदी अरब का लक्ष्य पर्यटन, निवेश और रसद का एक प्रमुख केंद्र बनना है। यह परिप्रेक्ष्य अज़ीज़ अल-ग़शियान से आया है, जो एक सऊदी राजनीतिक विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, जो देश मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन बेचते हैं, नये गलियारे को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक विविध बनाने की उनकी योजनाओं के अनुरूप है।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है। ये सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भारत और यूरोपीय संघ तक नवीकरणीय बिजली और हरित हाइड्रोजन ले जायेंगे। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस का अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है, और यह इन धूप वाले देशों में बड़ी सौर परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होता है।

उन्होंने वास्तव में एक लंबा फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क बनाने का भी सुझाव दिया है जो इस परियोजना के क्षेत्रों के बीच इंटरनेट कनेक्शन को बेहतर बनायेगा।

इस महीने जी 20 शिखर सम्मेलन में एक कार्यक्रम के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने नये समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी बड़े सपने देखने की नींव रखता है। उसके तुरंत बाद, उन्होंने सऊदी अरब के वास्तविक नेता, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ दिल्ली में एक निजी बैठक की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने भारत में सऊदी निवेश में 100 अरब डॉलर लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया। यह निवेश योजना पहली बार 2019 में बनाई गई थी लेकिन महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

इस धनराशि में से लगभग 55अरब का उपयोग भारत के पश्चिमी तट पर एक विशाल यीरिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए किये जाने की योजना है। वे सऊदी अरब और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक रणनीतिक तेल रिजर्व बनाने का भी इरादा रखते हैं। यूएई की कंपनियों का एक समूह, जिसमें बंदरगाहों और मुक्त क्षेत्रों का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड शामिल है, ने पहले ही लॉजिस्टिक्स और भारत और मध्य पूर्व के बीच एक नियोजित खाद्य गलियारे के लिए 7अरब के वितरण नेटवर्क के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया है।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश शामिल हैं, के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 154.7अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 77प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि के दौरान, चीन ने इस क्षेत्र के साथ दोनों दिशाओं में लगभग 180अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया।

> **आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है।**

आईएमईसी के कार्यान्वयन में एक स्पष्ट भू राजनीतिक बाधा सऊदी अरब और इज़राइल के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की अनुपस्थिति है। हालांकि दोनों देशों के बीच कोई ज़मीनी सीमा नहीं है, लेकिन उन्हें सऊदी अरब द्वारा वित्तपोषित एक प्रस्तावित रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाना तय है, जो जॉर्डन तक फैली हुई है। जॉर्डन, जिसने 1994 में इज़राइल के साथ संधि कर शांति स्थापित की और रियाद के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाये रखा, इस संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईएमईसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, और इसे एक महत्वपूर्ण सहयोग पहल बताया जो क्षेत्रीय और वैश्विक एकीकरण और सहयोग के आकार और महत्व के संदर्भ में पहले देखी गई किसी भी चीज़ के विपरीत एक नये युग का प्रतीक है।

आधिकारिक संबंध नहीं होने के बावजूद, योजना अभी भी आगे बढ़ सकती है क्योंकि, जैसा कि इजरायली विश्लेषक विट्टे ने बताया, इजरायल और सऊदी अरब औपचारिक सामान्यीकरण के बिना वर्षों से चुपचाप व्यापार कर रहे हैं। आईएमईसी को वर्तमान स्थिति में भी पूरा किया जा सकता है, और यह सामान्यीकरण पर जोर नहीं देता है या इसकी मांग नहीं करता है।

सऊदी विश्लेषक अल-गशियान के अनुसार, आर्थिक गलियारे का मतलब यरूशलेम और रियाद के बीच संबंधों का तत्काल सामान्यीकरण नहीं है, जिस पर वर्तमान में अमेरिका के साथ तीन-तरफा वार्ता में चर्चा चल रही है। इसके बजाय, यह भविष्य में अंतत: घटित होने पर सामान्यीकरण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

आईएमईसी के संबंध में, वर्तमान में अनिश्चितता है कि कौन सी निजी कंपनियां भाग लेंगी, और जिन परियोजनाओं का काम उन्हें सौंपा जायेगा उनकी प्रकृति क्या होगी। परियोजना के विशाल पैमाने, व्यापक दायरे और जटिल प्रकृति को देखते हुए, एक सतत और मजबूत राजनीतिक दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## पावन प्रसंग

### मन की शुद्धि के लिए अन्न की शुद्धि

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन- वाली उक्ति अक्षरश: सत्य है। तामसिक और राजसिक भोजन करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की जड़ें खोखली होती हैं वरन उनका प्रभाव मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। आहार के अनुरूप ही मानसिक स्थिति में तमोगुण रहता है, कुविचार आते हैं। उत्तेजनाएं छाई रहती हैं। चिंता, उद्विग्नता और आवेश का दौर चढ़ा रहता है। ऐसी स्थिति में न तो एकाग्रता सधती है और न ध्यान धारणा बन पड़ती है। मन की चंचलता ही इंद्रियों को चंचल बनाए रखती है। शरीर भी उसी के इशारे पर चलता है। इस विघ्न को जड़ से काटने के लिए अध्यात्म पथ के पथिक सर्वप्रथम आहार की सात्विकता पर ध्यान देते हैं।

मन की 11वीं इंद्रिय कहा गया है। यह भी शरीर का ही एक भाग है। अन्न से रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से अस्थि और मज्जा, मेद, वीर्य आदि बनते-बनते अंत में मन बनता है। इसमें चेतना का समावेश तो है, मस्तिष्क संस्थान, वस्तुत: अन्न शरीर का ही एक भाग है। इसलिए स्वाभाविक है कि मन बनेगा। शरीरशास्त्री और मनोवैज्ञानिक भी इस संबंध में प्राय: एक मत है कि आहार से मन का स्तर बनता है। प्रकृति की कैसी विचित्रता है कि जहां मन की प्रेरणा से शरीर को चित्र-विचित्र काम करने पड़ते हैं, वहां यह भी एक रहस्य है कि मन स्तर शरीर द्वारा बनता है। यह शरीर जो आहार का, अन्न का उपादान है, जिसके आधार पर वह बनता, बढ़ता, परिपुष्ट होता है और उसी का पाचन समाप्त हो जाने पर अथवा उससे विषाक्तता रहने पर वह मर भी जाता है। शरीर जहां मन का अनुचर है, वहां उसकी स्थिति को बनाने में प्रमुख भूमिका भी निर्माता है। उस उलझन को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि शरीर प्रधान है या मन। गुत्थी इस तरह सुलझती है कि दोनों का सृजेता अन्न है। इसलिए शरीर और मन, दोनों का सूत्र संचालन मन को कहा जाए तो अतियुक्ति नहीं होगी।

प्रत्यक्ष जीवन का आधार आहार को ही माना गया है। इसके आधार पर ही शरीर बनता और बढ़ता है। इसकी शुद्धता क्यों आवश्यक है; इस संबंध में शास्त्रकार कहते है- 'अनन्मयं हि सौम्य मन:' अर्थात हे सौम्य, यह मन अन्नमय है। इसे अधिक स्पष्ट करते हुए छांदोग्योपनिषद् के छठे अध्याय के पांचवें खंड में उद्दालक ऋषि ने कहा है- जो अन्न खाया जाता है वह तीन भागों में विभक्त हो जाता है। स्थूल अंश मल, मध्यम अंश रस, रक्त, मांस का सूक्ष्म अंश मन बन जाता है। अगले खंड में कहा है- हे सौम्य, मंथन करने से जिस प्रकार निश्चित रूप से ग्रहण किए अन्न का जो सूक्ष्म भाग है, वह ऊपर जाकर मन बनता है इसी तरह पिए हुए जल का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर प्राण और घी, तेल आदि का सूक्ष्मभाग ऊपर जाकर वाणी बनता है। इससे सिद्ध है अन्न का कार्य ही मन है।'

अत: जीवन का व्यक्तित्व का स्तर निर्धारित करने के लिए सर्वप्रथम अन्न के स्वरूप को संबालन करना पड़ता है। क्योंकि वही शरीर को विनिर्मित करता है और उसी के अनुरूप मन की प्रवृत्ति बनती है। इस प्रधान आधार की शुद्धता पर ध्यान न दिया जाए तो न शरीर की स्थिति ठीक रहेगी और न मन की दिशाधारा में औचित्य बना रह सकेगा। अध्यात्म विद्या के वैज्ञानिक ऋषियों ने आहार के सूक्ष्म गुणों का, उसके समस्त आयामों का अध्यन्त गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था और यह पाया था कि प्रत्येक खाद्य पदार्थ अपने में सात्विक, राजसिक और तामसिक गुण धारण किए हुए है और उनके खाने से मनोभूमि का निर्माण भी वैसा ही होता है। साथ ही यह भी शोध किया गया था कि आहार में निकटवर्ती स्थिति का प्रभाव ग्रहण करने का एक विशेष गुण है। दुष्ट, दुराचारी, दुर्भावनायुक्त या हीन मनोवृत्ति के लोग यदि भोजन पकाएं या परोसें तो उनके वे दुर्गुण आहार के साथ सम्मिश्रित होकर खाने वाले पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### कोचिंग सेंटरों को प्रतिबन्धित करने की जरूरत

देश भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं।

आजकल हम आये दिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों को सुनते हैं। हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

आजकल प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हर माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा देना चाहते हैं। पहले भी तो कोई कोचिंग कक्षाएं नहीं होती थी। तब क्या छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपज गए हैं और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं।

-डॉ प्रियंका सौरभ

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## वेनेजुएला जल्द बन सकता है ब्रिक्स का सदस्य

**संयुक्त राष्ट्र।** वेनेजुएला बहुत जल्द ब्रिक्स ब्लॉक का सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसे रूस सहित सभी सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त है। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सप्ताह के अवसर पर स्पूतनिक को दी। श्री गिल ने कहा, हमने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और हम इसके भागीदार बनकर बहुत खुश हैं। हमने 22 अन्य देशों के साथ सदस्यता के लिए आवेदन किया है।



# विश्व मंच पर अकेले पड़ गए ट्रूडो

**लंदन,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। लोगों की नजरों में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो काफी हद तक अकेले पड़ गए हैं, अपनी आबादी से 35 गुना आबादी वाले देश से पंगा लेने के बाद। वहां की मीडिया में ये बात कही गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो की विस्फोटक घोषणा के कुछ दिनों बाद, फ़ाइव आइज़ ख़ुफ़िया गठबंधन में उनके सहयोगियों ने स्पष्ट रूप से सार्वजनिक बयान दिए, जो पूर्ण समर्थन से काफी कम थे।

■ वास्तविकता से करना पड़ रहा है सामना



ब्रिटेन के विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा था कि उनका देश कनाडा जो कह रहा है उसे बहुत गंभीरता से लेता है। लगभग समान भाषा का प्रयोग करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वह आरोपों से काफी चिंतित है। लेकिन शायद सबसे अधिक चौंकाने वाली चुप्पी कनाडा के दक्षिणी पड़ोसी, अमेरिका से आई। दोनों देश घनिष्ठ सहयोगी हैं, लेकिन अमेरिका ने कनाडा की ओर से नाराजगी व्यक्त नहीं की। जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में सार्वजनिक रूप से भारत का मुद्दा उठाया, तो यह निंदा करने के लिए नहीं, बल्कि एक नया आर्थिक मार्ग स्थापित करने में मदद करने के लिए भारत की प्रशंसा के लिए था। बाइडेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बाद में इस बात से इनकार किया कि अमेरिका और उसके पड़ोसी के बीच कोई %दरार% है। उन्होंने कहा कि कनाडा से परामर्श किया जा रहा है। लेकिन बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अन्य सार्वजनिक बयान कुछ ऐसे ही थे, जैसे गहरी चिंता। ये इस बात की ओर इशारा करते हैं कि पश्चिमी दुनिया के लिए भारत का कितना महत्व है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि कनाडा के लिए समस्या यह है कि उसके हित वर्तमान में भारत के व्यापक रणनीतिक महत्व की तुलना में बहुत कम हैं।



## लीबिया में बाढ़ के कारण 64 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी लीबिया में विनाशकारी बाढ़ के कारण कम से कम 64 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य अभी भी लापता हैं। फिलिस्तीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के राजनीतिक सलाहकार अहमद अल-दीक ने कहा कि हम लीबिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फिलिस्तीनी समुदाय की स्थितियों पर नज़र रख रहे हैं, ताकि इससे होने वाले बड़े नुकसान का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा, हम उनके (पीड़ितों के) परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उम्मीद है कि लापता लोग जीवित पाए जाएंगे। उल्लेखीय है कि विनाशकारी भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल ने 10 सितंबर को पूर्वी लीबिया में तबाही मचाई थी, जिससे भीषण बाढ़ आई। इसके कारण हजारों लोगों की जान चली गई और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति हुई।

## इजरायली आंदोलन ने नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की निंदा की

**तेल अवीव।** इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन ने कनाडा के संसद में एक यूक्रेनी नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की कड़ी निंदा की और आशा व्यक्त की कि देश के अधिकारी तदनुसार प्रतिक्रिया देंगे। यह जानकारी सोमवार को इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन के अध्यक्ष दिमित्री ट्रैपिरोव ने स्पूतनिक को दी। गौरतलब है कि शुक्रवार को, वयोवृद्ध 98 वर्षीय यूक्रेनी नाजी यारोस्लाव हंका, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी एसएस के 14 वें वेफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के रैंक में लड़े थे, को पूरे कनाडा की संसद ने खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया। हुंका को यह पहचान तब मिली जब हाउस ऑफ कॉमन्स के कनाडा की संसद में स्पीकर एंथनी रोटा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संबोधन से पहले परिचयात्मक टिप्पणी दे रहे थे। श्री ट्रापिरोव ने कहा कि फासीवाद विरोधी आंदोलन कनाडा में इजरायल के राजदूत को एक पत्र भेजेगा जिसमें इस प्रकार के कार्यों की अस्वीकार्यता के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, सबसे पहले हम इसकी निंदा करते हैं। पश्चिम भूल गया है कि फासीवाद और नाजीवाद क्या हैं। हमें उम्मीद है कि जैसा हमने किया है हमारे अधिकारी भी इसकी निंदा करेंगे, क्योंकि यहूदी लोग इन अपराधों को नहीं भूले हैं।

## सुडोकू 6328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 26 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी, तीर्थ यात्रा होगी।

मिथुन - गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

कर्क - संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभवी मौज-शौक की वस्तुएं वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्यजीवन का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। नौकरी में संभलकर रहें। साथियों का सहयोग कम मिलेगा।

कन्या - आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है।

तुला - आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा।

धनु - परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- संबंधियों से भेंट- उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा। कार्य सरलता से पूरे होंगे। नौकरी- धंधे में लाभ होगा।

कुंभ - पैसे की लेन-देन आपको नुकसान में डाल सकते हैं। एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पैसे का निवेश गलत जगह न हो, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होगा।

मीन - समाज में अग्रिम स्थान प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। नौकरी- व्यवसाय में वृद्धि का योग है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 के पार

**ढाका,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में इस साल अब तक डेंगू बुखार के 187,725 मामले सामने आए हैं जिनमें से 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए। देश में स्थानीय समयानुसार रविवार को सुबह 8:00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 16 और मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है। जून-सितंबर की मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।



## ब्रिटेन के अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत की जांच करेगा कोरोनर कार्यालय


**लंदन,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के एक अस्पताल से 30 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आ रहा है। यह घटना पिछले महीने की है। इस मामले में कोरोनर कार्यालय की जांच शुरू हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक के पिता का कहना है कि अगर परिवार को दूसरी मेडिकल राय का अधिकार दिया जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था।

गार्जियन अखबार ने सोमवार को बताया कि 58 वर्षीय जय पटेल ने कहा कि जब उनका बेटा बलराम बीमार पड़ गया, तो उसे अनुपयुक्त उपचार दिया गया और वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने से इनकार कर दिया गया, जिसे ब्रिटेन में मार्था के नियम के रूप में जाना जाता है।नियम मरीजों और उनके परिवारों को उसी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने का कानूनी अधिकार देता है, यदि उन्हें लगता है कि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और यदि मरीज की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है।जय ने कहा कि बलराम के फेफड़ों की हालत सही नहीं थी और 9 अगस्त को लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई, उन्होंने कहा कि कोरोनर कार्यालय उपचार में देखभाल और देरी के संबंध में एक जांच शुरू कर रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के अधिकारियों ने बलराम की मौत का कारण पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण) का उल्लेख तब किया, जब जय ने कोरोनर के कार्यालय में हस्तक्षेप किया। यूके सरकार की वेबसाइट के अनुसार, कोरोनर का कार्यालय उन सभी मौतों की जांच करता है जहां मौत के कारण अज्ञात है। यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को दोषी ठहराते हुए, जय ने कहा कि बलराम कई विकलांगताओं से पीड़ित था और विकास में देरी हो रही थी।





## वर्ग पहेली 6328



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला, एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेनदेन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

### वर्ग पहेली-6327

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ न | व | २ प्र | सू | ३ ता | ■ | ४ अं | ग | ५ रा | ज |
| ष्ट | ■ | या | ■ | ६ प | यो | द | ■ | जी | ■ |
| ७ नि | वा | स | ■ | रो | ■ | ८ रू | का | व | ९ ट |
| धि | ■ | र | ■ | १० ध | म | नी | ■ | ■ | टो |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ भू | चा | ल |
| ■ | धु | ■ | च | ■ | १४ स | वा | ल | ■ | ना |
| १५ प | र | १६ ख | ना | ■ | ह | ■ | १७ ना | १८ द | ■ |
| रि | ■ | लि | ■ | १९ ई | ना | २० म | ■ | हा | ■ |
| २१ प | पी | हा | ■ | जा | ■ | २२ ति | क | ड़ | २३ मी |
| क्व | ■ | २४ न | वो | द | क | ■ | ■ | ■ | न |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## अपहरण के 4 महीने बाद घर लौटा पाक पत्रकार



**इस्लामाबाद,** 25 सितंबर (एजेंसियां)। प्रमुख पाकिस्तानी पत्रकार और एंकर इमरान रियाज खान चार महीने पहले अगवा होने के बाद सोमवार को अपने परिवार के पास लौट आए। वो देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने मुखर रुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खुले समर्थन के लिए जाने जाते हैं।

उनकी सुरक्षित वापसी की रिपोर्ट की पुष्टि सियालकोट पुलिस ने की। इसमें कहा गया- पत्रकार/एंकर इमरान रियाज़ खान को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है... वह अब अपने परिवार के साथ हैं। इमरान रियाज़ खान के वकील ने भी उनके परिवार के पास सुरक्षित वापसी की खबर की पुष्टि की। वकील अशफाक ने कहा, खुदा के आशीर्वाद, कृपा और दया से, मैं अपने राजकुमार को वापस ले आया हूं। उन्होंने कहा, कमज़ोर न्यायपालिका और संविधान की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ कानूनी लाचारी सहित कई कठिनाइयों का सामना करने के कारण इसमें काफी समय लगा। इमरान रियाज़ खान की वापसी से उनके परिवार और पाकिस्तान के पत्रकार समुदाय ने राहत की सांस ली, जो महीनों से उनके जबरन और अवैध अपहरण का मुद्दा उठा रहे थेk11 मई को उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में रिहा होने के बाद, इमरान रियाज़ खान का 15 मई को अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया था। तब से, उसका ठिकाना अज्ञात रहा। उन्हें किसी भी अदालत के सामने पेश नहीं किया गया, न ही किसी प्राधिकारी द्वारा कोई आरोप तय किया गया। लाहौर हाई कोर्ट (एलएचसी) में एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें इमरान रियाज़ खान के ठिकाने का विवरण मांगा गया, जिसमें अदालत से मुख्यधारा के पत्रकार की बरामदगी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था।

## तुर्किए में 72 संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

**अंकारा,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। तुर्किये के सुरक्षा बलों ने सात प्रांतों में मादक पदार्थ विरोधी अभियानों में कम से कम 72 संदिग्ध तस्करों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान एग्री, मुगला, दियारबाकिर, तेकिरदाग, साकार्या, आयडिन और बिंगोल प्रांतों में चलाए गए। इस दौरान सकरिया में 9.5 किलोग्राम भांग और 0.5 किलोग्राम वजन वाले विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए गए। वहीं बिंगोल में 13 किलोग्राम भांग और आयडिन में लगभग 2.2 किलोग्राम भांग और 1.6 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया। इसके अलावा तेकिरदाग में लगभग 15,680 नशीली गोलियां, दियारबाकिर में 80 किलोग्राम पाउडर वाली भांग, 834,000 भांग के पौधे आदि और मुगला और एग्री में क्रमशः 2 किलोग्राम और 25 किलोग्राम तरल मेथामफेटामाइन जब्त किए गए। उन्होंने कहा, हम मादक पदार्थों के तस्करों को कोई राहत नहीं देंगे। हम उन्हें पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उन्हें अपने भविष्य, युवाओं और समाज में जहर घोलने की इजाजत नहीं देंगे।

## आज का इतिहास

1580- ब्रिटिश नाविक फ्रांसिस ड्रेक समुद्री रास्ते से पूरे विश्व का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश पहुंचे।
1629- स्वीडन और पोलैंड ने अल्टमार्क की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
1786- ब्रिटेन और फ्रांस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1820- भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म हुआ।
1919 - रोटरी क्लब ऑफ इंडिया की कलकत्ता में पहली बैठक हुई।
1923- जाने-माने अभिनेता देव आनंद का जन्म हुआ।
1932- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का जन्म हुआ।
1944- सोवियत बलों ने एस्टोनिया पर कब्जा किया।
1953- अमेरिका और स्पेन ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
1954- जापान में तूफान से पांच नौकाएं डूबने से लगभग 1,600 लोगों की मौत।
1976- चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
1980- सोयुज 38 पृथ्वी पर लौटा।
1985- ट्यूनीशिया ने लीबिया के साथ राजनयिक संबंध खत्म किये।
1996- अंतरिक्ष यान एसटीएस 79 (अटलांटिस 17), पृथ्वी पर वापस लौटा।
1998 - सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट में 18वां शतक बनाकर विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।
2007- वियतनाम के दक्षिणी शहर कैनथो में एक निर्माणाधीन पुल के ध्?वस्त हो जाने से 62 श्रमिकों की मौत हो गई।
2010- स्कॉटलैंड के सहायता कर्मी लिंडा नॉरग्रोव और तीन अफगान सहयोगियों को अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में तालिबान के सदस्यों ने अगवा कर लिया।
2013- सीरिया में रासायनिक हथियारों को खत्म करने को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को तैयार करने के लिए अमेरिका और रूस के बीच एक समझौता किया गया है।

**कूटनीति** चीन की यात्रा पर है नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड

## नेपाल और चीन में 12 समझौतों पर हस्ताक्षर

**काठमांडू,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल और चीन में एक एमओयू सहित 12 विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। यह करार नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की आधिकारिक चीन यात्रा के दौरान किए गए। दहल अपने चीनी समकक्ष ली कियांग के निमंत्रण पर चीन के दौरे पर हैं। उन्होंने 19वें एशियन गेम्स से इतर शनिवार को हांगझोऊ में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत की। नेपाली पक्ष के मुताबिक, ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में दहल और ली के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक एमओयू समेत इन 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। सोमवार को जिन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग और नेपाल के राष्ट्रीय योजना आयोग के बीच सहयोग, नेपाल के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन और वितरण पर 2017 नेपाल-चीन समझौता ज्ञापन के नोटों का आदान-प्रदान और एक अन्य समझौता शामिल है। डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ाने पर सहयोग के लिए चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग और नेपाल के वित्त मंत्रालय से संबंधित है।

■ नोटों का आदान-प्रदान भी समझौतों में है शामिल

इसी तरह, हरित और निम्न कार्बन विकास के लिए चीनी आयोग और नेपाल के वानिकी और पर्यावरण मंत्रालय के बीच सहयोग, कृषि, पशुधन और मत्स्य पालन के विकास के लिए सहयोग पर समझौता और चीन नेपाल की समीक्षा और संशोधन के लिए एक संयुक्त तकनीकी कार्य समूह का गठन हस्ताक्षरित समझौतों में 1981 में हस्ताक्षरित व्यापार और भुगतान समझौता भी शामिल था। इस अवसर पर चीन के सामान्य प्रशासन, सीमा शुल्क मंत्रालय और नेपाल के कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय ने नेपाल से चीन में औषधीय उत्पादन के लिए पौधों के निर्यात के संबंध में एक प्रोटोकॉल पर सहमति व्यक्त की है और इनके बीच एक समझौता हुआ है। चीनी प्रेस और प्रकाशन विभाग और संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद और प्रकाशन करेंगे। इसी तरह, दोनों के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग करने और आपदा सामग्री, मानव संसाधन और हिल्सा सिमिकोट सड़क परियोजना के निर्माण पर सहमति व्यक्त की। जो नेपाल की उत्तरी सीमा को चीन के तिब्बत से जोड़ेगा। दहल ने चीन के व्यापारिक समुदाय को नेपाल के आर्थिक विकास के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और दोनों देशों के निजी क्षेत्रों के बीच मजबूत सहयोग बनाने पर जोर दिया, जो विकास के इंजन के रूप में कार्य करता है।



## दुनिया को जानें

### कंबोडिया में 7 साल में जीका का पहला मामला सामने आया

**नोम पेन्ह,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। कंबोडिया में 2016 के बाद जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मध्य कम्पोंग थॉम प्रांत में एक सात साल की लड़की में संक्रमण की पुष्टि हुई है। उसे पिछले सप्?ताह सोमवार को डेंगू जैसे लक्षणों के साथ बरे सैंटुक रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंत्रायल के रविवार को जारी बयान में कहा गया है कि गुरुवार को जांच परिणाम से पुष्टि हुई कि वह जीका वायरस से संक्रमित हैं। जीका एक फ्लेविवायरस है जो मुख्य रूप से एडीज प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। इसके अलावा यह यौन संपर्क, रक्त संक्रमण और गर्भवती मां से बच्चे में भी फैलता है। इसमें गर्भ में शिशु की मृत?यु भी हो सकती है। जीका के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, दाने निकलना, लाल आँखें और जोड़ों का दर्द शामिल हैं। अधिकांश मरीज़ दो से सात दिन में ठीक हो जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं से सतर्क रहने और खुद को एडीज मच्छरों से बचाने और संक्रमण के लक्षण दिखने पर डॉक्टरों को दिखाने का आह्वान किया।

# प्रादेशिकी

## अनैना देवी में आश्विन नवरात्र मेले की तैयारी शुरू

**बिलासपुर,** 25 सितम्बर (एजेंसियां) हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ नैना देवी में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक अश्विन नवरात्र मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं के लिए किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों को लेकर सोमवार को मंदिर न्यास आयुक्त एवं बिलासपुर के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ निधि पटेल की अध्यक्षता में बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम स्वारघाट को मेला अधिकारी तथा एसएचओ कोट को सहायक पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ने निर्देश जारी किए कि इस वर्ष आश्विन नवरात्र मेले में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। शिक्षकों की जगह अन्य मिनिस्टर स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी। मेले में केवल वही लोग लंगर लगा सकेंगे जिनको विभाग द्वारा लाइसेंस दिया हो।

# धामी के नेतृत्व में डेलिगेशन लंदन के लिए रवाना

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 25 सिमत्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में दिसम्बर महीने में होने जा रहे उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए उत्तराखंड सरकार का एक डेलिगेशन लंदन के लिए रवाना हो गया है। हालांकि, इस डेलिगेशन का नेतृत्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कर रहे हैं। चार दिवसीय इस दौरे के दौरान सीएम धामी के नेतृत्व में डेलिगेशन लंदन के तमाम उद्योगपतियों के साथ बैठा करेगा। साथ ही दिसंबर में प्रस्तावित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए निमंत्रण देगा।

उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को सफल बनाए जाने और अधिक से अधिक निवेश उत्तराखंड में लाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उत्तराखंड के तमाम हिस्सों में बैठक करने के साथ ही कई राज्यों में जाकर डेलिगेशन उद्योगपतियों से बातचीत भी कर रही है। लिहाजा, ब्रिटेन में भी डेलिगेशन गया है जो इस चार दिवसीय दौरे के दौरान तय किए गए कार्यक्रमों के अनुसार उद्योगपतियों से उत्तराखंड में निवेश के लिए बातचीत करेगा। लंदन और बर्मिंघम में आईटी, फूड प्रोसेसिंग टूरिज्म, एजुकेशन, हेल्थ केयर के साथ ही ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के उद्योगपतियों की बैठक होगी। लंदन में 26 सितम्बर को रोड शो का आयोजन किया जाएगा। जिसमे उत्तराखंड डेलिगेशन, रोपवे के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे पोमा ग्रुप के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे। इसके अलावा लंदन के प्रमुख हस्तियों से भी उत्तराखंड सरकार का डेलिगेशन मुलाकात करेगा।



■ उद्योगपतियों के साथ करेंगे बैठक
■ लंदन में 26 सितम्बर को रोड शो का होगा आयोजन

इसी क्रम में बर्मिंघम में 27 सितंबर को डब्ल्यूएमजी वार्बिक मेनिफेक्चरिंग ग्रुप के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की जाएगी। इसके अलावा टीवीएस नॉर्टन ग्रुप के साथ उत्तराखंड में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा भी की जाएगी। सीएम धामी 28 सितंबर तक लंदन में ही रहेंगे और इन्वेस्टर्स के साथ बैठक और दो रोड शो भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने लंदन जाने से पहले 25000 करोड़ रुपए का निवेश उत्तराखंड समिट में मौजूदा समय तक हो जाने का दावा किया है। सरकार ने बीते दिनों यह भी दावा किया था कि राज्य में 6000 एकड़ भूमि निवेशकों की सुविधा के लिए तैयार है।

### निवेशकों को आमंत्रित करना बेहद जरूरी: सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि हम एक बड़ा आयोजन उत्तराखंड में करने जा रहे हैं। इसके लिए सभी निवेशकों को आमंत्रित करना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमारी एक टीम विदेश जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम उद्यमियों से मुलाकात करने के बाद हम वैश्विक निवेशक सम्मेलन आयोजित करेंगे, हमें अभी से विदेशी धरती के निवेशकों का प्रस्ताव मिला है और उम्मीद है कि दिसंबर महीने में राज्य सरकार इसमें तेजी से आगे बढ़ेगी।आने वाले सालों में राज्य में युवाओं को रोजगार मिलेगा। सीएम धामी ने कहा है कि हमने यह निर्णय लिया है कि उत्तराखंड में जितने भी उद्योग लगेंगे, उसमें उत्तराखंड के लोगों को सबसे अधिक वरीयता दी जाएगी।

## महिला आरक्षण बिल आधी आबादी के साथ धोखा : गोदियाल

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के शिर्ष नेता गणेश गोदियाल ने कहा कि मोदी सरकार का महिला आरक्षण बिल पूर्व के जुमलों की तरह एक शिगूफा है। अगर उनकी नीयत साफ है तो इसे तुरंत लागू क्यों नहीं करती। भाजपा ने ऐसा नहीं करके आधी आबादी के साथ धोखा किया है। मीडिया को दिए एक बयान में गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से देशवासियों के साथ छल करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को जातिवाद क्षेत्रवाद व संप्रदायवाद में बांटने का काम कर रहे है। महिला आरक्षण बिल भी इसी का परिणाम है। जोकि पूरी तरह से चुनाव जीतने के लिए एक तरह का हथंकडा है। महिलाओं को देश में मर्द के समान देने का अधिकार कांग्रेस ने दिया था। कांग्रेस ही महिलाओं को हर क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिए जाने की पक्षधर रही है। किन्तु भाजपा सरकार महिलाओं के साथ छल करने का काम कर रही है। इस सरकार को सिर्फ वोटबैंक चाहिए जिसके लिए यह सरकार कुछ भी करने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समझ में कुछ दिनो में आ जाएगा कि यह सरकार महिलाओं को लेकर राजनीतिक गोटियां खेल रही है। गोदियाल ने कहा सहकारिता विभाग में भर्ती घोटाले की रिपोर्ट जांच समिति ने सरकार को सौंप दी है। उन्हें पता चला है कि यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री तक पहुंच गई है। उन्होंने रिपोर्ट को तत्काल सार्वजनिक करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## स्कूलों में शौचालयों व पेयजल की स्थिति पर हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल,** 25 सिमत्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के राजकीय इंटर कॉलेज, धानाचूली में शौचालय सुविधाओं के संबंध में सरपंच हंसा लोधियाल और धानाचूली वन पंचायत के 20 सितम्बर 2023 के पत्र का स्वयं संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने पत्र का विस्तृत रूप से संज्ञान लेकर सरकार से पूछा है कि प्रदेश में कितने स्कूल हैं। उनमें कितनों में शौचालय व पीने की पानी की सुविधा है? उनकी देखरेख के लिए कितना बजट दिया जाता है? स्कूलों में अभिभावक संघ का गठन हुआ है या नहीं? दो सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराएं।

इस संबंध में कोर्ट ने सेक्रेटरी सेकेंडरी एजुकेशन व सेक्रेटरी हायर एजुकेशन से भी जवाब पेश करने को कहा है। मामले पर अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह काफी गंभीर समस्या है। स्कूलों में पानी और शौचालयों की सुविधा नहीं होना, बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। मामले के मुताबिक, राजकीय इंटर कॉलेज धानाचूली, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक लगभग 450 छात्र अध्ययन कर रहे हैं, क्षेत्र का यह एकमात्र शिक्षा का संस्थान है, जो युवाओं की शिक्षा और विकास के लिए काम कर रहा है। इस कॉलेज में कुल बारह शौचालय हैं। 6 शौचालय में ताला लगा हुआ है। जांच करने के उपरांत प्रधानाचार्य ने बताया कि ये शौचालय नियमित सफाई के लिए कर्मचारियों के अभाव के कारण बंद रहते हैं। यह चिंताजनक स्थिति छात्र व छात्राओं के लिए है। शौचालय नहीं होने से छात्राएं स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो रही हैं। कई बार इसकी शिकायत की गई परंतु सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ।



■ कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, दिया 14 दिन का समय
■ सरपंच हंसा लोधियाल व धानाचूली वन पंचायत के पत्र का लिया संज्ञान
■ 12 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

## सार संक्षेप

### भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.0 रही तीव्रता

**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह 8:35 पर भूकंप के झटके महसूस किये गये। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.0 मापी गई है। भूकंप का केंद्र हिमाचल राज्य से लगे मोरी ब्लॉक के कोठीगाड रेंज में जमीन से पांच किमी नीचे था। विदित हो कि वर्ष 1991 के विनाशकारी भूकंप के बाद से अब तक उत्तरकाशी में 70 से अधिक बार भूकंप के झटके आ चुके हैं। इससे पहले भी उत्तरकाशी में भूकंप के झटकों से धरती डोली है। बीते 29 अगस्त को भी यहां 2.8 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया था।

### जोशीमठ में भूधंसाव की हालत गंभीर

**देहरादून।** जोशीमठ में भूधंसाव के असल कारणों की पड़ताल और समाधान सुझाने के लिए सरकार ने जो जिम्मेदारी विभिन्न विज्ञानी संस्थानों को सौंपी थी, उनकी रिपोर्ट अब सार्वजनिक कर दी गई है। जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया (जीएसआइ) की जांच रिपोर्ट पर गौर करें तो विज्ञानियों ने भूधंसाव की स्थिति के इतिहास और वर्तमान दोनों ही परिस्थितियों पर विस्तृत अध्ययन किया है। हालिया अध्ययन में संस्थान के विज्ञानियों ने पाया कि कुल 81 दरारों में से 42 दरारें नई हैं, जोकि दो जनवरी 2023 से पूर्व की हैं। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया है कि दरारों की स्थिति अब स्थिर है। एनडीआरआई व वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान की भांति इस बात का उल्लेख किया है कि जोशीमठ का भूभाग पुरातन भूस्खलन के ढेर पर बसा है। इसमें ढीले मलबे के साथ विशाल बोल्डर भी हैं। ये बोल्डर ढालदार क्षेत्र में ढीले मलबे में धंसे हैं।

### सुक्खू ने पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप के लिए वेबसाइट व प्रोमो किया जारी

**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को कांगड़ा जिला के बीड़-बिलिंग में 26 अक्तूबर, 2023 से आयोजित होने वाले क्रॉस कंट्री पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप-2023 के लिए आधिकारिक वेबसाइट और प्रोमो जारी किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 28 देशों के 159 प्रतिभागियों ने पहले से ही पंजीकरण कर लिया है। बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फ्रांस, स्वीडन, जर्मनी, चीन, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, कजाकिस्तान, नार्वे, नेपाल, वियतनाम, चेक गणराज्य, बुल्गारिया, कनाडा सहित भारतीय वायु सेना, सेना और नौसेना के प्रतिभागी भी शामिल होंगे।

### सुडोकू 6328 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

# 49वीं भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस का आयोजन 7 अक्टूबर से दून में

**देहरादून,** 25 सिमत्बर (देशबन्धु)। 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस का आयोजन वन अनुसंधान संस्थान में 7 व 8 अक्टूबर को किया जायेगा। आज यहां इसकी जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस (एआईपीएससी) का आयोजन उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में 07 एवं 08 अक्टूबर, 2023 को किया जायेगा। पुलिसिंग इन अमृत काल थीम पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार की संस्था पुलिस विकास एवं अनुसंधान ब्यूरो (बीपीआर एण्ड डी) के तत्वावधान में इसे आयोजित कराया जा रहा है। 12 वर्षों के लम्बे अन्तराल के पश्चात् अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड की पहल पर इसे अपने राज्य में कराने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इससे पूर्व 41वें एआईपीएससी का आयोजन 21 से 23 जून, 2011 के मध्य वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में ही कराया गया था। 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस का उद्घाटन 7 अक्टूबर को वन अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत हॉल में पूर्वाहन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अमित शाह, गृह मंत्री, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि बनने के लिए सहमति दे दी है और मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी अतिविशिष्ट सम्मानित अतिथि होंगे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने एवं अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु पूरे देशभर से पुलिस अधिकारी, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, न्यायविद, विज्ञान विशेषज्ञ तथा दूसरे हितधारक उपस्थित होंगे। समापन समारोह 08 अक्टूबर, 2023 को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) सभागार में सायं 04 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल उत्तराखण्ड लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने मुख्य अतिथि बनने के लिए सहृदय सहमति दे दी है। 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस (एआईपीएससी) के सम्बन्ध में बीपीआर एण्ड डी द्वारा एआईपीएससी का पहली बार आयोजन वर्ष 1960 में बिहार में किया गया था। तब से इसे अभी तक 48 बार विभिन्न राज्यों में आयोजित किया जा चुका है। विभिन्न राज्य पुलिस बलों तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों के साथ विचारकृविमर्श कर बीपीआर एण्ड डी प्रत्येक एआईपीएससी के विषय निर्धारित करता है। इन्हीं निर्धारित विषयों पर पेपर आमंत्रित किये जाते हैं तथा चर्चा एवं नीति निर्धारण के सुझाव केन्द्रित होते हैं।



■ देशभर से पुलिस अधिकारी लेंगे भाग

# 30 नवम्बर तक सड़कों को करें गड्ढ़ा मुक्तः रतूडी

**देहरादून,** 25 सिमत्बर (देशबन्धु)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी ने लोक निर्माण विभाग को 30 नवम्बर तक सडकों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिये। आज यहां सचिवालय में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग को 30 नवम्बर तक सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने तथा शहरी विकास विभाग को शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक और कूड़ा निस्तारण के लिए जल्द से जल्द एक मजबूत सिस्टम तैयार करने हेतु सख्त हिदायत दी हैं। इसके साथ ही एसीएस ने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं को तेजी से पूरा करने के लिए शासन स्तर से धरातल स्तर तक समय सीमा निर्धारित की जाय। मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन को शीर्ष प्राथमिकता पर लिया जाय। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों के क्रम में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में लोक निर्माण, शहरी विकास, आवास और औघोगिक विकास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागीय सचिव के स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाय। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी घोषणाओं को पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून अवधि में अतिवृष्टि के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों में जो गड्ढ़े हुए हैं, उन सड़कों को गड्ढ़ा मुत्तफ करने के लिए तेजी से कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विधायकों द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्रों में जिन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किये जाने की अपेक्षा की गई है, उनमें त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। बैठक में अपर सचिव लोक निर्माण विभाग विनीत कुमार एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# ध्वस्त हो रही कानून व्यवस्था, झूठी गारंटियों व माफिया राज के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा को घेरा

**शिमला,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा चुनाव के समय झूठे वादों और गारंटियों से जनता को गुमराह करके सत्ता में आई कांग्रेस का असली चेहरा 9 महीनों में ही बेनकाब हो गया है। इस सरकार का न तो कोई विजन है और न ही कोई प्राथमिकता। सत्ता के मजे ले रही इस सरकार को जनता की पीड़ा का भी कोई अहसास या परवाह नहीं है। यहां तक कि प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए भी सरकार में कोई तालमेल नजर नहीं आया। मुख्यमंत्री, मंत्री और कांग्रेस नेता अलग-अलग राग अलापते रहे। आपदा पीड़ितों की सही मायनों में मदद करने के बजाए कांग्रेस सरकार का फोकस इस बात पर रहा कि त्रासदी की वजह से राजनीतिक नुकसान से कैसे बचा जाए। कोई भी सरकार देश या प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए बनती है, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस की सरकार इस पर्वतीय राज्य को पीछे धकेलने का काम कर रही है। आपदा से उबरने के लिए केंद्र से भरपूर मदद मिलने के बावजूद अहसानफरामोश सत्ता पक्ष केंद्र सरकार पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे आरोप लगा रहा है। शिमला में आक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि 9 महीने पहले सत्ता में आई कांग्रेस ने एक भी फैसला जनहित में नहीं लिया। उसने कदम-कदम पर जनविरोधी फैसले लिए। भर्ती परीक्षाओं के रिजल्ट नहीं निकाले जा रहे हैं। कोरोना के समय नियुक्त किए गए लगभग 1800 कर्मचारियों को नौकरी से हटाने के नोटिस जारी हो चुके हैं। इसी तरह पीडब्ल्यूडी और आईपीएच समेत कई अन्य विभागों और संस्थानों से हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों को घर भेज दिया गया।



चुनाव के समय झूठे वादों और गारंटियों से जनता को गुमराह करके सत्ता में आई कांग्रेस का असली चेहरा 9 महीनों में ही बेनकाब हो गया : जयराम ठाकुर

# मानसून सत्र के अंतिम दिन प्रदेश विधानसभा में बढ़ते ड्रग के खतरों व तस्करी का मुद्दा गूंजा

**शिमला,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। मानसून सत्र के अंतिम दिन प्रदेश विधान सभा में बढ़ते ड्रग के खतरों व तस्करी का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस के राजेश धर्माणी ने प्रश्नकाल के दौरान नशे के लगातार बढ़ते खतरे का मामला उठाया। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में ड्रग का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से पार पाने के लिए कारगर कदम उठाए जाने की दरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4445 नशा तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में गिरफ्तार तस्कर नशाखोरी का शिकार है। तस्कर नशे की लत में फंसे युवाओं को कैरियर के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से जानना चाह कि गिरफ्तार ड्रग तस्करों में से कितनों को इसकी लत लग चुकी है? कितने वास्तव में तस्कर हैं? सरकार को बढ़ती नशा तस्करी के मूल कारण तक पहुंचना होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अनुपस्थिति में धर्माणी के सवाल का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ड्रग तस्करी पर नियंत्रण कैसे लगाया जाए यह प्रदेश की चिंता है। उन्होंने कहा कि सरकार चुनौती से पार पाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। कहा कि हिमाचल बॉर्डर स्टेट है। पड़ोसी राज्यों से नशा यहां पहुंचता है। नशा तस्करी के इस साल 1574 केस दर्ज हुए। 11.5 किलो चिट्टा बरामद हुआ। बीते साल 7.182 किलो चिट्टा बरामद हुआ था। बीते तीन सालों में प्रदेश में 4445 नशा तस्कर गिरफ्तार किए गए।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने के मकसद से एनडीपीएस एक्ट में विधान सभा में संशोधन विधेयक पारित कर केंद्र की मंजूरी को भेजा है। संशोधन को मंजूरी मिलने पर प्रदेश में 5 ग्राम से कम चिट्टे के साथ गिरफ्तार युवाओं की भी जमानत नहीं होगी। सरकार नशा तस्करों की संपत्ति जब्त कर रही है। अब तक तस्करों की 14.35 करोड़ की संपत्ति जब्त हो चुकी है। नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर द्वारा इस मुद्दे पर पूछे गए अनुपूरक सवाल का उत्तर देते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस थानों व चौकियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। हरोली में पुलिस थाना खोलने का फैसला लिया गया है. उन्होंने कहा कि नशा खोरी व तस्करों पर रोकने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों एक साल तक जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। इस मुद्दे पर सरकार कारगर निर्णायक जंग लड़ेगी।

# मोदी सरकार ने महिलाओं को संसद में एक तिहाई आरक्षण का झुंझना थमाया : डोली शर्मा

**शिमला,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता डोली शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि उन्होंने 2024 लोकसभा चुनावों के मद्देनजर महिलाओं को संसद में एक तिहाई आरक्षण का झुंझना थमा दिया हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा महिलाओं की इतनी ही हितेषी है तो उन्हें इसे देश मे 2024 के लोकसभा चुनावों से लागू करना चाहिए। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए डोली शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि उसने लोकसभा का विशेष सत्र बुला कर केवल भव्य आयोजन कर देश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सही में महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण की हितेषी होती तो इसे देश मे अगले साल 2024 से ही लागू करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस बिल को पारित करवाने में पूरा समर्थन दिया हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का इसे लागू करने के लिये पहले जनसंख्या गणना व डी लिमिटेशन की बात करना साफ है कि यह भी 15 लाख की तरह एक जुमला ही साबित होगा।

डोली शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने महिला आरक्षण की शुरुआत 1989 में की थी। उस समय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इस बिल का विरोध किया था और यह बिल राज्यसभा में केवल 7 मतों से पराजित हो गया था। उसके पश्चात कांग्रेस महिला आरक्षण को लेकर प्रयासरत रही। 1992 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने महिला संशोधन बिल लाकर नगर निकायों व पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण निहित किया।

डोली शर्मा ने कहा कि संसद में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने के लिये कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2010 में महिला दिवस पर प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा। उसके बाद राहुल गांधी ने इसी पत्र का हवाला देते हुए 2011 में महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की।



प्रदेश सरकार अपनी सभी चुनावी गारंटियों को पूरा करेगी। प्रदेश सरकार ने ओपीएस लागू कर अपनी पहली गारंटी पूरी कर दी हैं। प्रदेश में आपदा की इस घड़ी में भाजपा प्रदेश सरकार को कोई भी सहयोग नही दे रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता केंद्र से कोई भी मदद में सहयोग नही कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर विशेष आर्थिक मदद की मांग की पर भाजपा का कोई भी नेता प्रधानमंत्री से नही मिला है: डोली शर्मा, प्रवक्ता

# हिमाचल में करोड़ों के क्रिप्टो करेंसी स्कैम की जांच होगी

**शिमला,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल में करोड़ों के क्रिप्टो करेंसी स्कैम की जांच होगी। जांच के लिए सरकार ने एसआईटी का गठन करने का ऐलान किया है। उत्तरी रेंज के डीआईजी अभिषेक दुल्लर एसआईटी के मुखिया होंगे। निर्दलीय विधायक होशियार सिंह द्वारा सदन में प्रश्न काल के दौरान क्रिप्टो करेंसी घोटाले को लेकर पूछे गए सवाल का उत्तर देते हुए उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जांच का आश्वासन दिया। होशियार सिंह के सवाल का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिप्टो करेंसी के घोटाले देश व विदेशों में हो रहे हैं। जल्द पैसा बनाने के इच्छुक लोग इसकी लपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी घोटाले को लेकर अलग अलग पुलिस थानों में आधा दर्जन एफआईआर दर्ज की गई हैं। घोटाले को लेकर पुलिस को 56 शिकायतें मिली हैं। क्रिप्टो करेंसी घोटाले को लेकर 5 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पहले निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने प्रश्न काल के दौरान सदन में क्रिप्टो करेंसी घोटाले को लेकर सवाल पूछते हुए कहा कि हमीरपुर जिला में 200 करोड़, ऊना में 100 तथा कांगड़ा जिला में 250 करोड़ का क्रिप्टो करेंसी घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके देहरा चुनाव क्षेत्र में करीब 10 करोड़ का क्रिप्टो स्कैम हुआ है। 450 लोगों का डेटा उनके पास उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले की एसआईटी अथवा उच्च न्यायालय के किसी रिटायर न्यायाधीश से जांच करवानी चाहिए। जांच में यह भी देखा जाना चाहिए कि घोटाले के तार कहीं राजनीतिक संपर्क रखने वाले लोगों से तो नहीं जुड़े हैं।

■ सरकार ने एसआईटी का गठन करने का ऐलान किया

# प्रादेशिकी

### गणपति विसर्जन यात्रा के दौरान हादसा, छात्र की मौत

**फर्रुखाबाद,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। गणपति विसर्जन यात्रा के दौरान अचानक हादसा होनें से दो मासूम घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में निजी चिकित्सक के पास भेजा गया। जहां एक बालक को मृत घोषित कर दिया गया। थाना मऊदरवाजा के गंगा दरवाजा से गणपति विसर्जन यात्रा गुजर रही थी। उसी दौरान रामकिशन यादव के आवास से रामशरण के मकान तक मटकी फोड़नें का कार्यक्रम था। गणपति यात्रा जब रामकृष्ण के घर के सामने पंहुची तो मटकी फोड़ने का कार्यक्रम शुरू हुआ। मटकी फोड़ने के दौरान रामकृष्ण के छज्जे पर लगा पिलर अचानक गिर गया। जिससे नीचे खड़े 10 वर्षीय अनुराग राजपूत पुत्र अनिल निवासी अंगूरी बाग, 12 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र सुनील मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नाला मछरटटा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया।

## सभी विभागों में तत्काल भरें रिक्त पद : योगी

**लखनऊ,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गणों के साथ विभागवार कार्मिकों की

■ **मुख्यमंत्री ने विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय विभागों में मानव संसाधन का अभाव विभागीय कार्यक्षमता और जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नियुक्तियों में विलंब से केवल बैकलॉग बढ़ता है, बल्कि युवाओं की अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर भी नहीं मिलता। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने यहां नियुक्ति की प्रक्रिया को समय से आगे बढ़ाएं।

रिक्तियों के संबंध में जिलों से प्राप्त हो रही जानकारी की समीक्षा भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों में ग्राम/नगर और जिला से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक संवर्ग की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक रिक्तियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों/ प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।



**तीस सितम्बर तक पूरी हो जाए विभागीय पदोन्नति : योगी आदित्यनाथ**

नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व आरक्षण नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएं। इस वर्ष मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ विभागाध्यक्ष अथवा लोक सेवा आयोग स्तर पर की जाने वाली पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में तीस सितम्बर तक पूरी कर ली जाए। पदों के सापेक्ष हमें प्रशिक्षण क्षमता को भी बढ़ाना होगा तथा तकनीक का उपयोग करते हुए भर्ती प्रक्रिया में लगने वाले समय को और कम करना होगा वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद जनपद में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। इसके कारण अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। प्राथमिकता के साथ यहां योग्य कार्मिकों की तैनाती की जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद, आकांक्षात्मक विकास खंड और आकांक्षात्मक नगरीय निकायों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित करें कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार मानव संसाधन की रिक्ति न हो। विभिन्न कार्यों में तैनात आउटसोर्सिंग कार्मिकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कार्मिकों को न्यूनतम मानदेय अवश्य मिले, समय पर मिले और पूरा मिले। किसी भी दशा में एक भी कर्मचारी का शोषण नहीं होना चाहिए।

### नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता : मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बदलते दौर के साथ नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता है। तदनुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। राजस्व विभाग में समायोजित किये गए चकबंदी लेखपालों का विधिवत प्रशिक्षण कराएं। पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर जारी चयन की प्रक्रिया आगामी दिसंबर तक पूरी कर लें। समयबद्ध पदोन्नति शासकीय सेवा का हिस्सा है। हर कर्मचारी को नियत समय पर इसका लाभ मिलना ही चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभाग में अतिरिक्त कार्मिकों की उपलब्धता हो, उन्हें नियमानुसार अन्य विभागों में समायोजित किया जाए। पदोन्नति वाले पदों में यदि योग्य अभ्यर्थी न मिलें तो प्रतिनियुक्ति पर विचार किया जाना चाहिए। पदोन्नति में आवश्यकतानुसार शिथिलीकरण भी किया जा सकता है।

## उप्र में 62 हजार मार्गों का कायाकल्प करेगी सरकार

**लखनऊ,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण गड्ढा मुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2023-24 के बीच गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को हासिल करने में लोक निर्माण विभाग ने अपने टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य पूरा किया है। वहीं, राष्ट्रीय मार्गों की बात करें तो उसने अब तक 75.30 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में सफलता पाई है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 में 62 हजार से अधिक मार्गों को गड्ढामुक्त व रीस्टोरेशन वर्क्स से सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया को विस्तृत कार्ययोजना क्रियान्वयन के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है।

■ **प्रदेश के सड़कों को गड्ढा मुक्ति व सुदृढ़ीकरण पर जोर**

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 करोड़ रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आबंटित किया जा चुका है तथा योगी सरकार द्वारा लगातार कार्य पूर्ति की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के आधीन कुल मिलाकर 1.14 लाख किलोमीटर सड़कें हैं जिनका कुल योग 2.66 लाख किमी है। इसमें से इस वर्ष 62 हजार से ज्यादा सड़कों का मेकओवर करना निर्धारित किया गया है।

इसमें से गड्ढा मुक्ति का लक्ष्य 44869 मार्गों का निर्धारित है जबकि 17588 सड़कों के नवीनीकरण व रीस्टोरेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाना प्रस्तावित है। इसमें से गड्ढा मुक्ति की दिशा में 1711 व 5277 मार्गों का रीस्टोरेशन वर्क्स इस वर्ष अब तक पूरा कर लिया गया है। यानी, कुल 6988 मार्गों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कार्य किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति के कार्यों का प्रतिशत 3.81 रहा जबकि रीस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को 30 प्रतिशत पूरा गया है।

उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग के आधीन मंडी, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, गन्ना, आवास एवं शहरी नियोजन व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से संबंधित सड़कें आती हैं और इन सभी विभागों के समायोजन से प्रदेश में सड़क सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय मार्गों की कुल 364 गड्ढा मुक्ति व रीस्टोरेशन वर्क्स को अभी तक पूर्ण किया जा चुका है।

## सार संक्षेप

### राज्यसभा सांसद ने बांटे 20 आयुष्मान कार्ड

**मवाना।** राज्य सभा सांसद कांता कर्दम ने सोमवार को प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भवरू द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर योजना के 20 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बांटे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर लोगों को योजना के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। भाजपा की ओर से आयुष्मान भवरू के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को राज्य सभा सांसद कांता कर्दम दोपहर सीएचसी पहुंची, जहां उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक से योजना के लाभार्थियों के विषय में जानकारी ली। इस दौरान सीएचसी की ओर से सांसद द्वारा योजना के 20 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित कराये गए। राज्य सभा सांसद ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक अरूण कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ अनिल शर्मा, सुधा चौहान, रवि गोला, हरिओम, मधुर कौशिक, सुभाष दीक्षित, गोविंद गुप्ता, निपुण चौहान, आलोक चौहान आदि कार्यकर्ता एवं सीएचसी के चिकित्सक मौजूद रहे। इसके बाद राज्य सभा सांसद कांता कर्दम ने नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन अखिल कौशिक से मिली और उनसे बातचीत की।

### मॉब लिंचिंग का शिकार हुए युवक की मौत

**मवाना।** नगर स्थित तिहाई मौहल्ले निवासी युवक के साथ थाना क्षेत्र के गांव मटौरा में कथित रूप से मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है। सड़क दुर्घटना में के बाद युवक की पिटाई के लगभग तीन सप्ताह बाद सोमवार को हुई मौत के मामले में परिजनों ने मॉब लिंचिंग के आरोप लगाए हैं। मृतक की पत्नी ने सोमवार को तीन लोगों को नामदज और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सपा ने की न्यायालय की अवहेलना : राजभर

**फर्रुखाबाद।** सुहेलदेव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला और कहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हाई कोर्ट की अवहेलना की है हाई कोर्ट ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण है उसके बावजूद भी अन्य पिछड़ी जातियों को थाने में तैनाती नहीं दी गई। शिवपाल सिंह यादव ने प्रगतिशील सपा बनाई उस समय उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा था सपा में चोर उचक्के शराब माफिया जमीनों पर कब्जा करने वाले शामिल हो गए हैं शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को शकुनी बताते हुए कहा कि शकुनि की वजह से ही समाजवादी पार्टी से वह अलग हो गए थे।

### सूचना

मैं अपने पुत्र देवेश को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विचछेद करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**-मीर सिंह गोड़ पुत्र स्व. दीवान सिंह गोड़। निवासी मोहल्ला कैलाशपुरी, थाना बहसूमा, जिला मेरठ।**

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**मेरठ,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में विश्व फार्मसिस्ट दिवस पर 'अंगदान-महादान' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संस्थान परिसर में एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।



इसके साथ ही वीजीआई परिसर में वृहद रक्तदान शिविर में संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं फार्मेसी के शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए कुल 142 यूनिट रक्त संचय कर लोगों का जीवन बचाने की शपथ ली। संस्थान के स्वामी विवेकानन्द खेल परिसर में अंगदान-महादान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार, जागरूकता रैली एवं वृह्द रक्तदान शिविर का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो.वीपीएस अरोडा, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति डॉ.राकेश यादव, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय एवं मेरठ परिसर निदेशक प्रताप सिंह आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि अंगदान या देहदान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ दान है जिसमें एक ओर आप किसी जरूरतमंद को अपना अंग देकर उसे नया जीवन देते है, वही दूसरी और आप स्वयं में अमर हो जाते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर बेहतर प्रदर्शन से बढ़ा पश्चिमांचल का गौरव : चैत्रा वी

**मेरठ,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। पीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. ने सत्र 2022-23 में सम्पन्न उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की अन्तरपरियोजना/डिस्कॉम की समस्त प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

■ **पीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया**
■ **अलका व फातिमा के एशियन गेम्स में प्रतिभाग करने पर दी बधाई**

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बुलन्दशहर, गाजियाबाद एवं नोएडा क्षेत्र के रस्साकसी, कुश्ती, पावर लिफ्टिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, टेबिल टेनिस, शतरंज एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर, उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की अन्तरपरियोजना/डिस्कॉम की प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन स्थित सभागार में सम्मानित किया। उन्होंने उप्र सेक्टर की अन्तर परियोजना डिस्कॉम प्रतियोगिताओं की 'ओवरआल चौम्पियनशिप



ट्राफी 2022-2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। प्रबन्ध निदेशक ने एशियन खेलों में अलका तोमर को वूमेन रेसलिंग में कोच नियुक्त होने और फातिमा खातून को एशियन गेम्स में पैराएथलेटिक्स गेम्स में प्रतिभाग करने हेतु बधाई दी।

उन्होंने कहा गर्व की बात है कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के खिलाड़ियों द्वारा एशियन गेम्स में भाग लेकर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

## सपाइयों ने मुकदमे वापसी को लेकर दिया धरना

**मवाना,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसील परिसर में सोमवार को समाजवादी पार्टी हस्तिनापुर विधानसभा अध्यक्ष संजीव गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और देश के राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम को दिया। धरना का संचालन प्रदेश सचिव मोनू पंवार ने किया। सपा कार्यकर्ताओं ने देश के राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम दिए 11 सूत्रीय ज्ञापन में कहा कि 18 सितम्बर को गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की यात्रा में शामिल मनीष गुर्जर और उसके तमाम साथियों पर लगाए गए मुकदमों को वापस करने की मांग की।

इससे पहले तहसील परिसर में दिए धरने पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुधारा जाए, आवारा पशु किसानों व आम आदमी के लिए खतरा बने हुए है। फसलों को नुकसान हो रहा है। आवारा पशुओं को गौशाला में रखने की व्यवस्था की जाए।

## लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रहें संकल्पित : शेखर

**मेरठ,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में प्रतिबद्धता दिवस मनाया गया। शोभित विश्वविद्यालय में प्रतिबद्धता दिवस शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्रों ने कुलाधिपति के जन्म दिवस के अवसर पर प्रतिबद्धता दिवस को मानते

■ **शोभित विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया प्रतिबद्धता दिवस**
■ **कुलाधिपति के जन्मदिवस पर काटे केक**
■ **शिक्षकों व छात्रों ने दी जन्मदिन की बधाई**

हुए अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें योगा एवं फॉग डांस आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने विश्वविद्यालय की ओर से वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों का आशीर्वाद लेते हुए फल वितरित किए। इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रांगण में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान



विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने कुलाधिपति को जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की तथा छात्रों द्वारा हाथो से बनाए गए विभिन्न उपहार कुलाधिपति को प्रदान किए गए।

कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि जन्मदिवस आयोजित करना महत्वपूर्ण नहीं है महत्वपूर्ण है हमारी प्रतिबद्धता क्योंकी जब हम प्रतिबद्ध होते हैं तो हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संकल्पित रहते हैं और कठिनाइयों का सामना करते हैं। प्रतिबद्धता हमारे मार्ग को मजबूती और सफलता की ओर अग्रसर करती है।

## अधिवक्ता 29 सितम्बर तक न्यायिक कार्यो से रहेंगे विरत

**मवाना,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। अधिवक्ताओं पर हापुड़ में हुए लाठीचार्ज प्रकरण को लेकर सोमवार को बार एसोसिएशन मवाना और सिविल बार एसोसिएशन मवाना के सभी अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन सभागार में बैठक हुई, जिसमें अब 29 सितम्बर तक न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया गया। बार सभागार में बार एसोसिएशन मवाना के अध्यक्ष श्रीवल्लभ व सचिव महमपाल ने बैठक में जानकारी दी कि केंद्रीय संघर्ष समिति हाईकोर्ट बेंच उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 29 सितम्बर तक सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अधिवक्ता 29 सितम्बर तक न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। बैठक की अध्यक्षता श्रीबल्लभ और संचालन सचिव महमपाल ने किया।

## कृषक इंटर कॉलेज ने कई खेलों में झंडे गाड़े

**मवाना,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना में सोमवार को 67 वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मवाना के उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव ने किया। एएस इंटर कालेज मवाना के सचिन ने 800 मीटर सीनियर वर्ग (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान पाया, वहीं 800 मीटर सीनियर वर्ग (बालिका वर्ग) में राजकीय कन्या इंटर कालेज किला परीक्षितगढ़ की निदा प्रवीन ने प्रथम स्थान पाया। जूनियर वर्ग (बालिका) 800 मीटर में एएस इंटर कालेज की रमा पहले स्थान पर रही। इनके अलावा क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग (बालक) वंश एमडीएस पिलौना ने प्रथम, (सब जूनियर)बालिका में एएस मवाना की खुशी

■ **800 मीटर सीनियर वर्ग बालिका में निदा प्रवीन रही प्रथम**
■ **क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू**



प्रथम, 600 मीटर (सब जूनियर) बालक वर्ग में कृषक इंटर कालेज मवाना का हर्ष प्रथम रहा। 100 मीटर सीनियर वर्ग में कृषक इंटर कालेज मवाना की आकांशा प्रथम, जूनियर वर्ग 100 मीटर कृषक इंटर कालेज मवाना की वर्षा प्रथम, 400 मीटर में नवजीवन किसान इंटर कालेज मवाना के अतुल प्रथम, 400 मीटर में जीएसआई सिखेड़ा के प्रिंस प्रथम, 400 मीटर में कृषक इंटर कालेज मवाना के अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**आयोजन** *केंद्र की एडीआईपी योजना में मिला दस लाख का नि:शुल्क ईलाज*

## सर्जरी के बाद बच्चे की सुनने की शाक्ति मिली : डा. अभिषेक

**मेरठ,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को न्यूट्रीमा हॉस्पिटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें इएनटी स्पेस्लिस्ट डॉ.अभिषेक मोहन ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी एक बच्चा करीब तीन माह पूर्व इलाज के लिए आया था। जो जन्म से सुनने में असमर्थ था। केंद्र सरकार की योजना से 10 लाख का नि:शुल्क ईलाज किया गया। कॉक्लेयर इंप्लांट ऑपरेशन के बाद बच्चे की सुनने की शाक्ति मिली सकेगी।

प्रेसवार्ता में डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. शालीन, डॉ. रोहित काम्बोज, डॉ. अवनीत राणा, कैप्टन राजीव रस्तौगी व डॉ.प्रयांक गर्ग मौजूद रहें। डॉक्टर अभिषेक ने बताया कि बच्चे के माता पिता बच्चे के जन्म के बाद से इलाज के लिए

■ **कॉक्लेयर इंप्लांट ऑपरेशन से हासिल की सफलता**
■ **जन्म से सुनने में असमर्थ बच्चों के लिए ये सर्जरी कारगर**

जगह-जगह भटक रहे थे। इलाज में मोटी रकम खर्च होती है इसलिये वह इस ऑपरेशन



को कराने में असमर्थ थे। कुछ माह पूर्व न्यूटिमा अस्पताल में सम्पर्क किया और केन्द्र सरकार की योजना में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया। बता दें कि केन्द्र सरकार की योजना के तहत यह ऑपरेशन पूरी तरह नि:शुल्क होता है। उन्होंने बताया कि 4 वर्षीय समर्थ का सफ्लतापूर्वक ऑपरेशन नि:शुल्क न्यूट्रीमा हॉस्पिटल में तीन दिन पहले ही किया गया है। आज बच्चा बिल्कुल स्वस्थ है और उसकी अब डिस्चार्ज भी किया जा रहा है। यह केन्द्र सरकार की योजना एडीआईपी जिसमें कॉक्लेयर इंप्लांट एवं उसके ऑपरेशन और स्पीच थेरेपी का पूर्ण खर्चा सरकार द्वारा दिया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार जो इस ऑपरेशन का खर्चा नही उठा सकते हैं वह इस स्कीम का लाभ लेकर अपने बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन न्यूट्रीमा हॉस्पिटल में करा सकता है।

**क्या है एडीपीआई योजना**

एडीआईपी योजना का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के शारीरिक, सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को प्रोत्साहित करना है ताकि विकलांगों के प्रभाव को कम किया जा सके एवं उनकी आर्थिक क्षमता को बढ़ाया जा सके। यदि कोई बच्चा जन्म से सुनने में असमर्थ है और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजो हैतो इस योजना के माध्यम से नि:शुल्क इलाज पा सकता है। बता दें कि जन्म से सुनने में असमर्थ बच्चे की सर्जरी केवल 5 वर्ष के भीतर कराने में ही अच्छे परिणाम मिलते हैं। इसीलिए जन्म के बाद जल्द से जल्द इस सर्जरी को करा लेना चाहिए।

## जनपद को नशा मुक्त बनाने को लेकर बैठक आयोजित

**मेरठ,**25 सितम्बर (देशबन्धु)। एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाईन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें जनपद को नशा मुक्त बनाने, बच्चों को नशे की आदतों, नशीली दवाओं के सेवन, नशे के अवैध कारोबार में संलिप्तता आदि के लिए कारगर उपायों पर विचार-विमर्श करते हुए निर्देशित किया कि जनपद में नशे व नशीले पदार्थों के सेवन के संबंध में लोगों, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु नोडल अधिकारियों के नंबर सोशल मीडिया के माध्यम से जगह-जगह पर फ्लैश करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे अगर कहीं से नशे, नशे के सेवन, उसके अवैध व्यापार के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है या इस तरीके के प्रकरण संज्ञान में आते हैं तो जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सीयूजी नंबरों पर व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दी जा सकती है।



# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## विराज डोबरियाल की नकारात्मक छवि से परेशान नहीं हैं करणवीर बोहरा

**मुंबई।** टेलीविजन शो 'सौभाग्यवती भव : नियम और शर्तें लागू' में विराज डोबरियाल की भूमिका निभाने के लिए अभिनेता करणवीर बोहरा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह अब शो में अपनी नकारात्मक छवि से परेशान नहीं होते। अभिनेता ने यह भी याद किया कि कैसे पहले वह अपनी नकारात्मक छवि को साफ करने के लिए हरसंभव प्रयास करते थे क्योंकि लोग यह मानने लगे थे कि वह बिल्कुल उनके किरदार विराज की तरह है। अभिनेता करणवीर बोहरा ने कहा कि जब पिछला सीजन समाप्त हुआ, तो मुझे एक मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ा। भले ही मैंने विराज डोबरियाल की भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई थी, लेकिन कुछ अप्रत्याशित हुआ।

## वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर



**मुंबई,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि 'राजू गारी गाधी 3' के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा।अभिनेत्री ने कहा कि निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ 'राजू गारी गाधी 3' में काम किया, इस तेलुगु फिल्म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं। अविका ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉरर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि मुझे तेलुगु बाज़ार में बड़े पैमाने पर किसी चीज का हिस्सा बनने का अवसर मिला है और मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस पक्ष की सराहना करेंगे। सीरीज के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि हां, पोस्टर बेहद दिलचस्प है क्योंकि आप वास्तव में यह पता नहीं लगा सकते हैं कि मैं अच्छी हूं, बुरी हूं या पीड़िता हूं। यह भ्रमित करने वाला है और मुझे यह पसंद है। मेरा पिछला कोई भी पोस्टर ऐसा नहीं था, इसलिए मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। जल्द ही इसका ट्रेलर जारी किया जाएगा।

### इजरायल के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट ने दी सलाह

## धूम्रपान से संबंधित हृदय रोगों से निपटने की तत्काल आवश्यकता

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित एक संगोष्ठी में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने धूम्रपान से संबंधित हृदय रोगों की बढ़ती वैश्विक चिंता के बारे में चर्चा की। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि धूम्रपान से संबंधित हृदय रोगों से निपटने की तत्काल आवश्यकता है और इसके लिए नुकसान कम करने की नवाचारी नीतियां अपनाई जा सकती हैं। इस कार्यक्रम में इज़राइल के तेल-अवीव विश्वविद्यालय में सैकलर फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के ब्रूनर इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवास्कुलर रिसर्च में निदेशक प्रोफेसर आर. ज़िमलिचमैन द्वारा गहन विचार-विमर्श किया गया। इजराइली सोसायटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ अक्यूट मायोकार्डियल इनफ्रैक्शन के निदेशक मंडल के सदस्य प्रोफेसर ज़िमलिचमैन ने एक अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करते हुए कहा कि धूम्रपान हमारे वैश्विक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है, जिसमें एक अरब से अधिक लोग इससे पीड़ित हैं। स्पष्ट परिणामों के बावजूद, कई लोग स्वयं को इसकी लत का गुलाम पाते हैं।नुकसान कम करने के बारे में प्रोफेसर ज़िमलिचमैन ने ब्रिटेन, जापान और अमेरिका जैसे देशों में सफल उदाहरणों का उल्लेख किया, जहां व्यापक नीतियों और जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप धूम्रपान की दर में गिरावट आई है। उन्होंने भारत में इसी तरह की रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया।

■ धूम्रपान से एक अरब से अधिक लोग पीड़ित



प्रोफ़ेसर ज़िमलिचमैन ने बताया कि आज के नए बदलावों का उद्देश्य सुरक्षित विकल्पों के माध्यम से जीवन बचाना है। ऐसे उपकरण जो तंबाकू को जलाने की बजाय सिर्फ गर्म करते हैं, उनसे नुकसान काफी कम हो जाता है। निकोटिन, हालांकि नशे की लत है, पारंपरिक उपयोग में इसका कोई सीधा नुकसान नहीं है। नुकसान में कमी की दिशा में बदलाव सकारात्मक है, बशर्ते इसे दीर्घकालिक अनुसंधान और मूल्यांकन के आधार पर तैयार किया जाए। गैर-दहनशील तंबाकू उपकरणों को अपनाने में जापान की सफलता का संकेत देते हुए, प्रोफ़ेसर ज़िमलिचमैन ने कहा कि इन उपकरणों में बदलाव के परिणामस्वरूप धूम्रपान दर में औसतन 5.2 प्रतिशत की गिरावट आई।

## टेस्ला के ह्यूमनॉइड रोबोट ने किया योग

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क ने सोमवार को 'ऑप्टिमस' नामक टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट का प्रदर्शन किया, जिसने अरबपति के फॉलोअर्स का 'नमस्ते' के साथ स्वागत किया और आराम से कुछ योग मुद्राएं कर सबको चकित कर दिया। अक्टूबर में 'टेस्ला एआई डे' 2022 के दौरान पहली बार प्रदर्शित, ऑप्टिमस को इस बार एक्स मालिक द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में सरल कार्य करते देखा गया है। ऑप्टिमस अब अपने हाथों और पैरों को स्वयं कैलिब्रेट करने में सक्षम है।

केवल दृष्टि और संयुक्त स्थिति एनकोडर का उपयोग करके, रोबोट अंतरिक्ष में अपने अंगों का सटीक पता लगा सकता है यह अपने कार्यों को सुचारू रूप से सीखता है, जैसे रंगीन ब्लॉकों को छांटना और सुलझाना, और इसका तंत्रिका जाल केवल दृष्टि का उपयोग करके पूरी तरह से ऑन-बोर्ड चलता है।वीडियो में दिखाया गया है कि दिन भर लंबे समय तक काम करने के बाद रोबोट 'थोड़ी स्ट्रेचिंग करता है' और इसके अंत में नमस्ते करता है।



■ नमस्ते के साथ किया स्वागत

रोबोट में वही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सॉफ्टवेयर और सेंसर हैं जो टेस्ला के उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणाली 'ऑटोपायलट' में मौजूद हैं। इसकी कीमत लगभग 20,000 डॉलर हो सकती है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आकर्षण बना जल जीवन मिशन का स्टाल

■ पांच दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में पहुंचे देशी-विदेशी मेहमान

**ग्रेटर नोएडा,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन 'हर घर जल गांव' थीम पर बना स्टॉल इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' में आये देशी-विदेशी मेहमानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। पांच दिनों तक चले आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग स्टाल में आये और यहां बनाए मॉडल गांव और उस गांव में हर घर जल कि प्रक्रिया को समझा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग हों या स्कूली बच्चे सभी इस हर घर जल गांव कि थीम को देख खुश हुए और उन्होंने ग्रामीणों के लिए बनाई गई हर घर जल योजना कि तारीफ भी की। स्टाल परिसर में बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी और नल कि टोंटी से निकलते जल के मॉडल के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिंचवाई। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्कूली बच्चे नये









यूपी के बदलते गांव का स्वरुप देखकर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर घर जल गांव के बाहर फोटो भी खिंचवाई और सेल्फी भी ली। बच्चों ने यहां आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन लिखी टोपी, पेन, डायरी पुरस्कार में दी गई। विदेशी मेहमानों, निवेशकों व आगंतुकों की इन पांच दिनों स्टाल पर काफी भीड़ रही। नये यूपी के बदलते गांव को मिल रहे स्वच्छ पेयजल के लिए योगी सरकार और विभाग की तारीफ भी कि।

उद्घाटन में पहुंची राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हर घर जल गांव स्टाल को निहारा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टाल के अंदर पहुंचे और उन्होंने योजना की जानकारी भी ली।

## मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने लॉन्च किया बीएमटी, सेल्युलर थेरेपी यूनिट


■ बीएमटी ब्लड कैंसर सहित कई प्रकार के रक्त रोगों के लिए एक उपचारात्मक विकल्प

■ प्लेटलेट्स के संग्रह के समान, एफेरेसिस मशीन का उपयोग करके परिधीय रक्त से किया जाता है एकत्र

**अहमदाबाद,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद शहर स्थित मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने ट्रांसप्लांट के पहले और बाद के देखभाल के लिए एक अत्याधुनिक छह-बेड, एचईपीए-फिल्टर्ड, एक तरह का अनोखा स्टेप-डाउन बोन मेरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) और सेल्युलर थेरेपी यूनिट सोमवार को लॉन्च किया।

मैरिंगो सिम्स अस्पताल के हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मेरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. अंकित जीतानी ने कहा कि बोन मेरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) को स्टेम सेल या हेमेटोपोएटिक सेल ट्रांसप्लांट के रूप में भी जाना जाता है। यह चिकित्सा उपचार का एक उन्नत रूप है न कि कोई सर्जरी। स्टेम सेल के स्रोत के आधार पर बीएमटी मोटे तौर पर दो प्रकार के होते है। ऑटोलॉगस जहां प्रत्यारोपण रोगी की स्वयं के स्टेम सेल का उपयोग करके किया जाता है और एलोजेनिक जहां दाता के स्टेम सेल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन स्टेम सेल को डेंगू रोगियों के लिए उपयोग किए जाने वाले प्लेटलेट्स के संग्रह के समान, एफेरेसिस मशीन का उपयोग करके परिधीय रक्त से एकत्र किया जाता है। दाता का कोई अंग नहीं खोता है और स्टेम सेल जल्दी से पुनर्जीवित हो जाता है। बीएमटी ब्लड कैंसर सहित कई प्रकार के रक्त रोगों के लिए एक उपचारात्मक विकल्प है। ऑटोलॉगस स्टेम सेल ट्रांसप्लांट मुख्य रूप से मल्टीपल मायलोमा, लिम्फोमा, पीडियाट्रिक सॉलिड ट्यूमर और ऑटोइम्यून बीमारियों जैसे ब्लड कैंसर के लिए किया जाता है। पैंसठ वर्ष से कम उम्र के मल्टीपल मायलोमा के सभी रोगियों को बिना किसी संदेह के ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट से गुजरना चाहिए क्योंकि यह जीवित रहने और जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार करता है। लिम्फोमा रोगी को रिलैप्स सेटिंग्स में बीएमटी से गुजरना पड़ता है, जहां कीमोथेरेपी या इम्युनोथेरेपी बीमारी को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होती है जहां बीएमटी ही उपचारात्मक इलाज का एकमात्र विकल्प रहता है। मैरिंगो सिम्स अस्पताल के पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजिस्ट ऑन्कोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. हेमंत मेंघानी ने कहा कि बच्चों में, बोन मैरो ट्रांसप्लांट रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया और लिम्फोमा) जैसी कई बीमारियों को ठीक करने का विकल्प प्रदान करता है जो दोबारा हो गए हैं या कीमोथेरेपी के प्रति प्रतिक्रिया नहीं दिखाते हैं। पीडियाट्रिक बोन मेरो विफलता सिंड्रोम वह है जहां बोन मेरो ने ब्लड सेल बनाना बंद कर दिया है, पीडियाट्रिक इम्युनोडेफिशिएंसी रोग, उच्च जोखिम वाले पीडियाट्रिक सोलिड ट्यूमर के साथ-साथ थैलेसीमिया और सिकल सेल रोग जैसे रोग जहां असामान्य रक्त गठन होता है और रोगी या तो आधान पर निर्भर होते हैं या सहायक देखभाल पर। उन्होंने बताया कि पीडियाट्रिक रोगी आम तौर पर अच्छी सफलता दर के साथ बोन मेरो ट्रांसप्लांट के उपचार को अच्छी तरह से सहन करते हैं और आम तौर पर अंतर्निहित बीमारी के कारण अंग क्षति होने से पहले प्रक्रिया को जल्दी करने पर सहमति होती है।

## मां मधु ने बताया परिणीति की शादी में क्यों शामिल नहीं हुईं प्रियंका



**मुंबई,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढा की शादी में परिणीति की चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा शामिल नहीं हुई। इस पर अभिनेत्री की मां मधु ने खुलासा किया कि वह क्यों नहीं आ सकीं।

एयरपोर्ट पर मधु का एक वीडियो कई पपराजी और फैन पेजों के सोशल मीडिया पर घूम रहा है, जहां उनसे प्रियंका की अनुपस्थिति के बारे में पूछा जा रहा है। मधु ने यह भी खुलासा किया कि दूल्हा और दुल्हन के परिवार वाले उपहार स्वीकार नहीं कर रहे। यह पूछे जाने पर कि प्रियंका शादी में क्यों नहीं थीं, मधु ने कहा कि वो काम कर रही है। फिर, मधु से शादी, उपहारों और परिणीति कैसी दिखती थीं इसके बारे में सवाल किया गया, मधु ने कहा कि बहुत बढ़िया, उन्होंने सब मना कर दिया, कुछ नहीं लेना-देना, बस आशीर्वाद। परिणीति वैसे ही खुबसूरत है, वह और अच्छी लग रही थी। परिणीति और राघव ने रविवार को राजस्थान के उदयपुर में शादी की।

**शादी में शामिल न होने के बाद प्रियंका चोपड़ा ने रागनीति को दीं शुभकामनाएं**

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढा अब आधिकारिक तौर पर पत्नी-पति हैं। यह दोनों रविवार को उदयपुर में परिणय सूत्र में बंधे। इस शादी में परिणीति की चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा जोनास शामिल नहीं हो पाई। प्रियंका चोपड़ा ने बाद में दोनों को शादी की शुभकामनाएं दीं। सोमवार को परिणीति और राघव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा की। परिणीति ने तस्वीरों का एक सेट साझा किया जिसमें वह और राघव शादी के जोड़े में नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'नाश्ते की टेबल पर पहली बातचीत से ही हमारे दिल को पता चल गया, लंबे समय से इस दिन का इंतजार कर रहा था।




## चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त गेट पर लटका युवक, आरपीएफ स्टाफ ने बचाया

**गाजियाबाद,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जिसमें एक शख्स चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा है और उसका बैलेंस बिगड़ने से वह दरवाजे पर ही लटक गया और करीब 10 मीटर तक घिसटता हुआ ट्रेन के साथ आगे जाने लगा।

प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ की सतर्कता से उस व्यक्ति की जान बच गई। ये घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। पूरी घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम को आनंद विहार से गाजीपुर जा रही ट्रेन में सफर कर रहे अमेठी के फरवा गांव के रहने वाले महेंद्र कुमार गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पानी लेने के लिए नीचे उतरे थे। वह जब तक पानी लेकर लौटे तब तक ट्रेन चलनी शुरू हो गई थी। वह चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गेट पर लटक गए, इस दौरान ट्रेन की स्पीड बढ़ गई। वह ट्रेन के साथ करीब 10 मीटर घिसटते गए। यात्री को ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच घिसटता देख आरपीएफ के एएसआई राजेन्द्र सिंह और सिपाही सत्येंद्र कुमार ने यात्री को ट्रेन से नीचे गिरने से बचाया। यदि आरपीएफ स्टाफ ने मुस्तैदी न दिखाई होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## साइक्लिस्ट ने सीखे दिल की सेहत सही रखने के गुर

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। साइक्लिंग को स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। हाल के समय में लोगों के बीच साइक्लिंग को लेकर रुचि बढ़ी है। हालांकि साइक्लिंग करते समय भी कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होता है। इनकी अनदेखी करने से साइक्लिंग से सेहत को नुकसान भी पहुंच सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सनर हॉस्पिटल ने साइक्लिस्ट के एक समूह के साथ चर्चा का आयोजन किया। इसके 60 साइक्लिस्ट के समूह ने हिस्सा लिया। विश्व हृदय दिवस (29 सितम्बर) के अवसर पर दिल एवं संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए यह आयोजन किया गया।

इस दौरान सबसे पहले एक फिजियोथेरेपी सेशन आयोजित किया गया। इसमें वार्म अप, सही पोश्चर और साइक्लिंग के दौरान चोट से बचने के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि एक दिन में कितनी साइक्लिंग पर्याप्त है। असल में साइक्लिंग को लेकर बढ़ती रुचि के बीच लोग अक्सर इन छोटी छोटी बातों की अनदेखी कर देते हैं। इससे साइक्लिंग भी कभी-कभी नुकसान का कारण बन जाती है। हेड ऑफ कार्डियक सर्जरी डिपार्टमेंट एवं डायरेक्टर डॉ. अखिल गोविल के साथ परिचर्चा का भी आयोजन हुआ। इसमें दिल की अच्छी सेहत के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित डाइट, स्वस्थ एवं तनाव रहित जीवनशैली और अच्छी नींद के महत्व के बारे में जानने को मिला। डॉ. गोविल ने कहा कि दिल की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। लोग जीवनशैली में कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते रहते हैं, जो आगे चलकर बड़ी समस्या का कारण बन जाती हैं। उदाहरण के तौर पर, व्यायाम करना सेहत के लिए सही है,



■ विश्व हृदय दिवस दिल व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए यह आयोजन

■ 60 साइक्लिस्ट के समूह ने हिस्सा लिया

लेकिन अगर व्यायाम में नियमितता और संतुलन न हो तो नुकसान भी हो सकता है।

इस आयोजन के बारे में अमित डागा ने कहा कि स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए साइक्लिंग बहुत अच्छा व्यायाम है। लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता भी बढ़ रही है। ऐसे में साइक्लिस्ट्स को सुरक्षित तरीके से साइक्लिंग करने के बारे में जानकारी देने का सत्र बहुत ज्ञानवर्धक रहा।

साथ ही दिल की सेहत को ध्यान में रखने कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी उन्हें दिए गए। इन बातों को ध्यान में रखकर कोई भी बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। हम इस पहल के लिए सनर हॉस्पिटल का धन्यवाद करते हैं। दोनों सत्रों के आयोजन के बाद साइक्लिस्ट को अस्पताल की तरफ से उपहार भेंट किए गए।

## 'नदी उत्सव' कार्यक्रम में पांच फिल्में पुरस्कृत

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। राजधानी में चौथे 'नदी उत्सव' कार्यक्रम में नदी संस्कृत पर केंद्रित पांच फिल्मों/वृत्त चित्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें रविशंकर द्वारा निर्देशित 'पुण्यकोटि' और जुबानाश्व मिश्र द्वारा निर्देशित 'महानदी' शामिल है। यह जानकारी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के एक प्रवक्ता ने दी। अन्य पुस्कृत फिल्मों में निर्देशक सागर दास द्वारा की 'नर्मदा- द इटरनल रिवर', अनूप राज द्वारा निर्देशित 'नीला - समृद्धि की जननी' और निर्देशक प्रज्ञा सिंह रावत की 'नायर' शामिल हैं।

■ कार्यक्रमों के अलावा, विषय से संबंधित 18 चुनिंदा फिल्में भी दिखाई गईं

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन आईजीएनसीए और राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) ने मिल कर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का कल अंतिम दिन था।




प्रवक्ता ने बताया कि भारत में नदियों के किनारों पर विकसित प्राचीन संस्कृति के प्रति नई पीढ़ी की जागरुकता बढ़ाने और नदियों के स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने के लिए राजधानी में साप्ताहिक तीन-दिवसीय 'नदी उत्सव' का आयोजन किया गया। इस बार जिसमें अन्य कार्यक्रमों के अलावा, विषय से संबंधित 18 चुनिंदा फिल्में भी दिखाई गईं। 2018 में शुरू की गई 'नदी उत्सव' परियोजना के तहत यह इस तरह का यह चौथा कार्यक्रम था।

यहां इस आयोजन के दौरान विभिन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, परमार्थ निकेतन, ऋषि केश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती और प्रसिद्ध दार्शनिक एवं विद्वान आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी, प्रख्यात पर्यावरणविद् 'पद्मभूषण' डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, आईजीएनसीए के जनपद संपदा विभाग के विभागाध्यक्ष अनिल के कुमार, एनएमसीएम की निदेशक ऋचा नेगी, आईजीएनसीए के अध्यक्ष 'पद्मश्री' रामबहादुर राय और सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, एनएमसीएम के सहायक निदेशक अभय मिश्रा और फिल्म एवं वीडियो संभाग नियंत्रक अनुराग पुनेठा ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में पर्यावरणविदों और विभिन्न विषयों के विद्वानों के साथ विद्वतापूर्ण चर्चाएं, फिल्मों की स्क्रीनिंग, प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां, कठपुतली शो, विभिन्न पुस्तकों पर चर्चा की गई। 'नदी उत्सव' आयोजन में प्राचीन ग्रंथों में नदियों का उल्लेख, नदियों के किनारे सांस्कृतिक विरासत, लोक और सांस्कृतिक परम्परा में नदियां सहित कई विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में भोपाल की श्वेता देवेन्द्र और उनकी टीम ने नर्मदा स्तुति और दशावतार पर अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया। इस दौरान संबंधित कई विषयों पर राष्ट्रीय गोष्ठी, जाने-माने लेखकों के संवाद, कठपुतली शो, एक लघु पुस्तक मेला आयोजित किया गया जिसमें नदियों और पर्यावरण पर छपी किताबें रखी गयी थी। पहले तीन उत्सव 2018 में गोदावरी के किनारे नासिक (महाराष्ट्र), कृष्णा तट पर से विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में और गंगा के किनारे मुंगेर (बिहार) में आयोजित किए गए थे।

https://digieazy.com/
Delhi, India
DIGIEAZY
91+ 9599153679, 9821939359
digieazy4@gmail.com

Digieazy दिल्ली, भारत में नंबर एक डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर ग्राहकों के साथ काम किया है और उनके अधिकांश ग्राहक अंतरराष्ट्रीय हैं। उन्होंने कई व्यवसायों को शुरुआत से आगे बढ़ने में मदद की है। यदि आप उद्योग में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो अभी उनसे संपर्क करें!


Sahib Chaudhary
FOUNDER


Dolly Mehta
FOUNDER


Shubhangi Jain
FOUNDER

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 4.64 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.23 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.60 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.44 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.92 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 1.42 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.17 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.10 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.70 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.67 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |


## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# वर्टेक्स हाइड्रोजन ब्रांड का नाम बदलकर ईईटी हाइड्रोजन करेगा

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। वर्टेक्स हाइड्रोजन ने घोषणा किया है कि वह अपने ब्रांड को ईईटी हाइड्रोजन में बदल रही है। उसका इरादा एस्सार ऑयल यूके (ईओयूके) की सहायक कंपनी से ईओयूके की एक सहयोगी कंपनी बनने और एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) पोर्टफोलियो का एक स्टैंडअलोन स्तंभ बनने का है। यह परिवर्तन प्रारंभिक चरण के विचार से यूके में अग्रणी हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना तक कंपनी के विकास में एक स्वाभाविक प्रगति है। ईईटी हाइड्रोजन 2030 तक लगभग 4 जीडब्ल्यू कम कार्बन हाइड्रोजन प्रदान करने की महत्वाकांक्षा के साथ विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जो यूके सरकार के राष्ट्रीय लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत है। यह हाइड्रोजन व्यवसायों को जीवाश्म ईंधन से कम कार्बन ऊर्जा पर स्विच करने, महत्वपूर्ण उद्योगों और नौकरियों को सुरक्षित करने और बढ़ाने के अलावा अरबों पाउंड के निवेश को अनलॉक करने में सक्षम बनाएगा। एस्सार ने जनवरी 2022 में प्रोग्रेसिव एनर्जी लिमिटेड (पीईएल) के साथ एक




परिचालन सहायक कंपनी के रूप में वर्टेक्स हाइड्रोजन लिमिटेड (वीएचएल) की स्थापना की, जिसकी 90 प्रतिशत हिस्सेदारी ईओयूके के पास थी। वीएचएल विशेष रूप से ईओयूके की स्टैनलो साइट पर एचपीपी-1 और एचपीपी-2 कम कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र विकसित करने पर केंद्रित था। ये संयंत्र पूरे उत्तर-पश्चिम में हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और हाईनेट औद्योगिक डी-कार्बोनाइजेशन क्लस्टर के मध्य भाग के लिए उत्प्रेरक हैं। एचपीपी-1 और एचपीपी-2 का कुल आकार 1,350 मेगावाट तक है, एचपीपी-1 को यूके सरकार ने दो प्रारंभिक बड़े पैमाने पर कम कार्बन हाइड्रोजन परियोजनाओं में से एक के रूप में प्रगति के लिए चुना है। वीएचएल का प्रत्यक्ष स्वामित्व और एचपीपी-1 और एचपीपी-2 पर ध्यान केंद्रित है, लेकिन ईईटी हाइड्रोजन की ब्रांडिंग के तहत, जो अन्य हाइड्रोजन से संबंधित व्यवसायों को भी विकसित करेगा। ईईटी हाइड्रोजन के सीईओ जो सीफर्ट ने कहा, 'हमने पिछले साल अपना हाइड्रोजन व्यवसाय शुरू करने के बाद से बड़ी प्रगति की है। स्वाभिवक रूप से अगला कदम ईईटी हाइड्रोजन के लिए एक स्टैंडअलोन व्यवसाय बनाना है। हम विशाल अवसरों को भुनाना चाहते हैं। यह हमारे हाइड्रोजन प्लेटफॉर्म के भविष्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है क्योंकि हम महत्वाकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ते हैं।'

## गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'




**हैदराबाद,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हैदराबाद में आयोजित 37वें वार्षिक चैप्टर कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स 2023 में राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी को 'बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी कोतेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया। श्री एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और श्री व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में क्वालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा, क्वालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 29 रिंगिट बढ़कर 3676 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की गिरावट के साथ 59.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## फोनपे ने लांच किया इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। फोनपे ने आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा करते हुये कहा कि इंडस ऐपस्टोर सभी एंड्रॉइड ऐप डेवलपर्स को स्व-सेवा डेवलपर प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने ऐप को पंजीकृत करने और अपलोड करने के लिए आमंत्रित करता है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन ऐप को जल्द ही लॉन्च होने वाले 'मेड-इन-इंडिया' इंडस ऐपस्टोर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो 12 भाषाओं में स्थानीय अनुभव प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से भारतीय ग्राहकों के लिए अनुकूलित है। पहले साल में, इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म पर ऐप लिस्टिंग मुफ्त होगी। इसके बाद नाममात्र वार्षिक शुल्क लागू होगा। इंडस ऐपस्टोर इन-ऐप पेमेंट के लिए डेवलपर से कोई प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लेगा। डेवलपर किसी भी पेमेंट गेटवे को अपने ऐप में एकीकृत कर सकते हैं। इंडस ऐपस्टोर के सीपीओ एवं सह संस्थापक आकाश डोंगरे ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, भारत 2026 तक एक अरब से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार है, जो हमारे लिए एक आधुनिक, स्थानीयकृत एंड्रॉइड ऐप स्टोर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। इतना बड़ा उपभोक्ता बाज़ार होने के बावजूद, ऐप डेवलपर्स को अपने ऐप वितरित करने के लिए हमेशा केवल एक ऐप स्टोर गूगल ऐप स्टोर के साथ काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इंडस ऐपस्टोर को उम्मीद है कि वह ऐप डेवलपरों को गूगल प्लेस्टोर का एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेगा - जो अधिक स्थानीयकृत है और बेहतर ऐप खोज और उपभोक्ता जुड़ाव प्रदान करता है। हम आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, और सभी डेवलपर्स को मेड इन इंडिया ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित करते हैं।' इंडस ऐपस्टोर डेवलपरों को भारतीय एंड्रॉइड बाजार में प्रवेश करने के लिए एक वैकल्पिक वितरण चैनल प्रदान करेगा। यह उन्हें बहुभाषी ऐप खोज के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले उपयोगकर्ता अधिग्रहण में भी सहायता करेगा। स्टार्टअप और नए ऐप लॉन्च के लिए इंडस ऐपस्टोर के पास एक समर्पित गंतव्य 'लॉन्च पैड' होगा जो इन नए ऐप को बेहतर दृश्यता के साथ-साथ सर्वोत्तम खोज परिणाम भी देगा।

## सार संक्षेप

### मिनोशा ने लांच लेज़र प्रिंटरों की स्मार्ट रेंज

**नई दिल्ली।** रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटरों की नयी रेंज पेश की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं: मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलने, उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। ये प्रिंटर में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। उसने कहा कि ये प्रिंटर उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं। नवीनता, बहुपयोगिता और सुरक्षा पर निरंतर फोकस के साथ मिनोशा इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत में व्यवसायों की गतिशील ज़रूरतों से आगे बढ़कर डिजाइन किये गए ऑफिस प्रिंटिंग समाधानों का एक नया युग आरम्भ कर रही है। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनरों का मजबूत नेटवर्क शामिल है।

### माइप्रोटीन ने लांच किया बटरस्कॉच फ्लेवर व्हे प्रोटीन

नई दिल्ली। ऑनलाइन न्यूट्रिशन ब्रांड माइप्रोटीन ने भारतीय ग्राहकों के लिए केवेंटर्स बटरस्कॉच फ्लेवर्ड व्हे प्रोटीन के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि इस नए फ्लेवर का लक्ष्य भारत की फिटनेस कम्युनिटी की जरूरतों को पूरा करना है। उन्हें अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने के साथ ही पुराने दिनों की याद दिलाने के साथ ही नए फ्लेवर का आनंद उठाने में सक्षम बनाएगा। नया व्हे प्रोटीन यादों को संजोने और सेहत को लेकर सजग विकल्प अपनाने में मदद करता है। यह स्वाद से भरपूर प्रोडक्ट लोगों को उनके पोषण संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने में सशक्त करता है और उन्हें स्वाद से भी कोई समझौता नहीं करना पड़ता।


### जेके टायर उत्तर प्रदेश में विस्तार के लिए तैयार

**लखनऊ।** देश के प्रमुख टायर निर्माता जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया है। राज्य में कंपनी की योजनाओं के बारे में बात करते हुए जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के प्रेसीडेंट अनुज कथूरिया ने कहा, 'उत्तर प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहां हर सेगमेन्ट में उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के साथ विकास की अपार संभावनाएं हैं। हम क्षेत्र में बाज़ार की बदलती ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक प्रोडक्ट्स लाकर राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हम क्षेत्र के आर्थिक, बुनियादी विकास के मद्देनज़र प्रगति को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं ताकि समुदाय और हमारे कारोबार दोनों को लाभ हो।'

# सेंसेक्स और निफ्टी सपाट

**मुंबई,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक तक की तेजी के बावजूद इंफोसिस, एसबीआई, रिलायंस और टाटा मोटर्स समेत 15 अन्य कंपनियों में करीब डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट से आज सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ सपाट रहे। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 14.54 अंक बढ़कर 66023.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19674.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.46 प्रतिशत उछलकर 32,094.28 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 37,101.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3946 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1872 में लिवाली जबकि 1904 में बिकवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 24 कंपनियों में तेजी जबकि 25 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.23, सीडी 0.09, एफएमसीजी 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.46, हेल्थकेयर 0.13, बैंकिंग 0.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.43, धातु 0.11 और रियल्टी समूह के शेयर 1.56 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 0.64, हांगकांग का हैंगसेंग 1.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान के निक्केई में 0.85 प्रतिशत की तेजी रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 74 अंक चढ़कर 66,082.99 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,764.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,225.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद फिर बिकवाली का दबाव बढ़ने से अंत में यह पिछले दिवस के 66,009.15 अंक के मुकाबले 0.02 प्रतिशत बढ़कर 66,023.69 अंक पर सपाट बंद हुआ।

निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,678.20 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,601.55 अंक के निचले जबकि 19,734.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.25 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 19,674.55 अंक पर सपाट रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फाइनेंस 4.64, बजाज फिनसर्व 2.23, कोटक बैंक 1.60, एशियन पेंट 1.44, अल्ट्रासिमको 0.92, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.72, एनटीपीसी 0.69, आईसीआईसीआई बैंक 0.65, टाटा स्टील 0.51, मारुति 0.45, नेस्ले इंडिया 0.42, टाइटन 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.16 और एक्सिस बैंक 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंफोसिस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, विप्रो 1.10, टीसीएस 0.70, एसबीआई 0.67, सन फार्मा 0.67, इंडसइंड बैंक 0.65, एचसीएल टेक 0.62, रिलायंस 0.59, एलटी 0.54, टाटा मोटर्स 0.40, टेक महिंद्रा 0.38, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.24, आईटीसी 0.14, भारती एयरटेल 0.13 और पावरग्रिड ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## 81 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाइन त्योहारी खरीद की तैयारी में

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में खरीददारी की तैयारी कर रहे लोगों में से अधिकांश से ऑनलाइन खरीददारी करने की इच्छा व्यक्त की है। नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है। 78 प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक बड़े संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतर ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं।



इस रिपोर्ट में ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री प्रबंधक मनीष तिवारी ने कहा, 'त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित हैं, और इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 'अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल' 2023' पूरे भारत में उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध खरीदारी अनुभव, अविश्वसनीय कीमतें, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और उत्पादों का संग्रह और सुविधाएं पेश करेगा।

# इलेक्ट्रिक गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है नवाबों का शहर!

**लखनऊ,** 25 सितंबर(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (एमो) हुआ है। कंपनी की ओर से दावा किया गया है कि इसे 18 माह में धरातल पर उतार देंगे। अगर ऐसा हुआ तो जानकर बताते हैं कि नवाबों का शहर इलेक्ट्रिक गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है। जानकर बताते हैं कि अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटर सिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई

उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक करार हुआ




लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर ही लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

एमओयू के तहत अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी पर केंद्रित एक एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित करेगा, जो राज्य में अशोक लेलैंड का पहला संयंत्र होगा। साझेदारी के तहत, अशोक लेलैंड मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें वर्तमान में उपलब्ध ईंधन के साथ-साथ उभरते वैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित अन्य वाहनों को भी असेंबल करने की सुविधा होगी। अशोक लीलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह नवीन इकाई आगामी 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम आने वाले वर्षों में कंपनी डीजल बसों और वाणिज्यिक वाहनों के अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदलने की योजना पर काम कर रहे हैं। एसआरएम टाटा मोटर्स के सेल्स हेड अमित श्रीवास्तव कहते हैं कि कोई भी उद्योग निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। हिंदुजा की इकाई लगने से कई लाभ लोगों को मिलेंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसे ही वाहनों पर है। आटो क्षेत्र के विशेषज्ञ बताते हैं कि किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (एमो) हुआ। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के बाद से सर्वाधिक तेजी से उभरे सेक्टर्स में ऑटो इंडस्ट्री ही है। आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है।

# खेल जगत

## 'किसी भी नंबर पर खेलने को तैयार हूं': श्रेयस अय्यर



**इंदौर**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यक्रम के भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने विश्व कप से पहले अपनी वनडे साख के बारे में एक शानदार बयान दिया, जिसमें उन्होंने 105 रन के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शीर्ष स्कोर बनाया। यह साल का उनका पहला और इस प्रारूप में तीसरा शतक है। अय्यर, जो पीठ की सर्जरी के कारण काफी समय से एक्शन से दूर थे और जब उन्होंने एशिया कप में वापसी की तो एक बार उन्हें उनकी इंजरी ने परेशान किया जिसके कारण वो वहां भी कई मुकाबले से चूक गए। हालांकि, वर्ल्ड कप टीम में शामिल श्रेयस अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। अपनी पारी के बारे में बात करते हुए, अय्यर ने कहा कि वह खुद से कहते रहे कि फिटनेस के मोर्चे पर पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं और केएल राहुल और ईशान किशन जैसे अन्य दावेदारों को देखते हुए उन्हें अपने खिलाफ प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ना होगा। श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं खुद से कहता रहता हूं कि प्रतिस्पर्धा मुझे खुद से है।

# टाइटस साधू की गेंद के कहर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण

## भारत ने श्रीलंका को रोमांचक फाइनल में दी 19 रन से शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। 18 बरस की नौजवान तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) के गेंद से कहर तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की दूसरी विकेट की 73 रन की भागीदारी की बदौलत भारत की महिला क्रिकेट ने टीम ने श्रीलंका को झांगजू (चीन) में एशियाई खेलों के कम स्कोर वाले रोमांचक फाइनल में सोमवार को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। साधू का गेंदबाजी विश्लेषण रहा 4-2-6-3। इसी के साथ टाइटस साधू ने साबित किया कि वह वाकई बड़े मंच पर बड़ा प्रदर्शन करने का दम रखती हैं। बंगाल की नौजवान गेंदबाज टाइटस साधू (2/6) ने गेंद से कमाल कर इस साल जनवरी में पोशे स्टॉर्म (दक्षिण अफ्रीका ) में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले आईसीसी टी-20 महिला अंडर-19 क्रिकेट फाइनल में सात विकेट से जीत दिला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, भारत की तेज गेंदबाज टाइटस साधू ने हांगजू में जिजीयांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी की धीमी पिच पर भी अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर श्रीलंका की विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज अनुष्का संजीवनी के कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों मिड विकेट पर कैच कराने के बाद चौथी गेंद पर विष्मी गुणरत्ने को बोल्ड किया और फिर अपने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर खतरनाक दिखती कप्तान सलामी बल्लेबाज कप्तान चमरी अट्टापट्टू (12 रन, 12 गेंद, एक छक्का, एक छक्का) को एक्स्ट्रा कवर पर दीप्ति शर्मा के हाथों कैच कर उसका चार ओवर में उसका स्कोर तीन विकेट पर 14 रन कर उसकी पारी को शुरू में ही ऐसा बिखेरा वह संभल ही नहीं पाई। दो मैचों के प्रतिबंध के बाद वापसी करने वाली हरमनप्रीत कौर का यह फाइनल भारत की कप्तान के रूप में सौवां टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच था। हरमनप्रीत कौर ने अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता राष्ट्रमंडल खेलों और टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार की कसक जरूर कुछ कम कर दिया।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत की पारी का संभल कर आगाज किया। शैफाली (9 रन, 15गेंद, 1 चौका) बाएं हाथ की स्पिनर की सुगंधिका कुमारी की गेंद को उड़ाने के फेर में हवा में मात खा गई और विकेटकीपर संजीवनी ने उन्हें स्टंप कर दिया और भारत ने पहला विकेट 16 रन पर खोया। स्मृति मंधाना (46 रन, 45 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (42 रन, 40 गेंद, 5 चौके) जरूरत से ज्यादा सतर्कता से खेली। स्मृति मंधाना ने पारी के 15 वें ओवर में श्रीलंका की बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा की गेंद को उड़ाने की कोशिश की लेकिन उनके बल्ले का बाहरी लेकर उछली गेंद को शॉर्ट फाइन लेग प्रबोधिनी ने उनका कैच कर उनकी बढ़िया पारी और दूसरे विकेट की 73 रन की भागीदारी को क्या तोड़ा की भारत के विकेट की झड़ी ही लग गई। तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (2/20) ने जवाबी हमला बोलने के अंदाज मे उतरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली हसिनी परेरा (25 रन, 22 गेंद एक छक्का, चार चौके) को स्लॉग स्वीप करने पर मजबूर कर उन्हें पूजा वस्त्रकार के हाथों पारी के दसवें ओवर में कैच करा आउट उनकी और नीलाक्षी डिसिल्वा (23 रन,34 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की 36 रन की भागीदारी को तोड़ कर श्रीलंका स्कोर चार विकेट पर 50 रन करने के बाद उसकी पारी पर ब्रेक लगा उसे निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन पर रोक कर भारत को फाइनल जिताने के साथ स्वर्ण पदक भी जिता दिया। परेरा ने आउट होने से पहले राजेश्वरी गायकवाड़ के एक ओवर में एक चौके व एक छक्के सहित तथा पूजा वस्त्रकार के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ने के साथ 12-12 रन बनाए थे। नीलाक्षी डिसिल्वा पारी के 17 वें ओवर में बेवजह तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार की गेंद को स्कूप करने के फेर में बोल्ड हो गई और श्रीलंका ने पांचवां विकेट 78 रन पर खोया। नीलाक्षी ने आउट होने से पूर्व पांचवें विकेट के लिए ओशादी रणसिंघे (19 रन, 26 गेंद, 2 चौके) के साथ 28 रन जोड़े थे। ओशादी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद को उड़ाने के फेर में टाइटस साधू को पारी के 18 वे ओवर कैच थमा आउट हुई और श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 86 रन हो गया। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने अंतिम पूर्व ओवर में कविशा दिलहारी (5) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने अंतिम व 20 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सुगंधिका कुमारी को विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच करा उसका स्कोर आठ विकेट पर 97 रन कर और अगली पर कोई रन नहीं और भारत ने मैच जीत लिया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में दबदबा बनाए रखने के मकसद से उतरेगी




**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू (चीन) एशियाई खेलों मे उज्बेकिस्तान को रविवार को 16-0 से धोने के बाद अब एक मंगलवार को पूल ए में अपने दूसरे मैच में एक और कमजोर टीम सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपना दबदबा जारी रखने की होगी। सिंगापुर की टीम अपना पहला मैच पाकिस्तान से 0-11 से हारने के बाद मंगलवार को एफआईएच रैंकिंग में भारत के खिलाफ खेलने उतरेगी। भारत की टीम इससे पहले जब 2012 में जब दिल्ली मे

**भारत का मंगलवार को मुकाबला सिंगापुर से**

सिंगापुर में भिड़ी तब उसे 15-1 से करारी शिकस्त दी थी।भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मालूम है कि मंगलवार के बाद उसके लिए हर अगला मैच और चुनौतीपूर्ण होगा। भारतीय हॉकी टीम के लिए संदेश साफ है एशियाई खेलों में शिद्दत से खेल भारतरीय हॉकी की विरासत को आगे बढ़ाना। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सिंगापुर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमारे एशियाई खेलों में अपना अभियान दमदार ढंग से शुरु किया लेकिन हम यह जानते हैं कि हर मैच की एक अलग चुनौती होती है। हम हांगजू एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने के मकसद से आए हैं।' भारत की पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह की राय से इत्तफाक जताते हुए कहा, 'हालांकि हमने पहले मैच में प्रभावी जीत दर्ज की लेकिन हमारा फोकस हमेशा अगले मैच पर रहता है। हम अपना बढिया प्रदर्शन जारी रखते हुए अपनी रणनीति को और दुरुस्त करने के मकसद से उतरेंगे। हर मैच सीखने और टीम के रूप में आगे बढने् का मौका है।'

# मैच फिक्सिंग के आरोप में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके को मिली जमानत



- कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी
- मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था

**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मैच फिक्सिंग मामले में श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को सोमवार को कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी है। इससे पहेल उन्हें मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, वह 12 दिसंबर, 2023 को फिर से अदालत में पेश होंगे। पिछले महीने अटॉर्नी जनरल (एजी) द्वारा एसआईयू को पूर्व ऑफ स्पिनर के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के निर्देश के बाद कोलंबो मजिस्ट्रेट ने 38 वर्षीय खिलाड़ी पर तीन महीने के लिए विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। सेनानायके पर आरोप है कि उन्होंने 2020 में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण में मैच फिक्स करने के लिए दुबई से टेलीफोन के जरिए दो क्रिकेटरों से संपर्क किया था। 2019 में खेल से संबंधित अपराधों की रोकथाम के तहत श्रीलंका में खेलों में भ्रष्टाचार को दंडनीय आपराधिक अपराध बनाए जाने के बाद यह सबसे पहला मामला है।

# रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य

## भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता

**हांगझोऊ**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया। सोमवार को जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार और आशीष के भारतीय कॉक्सलेस फोर ने 6:10.81 समय के साथ उज्बेकिस्तान और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय दूसरे स्थान पर मजबूती से आगे बढ़े रहे थे लेकिन अंतिम कुछ क्षणों में चीन ने बाजी मार ली और रजत पदक हासिल कर लिया। फूयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में सोमवार को दूसरा कांस्य पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में आया, जिसमें सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह की भारतीय नाव 6:06.61 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। चीन ने 6:02.65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान ने :04.64 के समय के साथ रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता पांच पदकों के साथ समाप्त की। उसने रविवार को अंतिम दिन तीन पदक जीते थे - दो रजत और एक कांस्य।




■ भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया

## पिता के नक्शेकदम पर चलकर भारत के लिए कांस्य जीतकर खुश हैं रोवर परमिंदर सिंह

भारतीय नाविक परमिंदर सिंह पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में छठे स्थान पर रहने के बाद निराश होकर लौटे

**हांगझोऊ**। भारतीय नाविक परमिंदर सिंह पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में छठे स्थान पर रहने के बाद निराश होकर लौटे हैं। परमिंदर और उनके साथी सतनाम सिंह को दूसरे स्थान पर रखा गया था। हालांकि, बाद में वे छठे और आखिरी स्थान पर आ गए। उन्हें लगा कि एशियाई खेलों में पदक जीतने और अपने पिता इंद्रपाल सिंह का अनुकरण करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्हें चार साल और इंतजार करना पड़ सकता है, जिन्होंने 2002 में बुसान एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन भारतीय नौसेना में 23 वर्षीय ऑफिसर ने हिम्मत नहीं हारी और सोमवार को पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया। परमिंदर ने अपने पिता के नक्शे-कदम पर चलते हुए एशियाई खेलों में पदक जीता, इसके 21 साल बाद इंद्रपाल सिंह ने बुसान 2002 में पुरुष कॉक्सलेस फोर में कांस्य पदक जीता था।

# भारत ने हांग्झोऊ में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता

## भारत ने 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता

**हांग्झोऊ**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने यहां 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ गौरव हासिल किया। भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, जिन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था, ने 632.5 अंक हासिल किए, पंवार ने 629.6 अंक का योगदान दिया और तोमर ने स्कोर में



631.6 अंक जोड़कर टीम प्रतियोगिता में कुल 1893.7 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कोरिया गणराज्य ने 1890.1 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और मेजबान चीन ने 1888.2 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इस साल अगस्त में बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में चीनियों द्वारा बनाए गए 1983.3 के विश्व रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 1893.7 के कुल स्कोर पर शानदार शॉट लगाया। 10 शॉट के पहले राउंड की समाप्ति पर भारत 313.7 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर था जबकि चीन 315.0 के साथ बढ़त बना ली थी। कोरिया ने 311.3 के स्कोर के साथ शुरुआत की, जापान और बांग्लादेश क्रमशः 313.1 और 313.3 के साथ उनसे आगे रहे। भारत ने दूसरे राउंड में 315.9 का स्कोर किया और फिर अगले तीन राउंड में 313.7, 315.9, 318.7 और 315.8 के स्कोर के साथ मजबूती से आगे बढ़ा और स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा।

# व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण नहीं जीत पाने से निराश हूं: ऐश्वर्य



**हांगझोऊ**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतना भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के लिए काफी नहीं रहा। 10 मीटर एयर राइफल टीम प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ दिव्यांश पंवार और रुद्राक्ष पाटिल सहित भारतीय टीम की जीत पक्की करने के बाद, तोमर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में टीम के साथी रुद्राक्ष पाटिल को हराकर कांस्य पदक जीता। हालांकि, मध्य प्रदेश का 22 वर्षीय खिलाड़ी व्यक्तिगत प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने से निराश है। तोमर ने फाइनल के बाद कहा, 'मैं थोड़ा निराश हूं क्योंकि मैं व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने विश्व रिकॉर्ड के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता। शुरुआती दिन दो पदक जीतना हमेशा मनोबल बढ़ाने वाला होता है। मैं अब 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में और अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरूंगा। मुझे उस स्पर्धा में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।' 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अपने साथियों के बारे में तोमर ने कहा कि दिव्यांश पंवार और रुद्राक्ष पाटिल दोनों परफेक्ट एथलीट हैं। अपने पिता को देखकर कम उम्र में ही शूटिंग शुरू करने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कहा, 'अभी मेरा एक और मुकाबला है। इसलिए, जश्न के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन घर वापस जाने के बाद मैं अपने परिवार के साथ एक बड़ा जश्न मनाऊंगा' एशियाई खेलों के बाद, तोमर अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर लगाएंगे जिसमें उनके साथी रुद्राक्ष पाटिल पहले ही देश के लिए कोटा स्थान हासिल कर चुके हैं।

# तीसरे वनडे में भी नहीं खेलेंगे अक्षर पटेल, गिल-शार्दुल भी टीम से बाहर

**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप में बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव से उबर रहे अक्षर पटेल 27 सितंबर को राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्षर पटेल तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल होने के लिए फिट नहीं हुए हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं। अक्षर का अभी तक भारतीय टीम में शामिल नहीं होने का मतलब है कि इससे रविचंद्रन अश्विन के विश्व कप टीम में शामिल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं, लेकिन रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ऐसे संकेत हैं कि अक्षर विश्व कप



अभ्यास मैचों तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे। वहीं, रिपोर्ट्स के अनुसार शुभमन गिल और शार्दुल ठाकुर को राजकोट वनडे से आराम दिया गया है। इसमें कहा गया है, 'दोनों खिलाड़ियों में से कोई भी इंदौर से राजकोट की यात्रा नहीं करेगा।' भारत, जिसके पास पहले से ही तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है। वो राजकोट में तीसरे वनडे के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या की वापसी से पूरी स्ट्रेंथ के साथ क्लीन स्वीप करना चाहेगी। चेन्नई में 8 अक्टूबर को विश्व कप के अपने पहले मैच से पहले यह दोनों टीमों के लिए अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

## गेंदबाजों की दरियादिली ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का विषय

**इंदौर**। पांच अक्टूबर को शुरू होने से क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज़ों का लचर प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिये चिंता का सबब बना हुआ है। हाल में संपन्न दक्षिण अफ्रीका सीरीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैचों में आस्ट्रेलिया गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा है। रविवार को इंदौर में भारतीय बल्लेबाज़ों ने उनकी जमकर पिटाई की और ऑस्ट्रेलिया को लगातार पांचवीं बार वनडे में हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 399 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। इससे पहले साउथ अफरीका ने लगातार वनडे मैचों में 416, 338 और 315 के स्कोर बनाए थे। इन चार मैचों में से तीन में खेले शॉन ऐबट ने भारत के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में 10 ओवर में 91 रन ख़र्च किए थे। ऐबट ने कहा, 'हमने एग्ज़िक्यूशन में लगातार गलतियां की हैं। यह कहना आसान है कि हम ऐसी हार से सीखेंगे और ख़ुद को बेहतर बनाएंगे, लेकिन हमें एक्ज़िक्युट बेहतर करना ही होगा।

# विश्व कप 2023 के ओपनिंग मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन



**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरीरष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की, कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप के पहले मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। साल 2019 में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल मैच का रिप्ले देखने का मौका फैंस को मिलने वाला है, क्योंकि वर्ल्ड कप- 2023 में इंग्लैंड-न्यूजीलैंड ग्रुप स्टेज क्लैश के लिए मंच तैयार है। इस मैच के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। उनके साथ टीवी अंपायर पॉल विल्सन, चौथे अंपायर शाहिद सैकत और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ शामिल होंगे। 39 साल के मेनन, जो मेज़बान देश भारत से हैं वो टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के अंपायर होंगे। साथ ही शाहिद, अहसान रज़ा, एड्रियन होल्डस्टॉक, व्हार्फ और क्रिस ब्राउन के साथ पुरुष वनडे विश्व कप में डेब्यू कर रहे हैं। धर्मसेना ने 2015 में पुरुषों के 50 ओवर के क्रिकेट विश्व कप फाइनल में खेलने और अंपायरिंग करने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास रचा, जबकि मेनन अपने पहले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में अंपायरिंग करेंगे।

## सार संक्षेप

### रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर

**हांगझोऊ**। एशियन गेम्स से पहले लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-I प्लेऑफ में भारत को जीत दिलाने के कुछ दिनों बाद रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी एशियाई खेलों के पुरुष युगल प्रतियोगिता के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। टेनिस में भारत को बड़ा झटका लगा है। पहली वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी को उज्बेकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। बोपन्ना-भांबरी ने मैच को 6-2, 3-6, 6-10 से गंवा दिया। दिविज शरण के साथ 2018 एशियाई खेलों में जकार्ता में पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बोपन्ना शानदार फॉर्म में हैं और इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे थे। इसलिए, शीर्ष भारतीय जोड़ी के शुरुआती दौर में पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन दूसरे सेट के बाद से उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

43 वर्षीय बोपन्ना युगल रैंकिंग में विश्व में सातवें स्थान पर हैं और युकी 65वें स्थान पर हैं। जबकि, फोमिन युगल में 349वें स्थान पर हैं और उनके साथी सुल्तानोव 494वें स्थान पर हैं। कागजों पर आंकड़े देखकर भारतीयों से उम्मीद की गई थी कि वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देंगे, लेकिन उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने शानदार लड़ाई लड़ी और भारत के खिलाफ एक बड़ी जीत दर्ज की।

फेड्रिको डीमार्को ने सीरी ए में इंटर मिलान के बेहतरीन रिकॉर्ड को कायम रखा

### इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की

**रोम**। इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की, जिसमें फेडरिको डिमार्को की शानदार स्ट्राइक ने टीम की जीत पक्की की। नए सीरी ए सीज़न की शुरुआत के बाद से इंटर शीर्ष फॉर्म में है और अपने पहले चार मैचों में चार जीत दर्ज की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एम्पोली को लगातार हार का सामना करना पड़ा। वह अपने पिछले खेलों में स्कोर करने में विफल रही, जिसमें रोमा द्वारा 7-0 से हार भी शामिल थी। पहले हाफ में मेहमान टीम हावी रही लेकिन एम्पोली के डिफेंस को भेद नहीं पाई। 51वें मिनट में इंटर के लिए एक मौका बना और डिमार्को ने इसका पूरा फायाद उठाया और गोल दागा। इस जीत के साथ इंटर 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान से तीन अंक आगे है। अन्य मैचों में रोमा अपनी जीत की लय बरकरार नहीं रख सकी और टोरिनो ने उन्हें 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। रोमेलु लुकाकु के शुरुआती गोल की बराबरी डुवान ज़पाटा ने की।